हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 | खेल

पेरिस ओलंपिक : सात्विक -चिराग को मिला आसान ड्रॉ, वरीयता के साथ पदक पर दांव...



Page 10 | देश

आप से गठबंधन नहीं, बिजली के बढ़े दाम वापस नहीं लिए तो करेंगे प्रदर्शन...



शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 17 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 217 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74, 020 | ₹95,000 |



## आज का इतिहास

- 1947 : भारतीय यात्री जहाज एसएस रामदास को मुंबई के एक तूफान ने तबाह कर दिया, जिसमें 625 लोग मारे गए।
- 1948 : देश में महिलाओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा समेत किसी भी तरह की नागरिक सेवाओं में पात्र घोषित किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### शिक्षक भर्ती-3 परीक्षा की फुल प्रूफ प्लानिंग

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा 19 से 22 जुलाई को होगी। इसे लेकर आयोग ने फुल प्रूफ प्लानिंग की गई है। आयोग के अध्यक्ष रवि मनु भाई परमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि टीयर 3 में नए तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है। चेयरमैन ने यह भी कहा कि पेपर लीक करने वाले चैनल को तुरंत चिह्नित कर लिया जाएगा। पेपर लीक हुआ भी तो उसका विस्तार उसी जिले तक होगा। दूसरे जिले पर असर नहीं पड़ेगा। उदाहरण के लिए नवादा में अगर पेपर लीक होगा तो पूरे राज्य के सभी केंद्रों की परीक्षा रद्द करने की नौबत नहीं आएगी। इसके लिए हर जिले के हिसाब से प्रश्नपत्र सेट किए गए हैं।

### नीट पेपर लीक में सीबीआई ने दो लोगों को को पकड़ा

**नई दिल्ली (ए.)** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी सफलता हासिल की है। जांच एजेंसी ने मंगलवार को इस मामले से जुड़े दो लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें से एक पर आरोप है कि उसने ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के ट्रंक से पेपर चुराया था और फिर उसे लीक कर दिया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान पंकज कुमार और राजू सिंह के तौर पर हुई है। पंकज कुमार पटना का है, जबकि राजू सिंह झारखंड के हजारीबाग का है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार दोनों की पेपर को चुराने और फिर पेपर लीक कर पैसे कमाने में संलिप्तता पाई गई है।

### विधान सभा सत्र 22 से निषेधाज्ञा रहेगी लागू

**नई दिल्ली (ए.)** पटना ( नि.सं. )। विधान सभा सत्र 22 से 26 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान विधान सभा के आस-पास के क्षेत्र में पटना सदर के अनुमंडल पदाधिकारी ने धारा 144 लागू करने का आदेश जारी किया है। सत्र के शुरू होने से लेकर उसकी समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इसके लिए प्रतिबंधित क्षेत्र की सीमाएं निर्धारित की गई हैं।

राज्य के सरकारी स्कूलों में अब पुराने पद्धति से नहीं होगी पढ़ाई

# 60 लाख बच्चे परियोजना आधारित गणित और विज्ञान की करेंगे पढ़ाई

- परियोजना आधारित पढ़ाई से शिक्षण सुगम हो जाएगा और छात्रों को अधिक समझ में आएगा
- ऐसे में एससीईआरटी भी सरकारी स्कूल के कक्षा वार विषयों में बदलाव कर रहा है।



निज संवाददाता | पटना

राज्य के सरकारी स्कूल की कक्षा छठीं से आठवीं तक के 60 लाख बच्चे अब गणित और विज्ञान की प्रोजेक्ट बेस्ड (परियोजना आधारित शिक्षण) पढ़ाई करेंगे। अब पुराने पद्धति से स्कूलों में पढ़ाई नहीं होगी, बल्कि बच्चे गणित और विज्ञान की परियोजना आधारित पढ़ाई करेंगे। एससीईआरटी ने मंगलवार को इसकी शुरुआत की है, इसे शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू कर दिया गया है।

बता दें कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अब परियोजना आधारित पढ़ाई होनी है। ऐसे में एससीईआरटी भी सरकारी स्कूल के कक्षा वार विषयों में बदलाव कर रहा है। परियोजना आधारित पढ़ाई से शिक्षण सुगम हो जाएगा और छात्रों को अधिक समझ में आएगा। इसका उद्घाटन एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर, संयुक्त निदेशक डॉ. रश्मि प्रभा ने मंगलवार को की। मौके पर सभी जिले के कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा शिक्षक समन्वयक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड साधनसेवी के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में 25 हजार से अधिक पदाधिकारी और शिक्षक शामिल हुए। कक्षा छठीं से आठवीं तक विज्ञान और गणित की पढ़ाई अब सहज और सुगम हो जाएगी। इन कक्षाओं के गणित और विज्ञान के अनुरूप परियोजना तैयार की गई है। प्रत्येक माह गणित और विज्ञान के पाठ्यपुस्तकों में से कक्षा छठीं से आठवीं के लिए एक-एक माइक्रो प्रोजेक्ट दीक्षा एप पर अपलोड किया जाएगा, ताकि राज्य के हर विद्यालय तक पहुंचे। प्रत्येक परियोजना के तहत पांच दिनों की गतिविधियां तैयार की गई है। यह सारी गतिविधियां पाठ पुस्तकों पर आधारित होगी।

### हर स्कूल को भेजा जाएगी तमाम गतिविधियां

राज्य के 29 हजार मध्य विद्यालय में यह परियोजना चलायी जाएगी। इसके लिए हर स्कूल में एससीईआरटी अब पांच दिनों की गतिविधि भेजेगी। इस गतिविधि के आधार पर ही स्कूलों में पढ़ाई होगी।

### क्या है परियोजना आधारित शिक्षण

परियोजना आधारित शिक्षण एक विधि है, जहां छात्र वास्तविक दुनिया और व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण और सार्थक परियोजनाओं में शामिल होकर सीखते हैं। दिलचस्प और जटिल सवालों के जवाब देते हैं या पूछताछ, जांच और आलोचनात्मक सोच के जरिये एक समस्या को हल करते हैं।

# वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता की हत्या

निज संवाददाता | दरभंगा

दरभंगा। मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी का शव कमरे में बिस्तर के ऊपर मिला है। उनके दो बेटे और एक बेटी है, लेकिन वे गांव में बने घर में अकेले ही रहते थे। बिहार में विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गई है। मंगलवार की सुबह 70 साल के सहनी का क्षत-विक्षत शव उनके घर से मिला है। घटना दरभंगा के घनश्यामपुर थाना के जीरत गांव की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकेश सहनी मुंबई से पटना पहुंच गए है। यहां से वो दरभंगा के लिए निकल गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में मुकेश सहनी ने कहा कि पिता के हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो। सीएम से बात हुई है, उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

वहीं, एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पटना से एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वॉड समेत जांच के लिए अन्य टीमें दरभंगा के लिए रवाना कर दी गई है। इधर, मुकेश सहनी के मामा ने दावा किया है कि इस हत्याकांड में गांव के लोगों का हाथ है। इससे पहले, मिथिला रेंज के डीआईजी बाबूराम ने कहा कि पुलिस को काफी क्लू मिले हैं। कमरे में टेबल से 3 खाली गिलास मिले हैं। उन्होंने दावा किया है कि 8 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।



पिता जीतन सहनी (फाईल फोटो)

पुलिस ने बताया कि सहनी को धारदार हथियार से हमला करके मारा गया है। उनके घर का सामान भी बिखरा पड़ा मिला है, इस लिहाज से पुलिस का मानना है कि चोरी का विरोध करने पर सहनी का मर्डर किए जाने की आशंका है। हत्या की जांच के लिए एसआईटी बना दी गई है। दरभंगा के एसपी देहात इसे लीड करेंगे। जीतन सहनी गांव में बने घर में अकेले रहते थे। उनके दो बेटे मुकेश और संतोष हैं। मुकेश बिहार के पूर्व पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रह चुके हैं। उनकी एक बेटी भी है, जिसकी शादी हो चुकी है और वह मुंबई में रहती है। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी आरजेडी और कांग्रेस के साथ बिहार में बने महागठबंधन में शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के साथ कई सभाएं की थीं।

इसके अलावा मुकेश सहनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मेरे पिता जी की बेरहमी से अपराधियों ने हत्या कर दी है। पिताजी को इतनी क्रूरता से मारा गया कि शब्दों में बयां करना मुश्किल है। उनका खून हमारे घर की दीवारों पर लगा हुआ है। यह घटना हमारे पूरे परिवार के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और असहनीय है।

### निषाद समाज के लिए यह दिन 'काला दिवस' : मुकेश सहनी

सहनी ने कहा कि निषाद समाज के लिए यह दिन 'काला दिवस' के रूप में जाना जाएगा, लेकिन यह हमें डरा नहीं सकता। हम बिहार सरकार से आग्रह करते हैं कि वह जल्द से जल्द इस घटना की जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार शाम 7 बजे दरभंगा जिले के सुपौल बिरौल बाजार में दाह संस्कार कार्यक्रम होगा।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा और रीढ़ : चौहान

एजेंसी | नयी दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा और किसान को रीढ़ करार देते हुए कहा कि देश में सीमांत किसानों और छोटी जोत के किसानों के लिए "मॉडल फॉर्म " बनाने की ज़रूरत है। श्री चौहान ने मंगलवार को यहां 96वें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) स्थापना एवं प्रौद्योगिकी दिवस 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है। किसान एवं खेती प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषि विविधिकरण से किसानों की खेती में आय बढ़ाना संभव है और सरकार इसी संकल्प के साथ काम कर रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं राम नाथ ठाकुर, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक (आईसीएआर) हिमांशु पाठक भी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में छह की हुई मौत, कई जख्मी

निजसंवाददाता



**नरहट (नवादा)।** नवादा में एक बड़ा हादसा हुआ है। खुशियों का माहौल अचानक गम में तब्दील हो गया। मुंडन संस्कार कार्य के लिए स्कार्पियो पर सवार होकर बाढ़ जा रहे जिले के नरहट प्रखण्ड के हमीदपुर बारा और हिसुआ प्रखण्ड के कहरिया बेलदरिया दो गांवों के कूल छह लोग की दुर्घटना में मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन लोग जख्मी बताए जा रहे हैं। सभी लोग अपने नाते रिस्तेदारों के साथ मुंडन के लिए बाढ़ जा रहे थे। घटना के बाद दोनों गांवों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। यह घटना बख्तियारपुर के पास हुआ है,जहां नवादा के नरहट प्रखंड के हमीदपुर बारा ग्राम से जा रही एक स्कॉर्पियो ने बख्तियारपुर के मानसरोवर पंप के पास खड़ी हाइवा में पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जिले के हिसुआ एवं नरहट थानाक्षेत्र के दो गांवों के कुल छह लोगों की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना पटना जिले के बख्तियारपुर–बिहारशरीफ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर सोमवार की देर रात्रि हुई है। वहीं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों के अंत्यपरीक्षण कराया है। जिसके बाद परिजनों द्वारा मृतकों का शव को नवादा जिला के पैतृक गांव लाया गया। शव को गांव पहुचते ही स्वजनों के करुण क्रंदन से सब की आंखे नम हो गई।

जानकारी के अनुसार नवादा जिले के नरहट थानाक्षेत्र के हमीदपुर बारा निवासी मुकेश कुमार के पुत्र हीरालाल का बाढ़ के उमानाथ मंदिर में मुंडन संस्कसर के लिए सभी स्वजन दो निजी वाहन से जा रहे थे। इसी बीच आगे चल रही स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाद में पीछे से आ रही बलोरो में सवार परिवार वालों ने सभी को इलाज के लिए पुलिस के सहयोग से भर्ती कराया। इस दुर्घटना में हिसुआ थानाक्षेत्र के कहरिया बेलदरिया ग्राम के नीरज कुमार 25 वर्ष एवं उनकी फुआ फुलवा देवी 52 वर्ष एवं कमला देवी लगभग 55 वर्ष शामिल है वहीं हमीदपुर बारा ग्राम के मृतक रिशु कुमारी 5 वर्ष, पार्वती देवी 50 वर्ष और निर्मला देवी 50 वर्ष शामिल है। इस दुर्घटना में आधा दर्जन लोग जख्मी भी बताया गया है। घटना की जानकारी के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# देश में ही बनाये जाने वाले रक्षा उत्पादों की पांचवीं सूची की जारी

**नई दिल्ली(ए.)।** रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढावा देने तथा आयात पर निर्भरता को लगातार कम करने के सिलसिले को जारी रखते हुए भविष्य में देश में ही बनाये जाने वाले 346 रक्षा उत्पादों की पांचवीं सूची मंगलवार को यहां अधिसूचित कर दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इनमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम,सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली, कलपुर्जे और उपकरण तथा कच्चे माल शामिल हैं, जिनका आयात मूल्य 1,048 करोड़ रुपये है। भविष्य में इन उत्पादों की खरीद केवल देश से ही की जायेगी। रक्षा मंत्रालय इससे पहले भी 4666 रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण की चार सूची जारी कर चुका है।

# दस न्यायाधीशों को दी गई नई जिम्मेदारी

**पटना (नि.सं.)।** राज्य सरकार ने 10 न्यायाधीशों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। किशनगंज के जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय अग्रवाल का स्थानांतरण करते हुए समस्तीपुर के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के पद पर तैनात किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। विधि विभाग की अपर सचिव-सह-अपर विधि परामर्शी उर्मिलजीत कौर को किशनगंज के परिवार न्यायालय का प्रधान न्यायाधीश बनाया गया है।

# देशभर में पशुओं की गणना अक्टूबर से शुरू होने की संभावना

निज संवाददाता | पटना



देशभर में पशुओं की गणना अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। 21वीं पशुगणना के लिए सॉफ्टवेयर अगस्त तक तैयार हो जाएगा। इस दौरान अंतिम रूप से इसका परीक्षण भी पूरा कर लिया जाएगा। बिहार में पशुगणना के लिए अधिकारियों और गणनाकर्मियों को प्रशिक्षण सितंबर तक पूरा हो जाएगा। उम्मीद है कि दिसंबर तक राज्य में पशुगणना कर ली जाएगी। इसकी रिपोर्ट अप्रैल 2025 तक प्रकाशित की जाएगी।

बिहार में 2 करोड़ 60 लाख 71 हजार घरों में जाकर पालतू पशुओं की गिनती की जाएगी। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में 2 करोड़ 25 लाख 40 हजार घरों और शहरी क्षेत्र के 35 लाख 31 हजार घरों में प्रगणक (गणना करने वाले) जाएंगे। गणना के समय ही पशुओं के नस्ल की भी जानकारी ली जाएगी। 10 हजार से अधिक कर्मी पशुगणना कार्य में लगाए जाएंगे। इनमें 8400 से अधिक प्रगणक और 1600 से अधिक पर्यवेक्षक होंगे। पिछले दिनों दिल्ली में पशुगणना के लिए सभी राज्यों के अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया था। अब केंद्र के निर्देश के बाद राज्य में पशुगणना की गतिविधि बढ़ेंगी। 20 जुलाई से बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड सहित पूर्वी राज्यों के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। भारत में पहली पशुगणना 1919 में हुई थी। प्रत्येक पांच वर्ष पर पशुगणना होती है। पिछली बार 20वीं पशुगणना 2017 में शुरू हुई था, लेकिन देरी के कारण 2019 में रिपोर्ट जारी की गई। इसके पहले 19वीं पशुगणना 2012 में हुई थी।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला, कैप्टन समेत पांच जवान शहीद

एजेंसी | श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के डेसा में आतंकियों की फायरिंग में सेना के कैप्टन समेत 4 जवान शहीद हो गए। एक पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है। यानी कुल 5 लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय रायफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस यहां सोमवार से ही सर्च ऑपरेशन चला रही थी। सर्चिंग के दौरान आतंकी फायरिंग करते हुए भागे। घना जंगल होने की वजह से वे बच निकले। सोमवार रात 9 बजे के आसपास फिर गोलीबारी हुई। इसमें 5 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहीद हुए राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों में कैप्टन बृजेश थापा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के और सिपाही बृजेंद्र, सिपाही अजय राजस्थान के झुंझुनूं के रहने वाले थे। नायक डी राजेश की जानकारी सामने नहीं आई है।



शहीद कैप्टन बृजेश थापा | शहीद सिपाही अजय सिंह | शहीद सिपाही बृजेंद्र सिंह

# मुकेश सहनी के पिता की हत्या की जांच एसआईटी तयसीमा में करें : ऋतुराज

निज संवाददाता

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी जी के पिताजी की निर्मम हत्या की कठोर निंदा करते हुए बिहार सरकार से एसआईटी को तय सीमा के अंदर जांच कर अपराधियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मैं इस घटना से पूरी तरह स्तब्ध हूं, इस तरह के जघन्य अपराध को सुशासन की सरकार में कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। मेरी सहनी जी के शोकाकुल परिवार के साथ संवेदना है। ईश्वर से मेरी कामना है कि इस दुख की घड़ी में सहनी जी के परिवार को हिम्मत दे एवं आत्मा को शांति प्रदान करे। श्री सिन्हा ने कहा कि इस जघन्य अपराध की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए बिहार सरकार ने त्वरित करवाई करते हुए एसआईटी का गठन किया है। श्री सहनी बिहार के प्रतिष्ठित नेता है और जिस तरह संघर्ष करके वे अपने समाज के बड़े नेता बने है जाहिर सी बात है उन्हे और उनके परिवार की सुरक्षा की जिम्मेवारी बिहार सरकार होनी चाहिए थी। श्री सिन्हा ने इस घटना पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह हम सबके लिए चिंता का विषय है। क्योंकि बिहार में बड़ी तादाद में लोग आजीविका के लिए बाहर के राज्यों और दूसरे देशों में रहते है और उनके परिवार के बुजुर्ग माता-पिता घर में अकेले रहते है। ऐसे में इस तरह के अपराध हम सबके लिए चिंतनीय है उनकी सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार को समुचित कदम उठाने चाहिए।




बिहार सरकार

## संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर वर्ष का पहला महीना है। मुहर्रम की 10वीं तारीख हजरत इमाम हुसैन की उस शहादत की याद दिलाती है जो सच्चाई और ईमान के रास्ते पर चलते हुये नफरत और जुल्म के खिलाफ हुई थी। वस्तुतः इस अवसर पर त्याग, बलिदान, धर्म और अपने सिद्धांतों के लिए शहीद होने वालों के प्रति श्रद्धा–भक्ति प्रकट कर उनकी पावन स्मृति को ताजा किया जाता है और यह सन्देश दिया जाता है कि त्याग–बलिदान और निष्ठा का मार्ग ही सन्मार्ग है। मुहर्रम हमें सच्चाई की राह पर चलते हुए हर तरह की कुर्बानी देने की प्रेरणा भी देता है।

इस मौके पर प्रदेशवासियों से मेरी गुजारिश है कि शांति के साथ इसे मनायें तथा समाज में सद्भाव एवं अमन चैन बनाये रखें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 003606 (Home)D. 2024-25


पांच लाख टीचर की नजर बिहार सरकार की नई नीति पर

# 40 से कम उम्र के शिक्षकों की दूर होगी पोस्टिंग, 5 कैटेगरी में बांटे जाएंगे स्कूल

निज संवाददाता | पटना

बिहार में शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर शिक्षा विभाग ने कमेटी बनाई है। कमेटी इसको लेकर प्रस्ताव तैयार कर रही है। जानकारी के मुताबिक 40 साल से कम उम्र के शिक्षकों को पोस्टिंग सुदूर इलाकों में की जाएगी। भौगोलिक आधार पर स्कूलों का पांच कैटेगरी में बांटे जाएंगे। इसी आधार पर ट्रांसफर पोस्टिंग होगी। असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षक और शिक्षक दंपती को राहत दी जाएगी। इसके साथ ही दिव्यांग और महिला शिक्षक को भी राहत मिलेगी। बिहार के करीब 5 लाख शिक्षकों की नजर ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर सरकार की तरफ से बनाई जा रही नई नीति पर है। कमेटी शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर नीति बना रही है।

### बिहार में चार कैडर के शिक्षक

बिहार सरकार के स्कूलों में फिलहाल चार कैडर के शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सबसे पहला कैडर ग्रेड पे वाले। वैसे शिक्षक आते हैं जिन्होंने ग्रेड पे पर जॉइन किया है। इनकी संख्या अब काफी कम बची है। ट्रांसफर पॉलिसी सरकार के पास है। ग्रेड पे वाले शिक्षक बिहार के किसी भी स्कूलों में तबादला किया जा सकता है। जिले के अंदर जिला शिक्षा पदाधिकारी तबादला करते रहें हैं।

### दूसरा कैडर नियोजित शिक्षक

बिहार सरकार ने नियोजन के सहारे शिक्षकों को बहाली की नियोजित शिक्षक को लेकर सरकार के पास ट्रांसफर पॉलिसी नहीं है।

### तीसरा कैडर बीपीएससी

बिहार सरकार में 2023 और 2024 में बीपीएससी द्वारा शिक्षकों को नियुक्ति कराई है। टीयर 1 और टीयर 2 से बीपीएससी शिक्षक चुनकर आए हैं। इनके तबादले का अधिकार सरकार के पास है। नियुक्ति नियमावली में कहा गया है कि बिहार के किसी भी स्कूलों में इनका ट्रांसफर किया जा सकता है।

### विशिष्ट शिक्षक कैडर

बिहार सरकार ने विशिष्ट शिक्षक का कैडर बनाया है। इस कैडर में वैसे शिक्षक शामिल होंगे जो सक्षमता परीक्षा पास करेंगे। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा विशिष्ट शिक्षक बनने पर ही मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### समारोह आयोजित कर नये बीडीओ का हुआ स्वागत व पुराने को दी गई विदाई

**वजीरगंज**। प्रखंड मुख्यालय स्थित डीएस काम्पलेक्स में समारोह का आयोजन कर नये बीडीओ का स्वागत एवं पुराने बीडीओ को विदाई दी गई। मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं मुख्यालय कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी रामनरेश प्रसाद सिंह ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार वर्मा, सीओ निशा आनंद, बीपीआरओ कुमार गौरव एवं अन्य ने कहा कि हमलोगों ने जितना भी समय साथ कार्य किया है। वह बहुत ही सरल रहा है। हाल में लोकसभा चुनाव के दौरान हमलोगों ने इनकी कार्य कुशलता देखी है और इच्छा थी की इनका साथ ऐसा ही बना रहे। लेकिन, विभागीय निर्देशों का पालन करना भी जरुरी है, ये जहां भी रहें ऐसे ही कार्य प्रदर्शन कर लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता बनाते रहें। मौके पर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ डब्लू यादव सहित अन्य ने दोनों बीडीओ को पुष्पहार एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर जिप सदस्य, मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि, पंसस एवं प्रमुख तथा दर्जनों की संख्या में समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जुलूस की वीडियोग्राफी व ड्रोन कैमरे से की जाएगी निगरानी

**डुमरिया**। डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधिबीघा, डुमरिया और मैगरा थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शेरघाटी एसडीओ सारा अशरफ ने की। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों जन प्रतिनिधि व गणमान्य लोग सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान मुहर्रम को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सारा अशरफ ने लोगों से मुहर्रम पर्व को शांति पूर्वक और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्रों के सभी संवेदनशील जगहों पर मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे में उन्होंने लोगों से अपील किया कि कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दें। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि मोहर्रम पर्व को लेकर जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। साथ ही डीजे बजाते पकड़े जाने पर डीजे संचालक पर एफआईआर की जाएगी।

### मां को खाना देने जा रही बेटी की डूबकर मौत

**परवलपुर**। थाना क्षेत्र के सिनावां गांव में सोमवार को पानी भरे गड्ढे में डूबकर 12 साल की बालिका की मौत हो गई। मृतका भागीरथ पासवान की पुत्री रिया कुमारी है। परिवार ने बताया कि बच्ची, मां को खाना पहुंचाने खेत जा रही थी। उसी दौरान पगडंडी पर पैर फिसलने से पानी भरे गड्ढे में गिर गई। जहां डूबकर उसकी मौत हो गई। पानी में शव उपलाने से घटना का पता चला। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

### बिच्छू के डंक से बच्ची की मौत

**परवलपुर**। थाना क्षेत्र के करण बिगहा गांव में झाड़फूंक के चक्कर में सोमवार को बिच्छू डंक की शिकार बच्ची की मौत हो गई। मृतका टुनटुन प्रसाद की 8 साल की बेटी डॉली कुमारी थी। ग्रामीणों ने बताया कि खेलने के दौरान बच्ची बिच्छू के डंक की शिकार हो गई। परिजन झाड़फूंक के बाद इलाज कराने उसे सदर अस्पताल ले गए। जहां से रेफर किए जाने के बाद पटना ले जाने के दौरान रास्ते में बच्ची की मौत हो गई। देर से इलाज होने के कारण बच्ची की जान गई।

### मोहर्रम को लेकर बाजार में निकाला गया फ्लैग मार्च

**परवलपुर**। मोहर्रम को लेकर सीओ मोहित सिन्हा, प्रशिक्षु डीएसपी आसिफ आलम के नेतृत्व में सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिसकर्मी मुख्य सड़क एवं पूरे बाजार का भ्रमण किया। प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि मुहर्रम पर्व भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी तरह की परेशानी हो तो तत्काल पुलिस को फोन करें।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से किशोरी की मौत, माता-पिता को खाना देकर खेत से लौट रही थी घर

**नालंदा**। नालंदा में पानी भरे गड्ढे में गिर जाने से सोमवार को एक किशोरी की मौत हो गई। मामला परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिनावां गांव का है। मृतका की पहचान सिनावां गांव निवासी भागीरथ पासवान की बेटी रिया कुमारी(10) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के परिजन ने बताया कि रिया कुमारी खेत में काम कर रहे माता-पिता को खाना देकर घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में आने के दौरान उसका पैर फिसल गया। वह पानी भरे गड्ढे में जा गिरा। इसके कारण डूब कर उसकी मौत हो गई। दरअसल, जब रिया खेत से खाना देकर घर लौट रही थी, तो वह घर नहीं पहुंची। परिजन जब दोपहर में घर लौटे तो रिया को घर पर नहीं पाकर खोजबीन शुरू कर दी। आस-पड़ोस में पता करने पर भी रिया का कहीं अता पता नहीं चल सका। खोजबीन के क्रम में जब पानी भरे गड्ढे में तलाश की गई तो रिया को पानी के अंदर से निकाला गया। शव के बाहर निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। परवलपुर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची के डूबने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस तुरंत कार्रवाई में जुट गई है।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर मैरेज हॉल में घुसा

**टिकारी**। सोमवार की शाम को ईंट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मैरेज हॉल में घुस गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नही हुआ। जानकारी के अनुसार राज स्कूल की तरफ से तेज गति से आ रहा ट्रैक्टर अचानक नगर परिषद कार्यालय के सामने संचालित दीपक मैरेज हॉल की तरफ मुड़ गया। ट्रैक्टर चालक मैरेज हॉल के आगे लगा लाइट फाटक व अन्य साज सज्जा को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं तेज गति से आता ट्रैक्टर देख लोगो ने भागकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगो ने ट्रैक्टर चालक को टिकारी थाना की पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मामले को लेकर एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि चालक को पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

### चार महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में परिवार कल्याण पखवाड़े के तहत मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने महिलाओं को बंध्याकरण की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों के चार महिलाओं को बंध्याकरण किया गया।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में आये महिला को खून जांच,मूत्र जांच,रक्त चाप व अन्य जांच किया।इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, परिचारी आशिफ आलम,फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

### बीडीओ ने की पंचायत सचिवों के साथ बैठक

**पकरीबरावां**। मंगलवार को पकरीबरावां प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने सबसे पहले पंचायत सचिवों से परिचय लिया। उसके बाद उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव अपने पंचायतों में लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को कहा। बीडीओ ने कहा कि लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जाए।

# नालंदा में ब्राउन शुगर के ओवरडोज से युवक की मौत, घर से बुलाकर ले गए थे दोस्त

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में मंगलवार को ब्राउन शुगर के ओवरडोज से एक युवक की मौत हो गई है। परिजन युवक के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के महुआ बाग का है। मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय निवासी टुनटुन पासवान के बेटे गुरुदेव कुमार (22) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई धन्नू कुमार ने बताया कि उसके भाई को गांव के ही चार लड़कों के द्वारा बुलाकर ले जाया गया था, जहां जबरन महुआ बाग में ब्राउन शुगर की सुई देकर मौत के घाट उतार दिया गया। उन्हें उसके भाई का दोस्त रौशन ने आकर जानकारी दी कि गुरुदेव की मौत हो गई है। दरअसल युवक दोस्तों के साथ बगीचे में बैठकर ब्राउन शुगर का इंजेक्शन ले रहा रहा था। इसी दौरान वह बेहोश होकर गिर पड़ा। दोस्तों ने उसे इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर के द्वारा भर्ती नहीं लेने के उपरांत गांव के ही एक डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गया। जहां उसकी मौत हो गई। इसके उपरांत घटना की जानकारी रोशन कुमार के द्वारा गुरुदेव के घर वालों को दी गई।



**क्या बोले थानाध्यक्षः** मृतक के भाई धन्नू ने बताया कि उसका भाई बाजार समिति में मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे चार दोस्त उसे बुलाकर ले गए थे। इसके बाद जबरन ब्राउन शुगर का इंजेक्शन देकर मौत के घाट उतार दिया गया।वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है।

# ससुराल के लिए निकला युवक दो दिनों से लापता

## परिजनों ने ससुरालवालों पर लगाया आरोप

निज संवाददाता। गया

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पहसी मोहल्ला स्थित अपने घर से ससुराल के लिए निकला युवक सत्यम बीते दो दिनों से लापता चल रहा है। घर वालों का आरोप है कि सत्यम के ससुराल वालों ने उसे गायब कर दिया है। संबंधित मामले में इस्लामपुर थाने में पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**कन्दोल गांव के पास लावारिस मिली बाइकः** सत्यम की मां सुंदरी देवी का कहना है कि सत्यम की शादी मई में इस्लामपुर के बेल गांव में हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी वापस मायके चली गई। 13 जुलाई को ही वह अपनी ससुराल पत्नी का जन्म दिन मनाने गया था। 14 को वह वहां से घर लौट आया था। उस दिन उसने बताया था कि उसके साथ ससुराल



वालों ने मारपीट की थी। फोन पर भी वह काफी झगड़ रहा था। इसी बीच वह करीब 3 बजे फिर से ससुराल बेल गांव चला गया। शाम के बाद से उसका फोन लगातार बंद मिल रहा है। उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल रहा है। इस घटना से घरवाले बेहद परेशान हैं। उन्हें किसी अनहोनी का डर सता रहा है। उसकी बाइक हुलासगंज थाना क्षेत्र कन्दोल गांव के पास लावारिस मिली है। हुलासगंज थाना के दरोगा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उनका लड़का लापता चल रहा है।

# मुकेश सहनी के पिता की हत्या निंदनीय

निज संवाददाता। गया

गया में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पूर्व मंत्री मुकेश साहनी के पिता की हत्या मामले में कहा कि घटना निंदनीय है। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनकी हत्या हुई है उनके प्रति हमारी संवेदना है। इस घटना की जांच हर एक बिंदु को केंद्र में रख कर होनी चाहिए। यह एक बड़ी घटना है। ऐसा किसने किया और क्यों किया यह भी सामने आना चाहिए। ये बातें केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने गया शहर स्थित गोदावरी अपने आवास पर कही।

**राजद पर कसा तंजः** इस मौके पर जब उनसे पूछा गया कि राजद कह रहा है कि बिहार में जंगल राज आ गया है। इस पर उन्होंने कहा कि जो जंगल राज के प्रतिपादक हैं। वही



ऐसी बातें कह सकते हैं। इसलिए उन्हें याद आता है कि जंगलराज आ गया है। दरअसल दरभंगा के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरत गांव में मुकेश साहनी के पिता अपने घर में अकेले ही रहते हैं। उनके दो बेटे और एक बेटियां हैं। सभी मुंबई में रहते हैं। मुकेश सहनी घटना की रात मुंबई में थे। घटना की सूचना पर वह मुंबई से अपने गांव के लिए निकल पड़े हैं। बताया जा रहा है कि मुकेश सहनी के पिता की हत्या किसी धारदार हथियार से की है।

# नाला के पानी के बीच 2 हजार की आबादी, सड़क और नाला का निर्माण नहीं होने के कारण बनी हुई समस्या

निज संवाददाता। नालंदा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह प्रखंड क्षेत्र हरनौत के सरथा पंचायत अंतर्गत पासवान नगर के वार्ड संख्या 2 में कई सालों से गांव के मुख्य रास्ता में जलजमाव की समस्या बनी हुई है। यह समस्या बरसात के दिनों में और भी ज्यादा गम्भीर बन जाती है। इससे ग्रामीणों को मुख्य रोड तक आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**2 हजार की आबादी हो रही है प्रभावितः** जलजमाव से पीड़ित ग्रामीण शंकर पासवान, धर्मवीर पासवान, धर्मेंद्र पासवान, गुमानी पासवान, शिव रतन पासवान, गायत्री देवी, सिकंदर पासवान ने बताया कि पासवान नगर गांव में लगभग 2 हजार की आबादी है। महादलित टोला रहने की वजह से यहां पर कोई भी मूलभूत कार्य



धरातल पर नहीं हुआ है। चुनाव के समय नेता, विधायक और स्थानीय मुखिया विकास का वादा करके चुनाव जीत जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद उनकी समस्याओं का निदान नहीं होता है।

**बच्चे और बुजुर्ग को हो रही विशेष परेशानीः** गांव के मुख्य रास्ते में घरों से निकलने वाला नल का पानी पूरे गली में जमा हो गया है। इसकी वजह से बुजुर्ग और बच्चों को काफी फजीहतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा समस्या से समाधान के लिए प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला के वरीय अधिकारियों को लिखित आवेदन दिया जा चुका है। इसके बावजूद भी समस्या जैसी की तैसी बनी हुई है।

**2004 में हुई थी ईंट सोलिंग का कामः** ग्रामीणों ने बताया कि

♦ BDO बोले-जल्द परेशानी होगी दूर

साल 2004 में गांव में सिर्फ ईंट सोलिंग कर के छोड़ दिया गया था। गांव में नाली का निर्माण नहीं होने से घरों से निकलने वाला पानी बीच गली में जमा हो जाता है। नाले का पानी जमा होने से बीमारी का खतरा भी बना रहता है। बरसात के दिनों में समस्या और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

**क्या बोले अधिकारीः** वहीं, इस मामले में हरनौत प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी उज्जवल कांत ने बताया कि पासवान नगर स्थित वार्ड संख्या 2 में जलजमाव की समस्या की जानकारी प्राप्त हुई है। जलजमाव से निदान के लिए पंचायत सचिव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# करंट से किशोर की हुई मौत, तालाब में 33 हजार वोल्ट का तार टूटकर गिरा था

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में करंट से एक किशोर की मंगलवार को मौत हो गई। मामला थरथरी थाना क्षेत्र अंतर्गत वस्ता गांव का है। मृतक की पहचान नवादा जिला के नारदीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बबनौली गांव निवासी महेश चौहान के (13) वर्षीय पुत्र विपिन चौहान के रूप में की गई है। एक सप्ताह पूर्व ही विपिन चौहान अपने ननिहाल वस्ता गांव स्वर्गीय जामुन चौहान के घर आया था। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि बिपिन शौच के लिए कृष्णा कंधा गया हुआ था। शौच के बाद जैसे ही किशोर पानी छूने के लिए तालाब की ओर गया तो वह करंट के संपर्क में आ गया। पूर्व से ही पानी में 33 हजार वोल्ट का तार गिरा हुआ था। मवेशी चरा रहे लोगों की किशोर पर नजर पड़ी तो घटना के बार में पता चला। शव को पानी से बाहर निकाल कर स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

**ग्रामीणों ने कहा, अक्सर तार टूट कर गिर जाताः** मौत की खबर जैसे ही घर वालों



को मिली तो परिजनों की चीत्कार से गांव गूंजने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि अक्सर उस इलाके में बिजली का तार टूट कर गिर जाता है। विभाग के जर्जर तारों को नहीं बदल रहा। जिसके कारण गांव के लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। थरथरी थाना अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जले ट्रांसफॉर्मर को नहीं बदलने पर हंगामा

निज संवाददाता। फतेहपुर

फतेहपुर प्रखंड के बराटाड़ गांव में चार दिनों से खराब पड़े बिजली ट्रांसफार्मर को नहीं बदलने से सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा। गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतर आए और सड़क पर आगजनी कर विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही गोपीमोड़ के पास एसएच-70 मुख्य सड़क को जाम कर दिया। बाद में पुलिस प्रशासन के पहुंचने पर उनके द्वारा समझाने व आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। वहीं बिजली विभाग के कर्मी बाराटांड में चार दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को पॉल पर से उतारकर बदलवाने के लिए गया ले गए। सड़क पर प्रदर्शन कर रहे बाराटांड़ गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि पिछले चार दिन से उनके गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। इस कारण वे लोग चार दिनों से अंधेरे में रह रहे हैं। खराब हुए ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए विभाग



के अधिकारी से कई बार आग्रह कर चुके। लेकिन उनके द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। तब ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा और वे सोमवार को सुबह में गोपीमोड़ पर पहुंच एसएच-70 मुख्य सड़क को जाम कर दिया। साथ ही सड़क पर आगजनी कर विरोध प्रदर्शन भी किया। इधर, सड़क जाम की खबर मिलते ही फतेहपुर पुलिस तत्काल जाम स्थल पर पहुंची। पुलिस ने सड़क जाम कर रहे गुस्साए ग्रामीणों से बात की और उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने मौके पर से ही बिजली विभाग के अधिकारी से मोबाइल पर बात की और शीघ्र ही खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के कहा।

## गया में अब नहीं जाना पड़ेगा थाना, चंदौती थाना क्षेत्र के कंडी नवादा में खुला नया TOP

निज संवाददाता। गया

गया में एसएसपी आशीष भारती ने चंदौती थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडी नवादा टीओपी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, गया, पुलिस उपाधीक्षक(वि.व्य), थानाध्यक्ष चंदौती और अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी मौजूद रहे। TOP में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और बल डायल 112 की मोटरसाइकिल ERV के साथ प्रतिनियुक्त रहेंगे। अपने क्षेत्र में इमरजेंसी रिस्पॉन्स देंगे। साथ ही आवश्यक कार्रवाई को अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने लोगों को जानें और अपनी पुलिस को जानें (Know Your People & Know Your Police) अभियान के तहत आम जनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। यह नहीं आसूचना संकलित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। TOP क्षेत्र के घरों में रहने वालों का सत्यापन और सर्वे करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देते हुए अपने क्षेत्र में दिवा/संध्या/



रात्रि गश्ती, अवैध शराब और खनन कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों, जुआ खेले जाने वाले स्थानों, जुआरियों की गिरफ्तारी में सहयोग और वारंट और कुर्की का निष्पादन भी करेंगे। इस मौके पर SSP ने कहा कि कंडी नवादा से चंदौती थाना की दूरी काफी है। साथ ही पटना मुख्य मार्ग पर यह स्थित है। इस लिहाज से यह टीओपी का खोला जाना और सक्रिय किया जाना हर दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इससे स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उनकी समस्याओं को शीघ्र दूर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वन वन टू की ERV की टीम क्षेत्र में काम करेगी। इसके लिए उन्हें दिशा निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब हर छोटी बात के लिए क्षेत्र के लोगों को चंदौती थाना जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# सीड बॉल तकनीक से ब्रह्मयोनि पहाड़ होगा हरा-भरा, 1 लाख से अधिक सीड बॉल फेंके जाएंगे

❐ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्म वन पार्क में किया गया

निज संवाददाता। गया

वन प्रमंडल के तहत सीड बॉल तकनीक द्वारा गया के ब्रह्मयोनि पहाड़ को हराभरा किए जाने का शुभारंभ सोमवार की शाम किया गया। इस मौके पर वन और पर्यावरण मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने सीड बॉल को पहाड़ियों पर फेंका। साथ ही एक पेड़ मां के अभियान तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्म वन पार्क में किया। इस मौके पर वन संरक्षक, गया और वन प्रमंडल पदाधिकारी, गया द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री डॉ.प्रेम कुमार और अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा राज्य में इस बार चार करोड़ 28 लाख पौधे लगाने की योजना है। गया की पहाड़ियों पर पेड़ों की संख्या कम है। इस बार नया प्रयोग सीड बॉल के जरिए इसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मॉनसून पहाड़ों पर हरियाली को लेकर विशेष



मुहिम चलेगी। गया के चार पहाड़ ब्रह्मयोनि, प्रेतशिला, रामशिला और ढुंगेश्वरी और जहानाबाद जिले के एक पहाड़ बराबर पर एक लाख सीड बॉल फेंके जाएंगे। इन सीड बॉल को तैयार कर लिया गया है। सोमवार की शाम ब्रह्मयोनि पहाड़ से इसकी शुरुआत की गई है। इस अवसर पर एस सुधाकर (भा.व.से.), वन संरक्षक, गया अंचल द्वारा बताया गया कि पहाड़ियों पर सीड बॉल तकनीक के जरिए वृक्षारोपण काफी प्रभावी तकनीक है। निश्चित रूप से आने वाले भविष्य में गया की पहाड़ियां इस तकनीक के जरिए हरि भरी होंगी। इस अवसर पर शशिकांत कुमार(भा.व.से) वन प्रमंडल पदाधिकारी, गया वन प्रमंडल, गया और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की हुई सुनवाई

निज संवाददाता



**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 04 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 02 मामलों का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। द्वितीय अपीलवाद प्रखंड-गोविंदपुर, पो0-विशनपुर, ग्राम -माधोपुर के कैलाश पासवान द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015 के तहत् में लिखित आवेदन दायर किया गया था। आज द्वितीय अपील की सुनवाई की गयी जिसमें इनके शिकायत का निवारण कर दिया गया। परिवादी संजय कुमार, प्रखंड-नवादा, शिवनगर, गोनावां द्वारा द्वारा दिनांक को पारित आदेश से विक्षुव्ध होकर इस न्यायालय में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015 के तहत शिकायत दायर किया गया। प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई। जिसमें शिकायत का निवारण कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों/पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायत/अपील की जा सकती है।

## धमौल थाना क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि बढ़ी, ड्रोन उड़ाकर की गई निगरानी

**पकरीबरावां (नवादा)।** मुहर्रम को लेकर धमौल थाना क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि बढ़ गई है। जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान के संयुक्त निर्देश पर क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। मंगलवार को एक बाद फिर एसडीएम अखिलेश कुमार, साइबर डीएसपी ज्योति प्रिया एवं पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी की मौजूदगी में पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। धमौल बाजार, इमामबाड़ा, पड़रिया स्थित करबला सहित कई जगहों पर पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ पुलिस के जवानों ने मार्च किया। इस बीच ड्रोन उड़ाकर क्षेत्र की निगरानी भी की गई। ड्रोन कई घरों के ऊपर से उड़कर वीडियो फुटेज एवं फोटोग्राफ भेजे। पुलिस ने ग्रामीणों की संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि जमुई जिले के आढ़ा एवं कैथा में भी फ्लैग मार्च किया गया। लोगों से शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने की अपील की गई। मौके पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार, सीओ राजेश कुमार सहित कई पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे। बता दें कि बुधवार को मुहर्रम की दसवीं तारीख को धमौल थाना क्षेत्र में ताजिया का पहलाम किया जाएगा। धमौल थाना क्षेत्र के धमौल, तुर्कबन, धरहरा, जसत, जम्हड़िया, रेवार, पड़रिया के साथ ही जमुई जिले के आढ़ा एवं कैथा के ताजिये का पहलाम पड़रिया स्थित करबला पर किया जाता है। इससे पहले सबका जुटान धमौल इमामबाड़ा पर होता है। मुहर्रमशमरूपूर्णसंपन्नकरानेकेलिएजिलाप्रशासनकीओरसेव्यापकतैयारीकीगईहै। असामाजिकतत्वोंपरपुलिसकीपैनीनजरहै।पुलिसऐसेलोगोंसेसख्तीसेपेशआएगी। शांति समिति की बैठक में पुलिस कप्तान ने भी स्पष्ट कर दिया था कि इस बार चूक हुई तो बख्शें नहीं जाएंगे। इधर, पकरीबरावां पुलिस भी मुहर्रम को लेकर अलर्ट है। थानाध्यक्ष अजय

## गलत दिशा से आ रहे बस ने ट्रक में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे यात्रीगण




- बताते चलें कि बायपास से लेकर हरदिया सेक्टर ए तक कोई कट नहीं है। इस दौरान हरदिया मोड़ स्थित पीयूष होटल पर चाय-पानी को लेकर कुछ बसें प्रत्येक दिन गलत दिशा से होकर जाती है।

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के अनुमण्डल कार्यालय के समीप गलत दिशा से आ रही बस ने एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि इस सड़क दुर्घटना में दोनों चालकों को थोड़ी चोटें आई है, जबकि बस में सवार रहे यात्रीगणों को कोई हताहत नहीं हुई है। वहीं सड़क दुर्घटना के बाद थाना के पुलिस बलों द्वारा सड़क पर पड़े दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन के सहारे हटाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बस फोरलेन में गलत साइड से झारखण्ड की ओर जा रही थी एवं ट्रक नवादा की ओर जा रही थी। इसी बीच अनुमण्डल के समीप दोनों की टक्कर हो गई। बताते चलें कि बायपास से लेकर हरदिया सेक्टर ए तक कोई कट नहीं है। इस दौरान हरदिया मोड़ स्थित पीयूष होटल पर चाय-पानी को लेकर कुछ बसें प्रत्येक दिन गलत दिशा से होकर जाती है। वहीं हरदिया की ओर से रजौली बाजार जाने वाले बाइक सवार, ई-रिक्शा एवं अन्य वाहन भी गलत साइड में चलकर आते-जाते हैं।

# वन विभाग के चार नर्सरी में 30 प्रकार के 4 लाख पौधे हो रहे तैयार

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)।** आम,नींबू समेत अन्य तरह के पौधे अब रजौली अनुमण्डल क्षेत्र के किसानों को आसानी से मिल जाएंगे। इसके लिए उन्हें ज्यादा कीमत भी नहीं देनी होगी। रजौली में इन पौधे को तैयार किया जा रहा है। अभी तक इनसभी पौधे को दूसरे जिले से मंगाया जा रहा था। इससे पौधे की कीमत ज्यादा देनी पड़ रही थी।लेकिन अब सस्ते दाम पर किसानों को आसानी से पौधे उपलब्ध हो जाएंगे। वन विभाग द्वारा संचालित चार सरकारी नर्सरी रजौली के हरदिया व पड़रिया एवं सिरदला के शाहपुर हाईटेक और घाट बक्शीला में 30 प्रकार के लगभग 4 लाख पौधों को तैयार किया जा रहा है। इन नर्सरी में 4 लाख के लक्ष्य के साथ विभिन्न प्रकार के पौधे लक्ष्य के अनुसार छायादार, फलदार, फूलदार तैयार किए जा रहे हैं। इन पौधों को बारिश के समय बांटे जाएंगे, जबकि आवश्यकतानुसार पौधे उपलब्ध भी करवाने लगे है। नर्सरी में सागवान, महोगनी, गंभार, अमरूद, अनार,शरीफ, शीशम, आंवल, बहेड़ा, छतवन, जामुन, वेल, कटहल, गुलदमार, निम, करंज, कदम, अशोक, ईमली, पीपल, बरगद, पाकड़, नीबू, सखुआ, महुआ, मालश्री, आम, जकरण्डा, शिरिस समेत 30 के करीब प्रजातियों के पौधे तैयार कर रहा है। लोग नर्सरी में अपनी पसंद के पौधे खरीदने के लिए जाते हैं। यहां पर सरकार की ओर से निर्धारित दर पर पौधा मिलता है। इसके कारण पर्यावरण प्रेमी और आमजन सरकारी नर्सरी से पौधे खरीदना आसान हो जाएगा। कृषि वानिकी के तहत किसानों को सरकारी नर्सरी के माध्यम से 10 रुपए प्रति पौधा की दर से शिशु पौधे उपलब्ध कराए जाते है। किसान अगर वन विभाग से ख़रीदे गए पौधो का 50% अपनी भूमि में 3 साल तक सुरक्षित रखते है,तो उन्हें 60 रुपए प्रति पौधा की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके साथ ही शिशु पौधे खरीदने में किये गए खर्च की राशि भी किसानो को वापस कर दी जाती है।

## पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ दो धंधेबाजों को किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के अमावां पूर्वी पंचायत के मलियातरी गांव के रास्ते से सोमवार की देर शाम पीएसआई रौशन कुमार ने 30 लीटर शराब के साथ दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। साथ ही शराब परिवहन में जुटे एक बाइक को जप्त किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराब की खेंप की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित पीएसआई रौशन कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। इस दौरान पुलिस बलों ने बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक स्प्लेंडर बाइक को जांच हेतु रोका गया। बाइक पर कुल 30 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया गया। साथ ही मौके से दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के खुर्द कर्मा गांव निवासी रामप्रसाद यादव के पुत्र सेपू कुमार एवं बिंदो राजवंशी के पुत्र विपिन कुमार के रूप में हुई है। जप्त शराब एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार शराब धंधेबाजों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# गाय चोरी को लेकर पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी, पुलिस ने गाय को किया बरामद

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी निवासी कृष्णा सिंह के पुत्र मिथलेश सिंह उर्फ मिठु सिंह के घर से बीते रविवार की देर रात्रि गाय की चोरी कर ली गई थी। जिसको लेकर गाय मालिक द्वारा थाने को लिखित आवेदन देकर बताया गया कि प्रतिदिन की भांति रविवार को घर के बाहर गाय एवं बछड़े को बांधकर परिवार समेत घर के अंदर सोने चले गए। जब सुबह आंख खुली तो देखा कि गाय बांधे गए जगह पर नहीं था। जिसको लेकर आसपास के खेत-बधार आदि में खोजबीन किया, किन्तु कुछ भी जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद दुधारू गाय के चोरी को लेकर लिखित आवेदन थाने को दिया एवं गाय की बरामदगी की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित गौ मालिक द्वारा गाय की चोरी को लेकर प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। साथ ही पीटीसी सत्यदेव प्रसाद को अनुसंधान हेतु निर्देश दिया गया। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में चोरी हुए गाय को हरदिया सेक्टर ए गांव निवासी दिलीप सिंह के घर से बरामद किया। बरामद गाय को पिकअप वाहन पर लादकर थाना परिसर लाया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## विधार्थियों के बीच टीएलएम किट का होगा वितरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** बिहार सरकार, शिक्षा विभाग की ओर से नारदीगंज प्रखंड के सभी विद्यालयों में निःशुल्क टीएलएम किट व कॉपी का वितरण किया जाना है।शिक्षा विभाग ने मंगलवार को बीआरसी भवन को कॉपी उपलब्ध कराया, जो वाहन से भेजा गया। कॉपी को वाहन से उतारकर मजदूर बीआरसी भवन में रखने में लगे हुए हैं। समावेशी शिक्षक सह बीआरपी आनन्द कुमार व बीआरपी राजकुमार सिंह ने बताया इस प्रखंड में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं के बीच निःशुल्क टीएलएम का वितरण होना है। कहा गया कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र व छात्राओं को टीएलएम किट का उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा कॉपी का भी वितरण किया जाएगा।उन्होंने कहा वैसे छात्र व छात्राओं को देना है, जो ई-शिक्षा कोष के तहत आनलाइन नामांकित हैं।यह निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने जारी किया है। विद्यालय में वितरण के लिए तिथि निर्धारण किया जाएगा।

# सोना 300 रुपये महंगा, चांदी में ठहराव

निज संवाददाता



**पटना।** स्थानीय पटना सर्राफा बाजार में मंगलवार को बीते शनिवार से पूर्ववत रहे सोना की खामोशी बढ़त से भंग हुई। सोना ने 300 रुपये प्रति दस ग्राम की बढ़त हासिल की। सोना मजबूती के उपरांत सोना विठूर 73,300 रुपये व 22 कैरेट 73,150 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर आ गया। इसके विपरीत एक दिन पहले चांदी 500 रुपये प्रति किलो कमजोर होने के उपरांत पूर्ववत ठहर गयी। खामोशी के बाद चांदी ने 91,000 रुपये प्रति किलो की दर पर कारोबार किया। विवाह के सीमित मौसम में सोने-चांदी में कायम विपरीत हालत को व्यापारिक वर्ग वैश्विक बाजार के हलचल का प्रभाव मान रहे हैं। बाजार में ग्राहकों की खरीदारी के साथ आभूषण गढ़ने वालों और कारखानेदारों की खरीदारी धीमी रफ्तार में चल रही है। इसी बीच धातुओं में कायम उतार-चढ़ाव का प्रभाव कारोबार पर प्रतिकूल दिखाई दे रहा है। खरीदार धातुओं में मजबूती को दृष्टिगत कर खरीद हाथ खींच कर रहे है। इसका प्रभाव व्यापारिक कामकाज में दिख रहा है। अगले सप्ताह से आरंभ हो रहे चातुर्मास की वजह से बाजार विशेषज्ञ सोने चांदी में कायम उतार-चढ़ाव के बीच आने वाले समय मे धातुओं में और राहत मिलने की उम्मीद लगाए हुए है। तर्क है कि विवाह के सीमित मौसम से खरीदारी प्रभावित होगी।

## चार फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से फरार चल रहे चार नन वेलेबल वारंटी आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बताया कि सुनील राजवंशी और विनोद राजवंशी को बभनौर गांव से गिरफ्तार किया गया है। भीम राजवंशी को पतला बिगहा गांव से और महेश यादव को मायापुर गांव से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारों गिरफ्तार वारंटी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# गांव में 'फेमस' होने के लिए बोला झूठ, फिर खुद रच दी अपने अपहरण की साजिश

निज संवाददाता

**पटना/बेगूसराय।** बीपीएससी की परीक्षा के आधार पर ग्राम विकास पदाधिकारी पद पर चयन का झूठ छुपाने को दो बच्चों के पिता ने स्वयं अपहरण की कहानी रची। जिससे घरवालों से लेकर पुलिस तक परेशान रही। इंटरनेट मीडिया पर बीडीओ के अपहरण की खबर तेजी से प्रसारित हो गई। खुसरूपुर में ट्रेन से अपहरण की सूचना पर रेल पुलिस से लेकर जिला पुलिस तक सक्रिय हो गई। हालांकि, कुछ ही घंटे में पुलिस ने उसकी मोबाइल लोकेशन के आधार पर बख्तियारपुर स्टेशन के बगल के एक होटल से बरामद कर झूठ का पर्दाफाश कर दिया। युवक बेगूसराय के तेघड़ा थाना क्षेत्र का अंबा गांव निवासी दीपक कुमार पाठक है। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो पहले उसने अपहर्ताओं द्वारा मंझौली में ट्रेन से उतारे जाने तो कभी गया पहुंचने पर जान से मारने की धमकी देने की बात कहकर भरमाने का प्रयास किया। कड़ाई करने पर उसने स्वयं अपहरण की साजिश रचने की कहानी बता दी। उसने दूसरे दीपक के नाम की बीपीएससी द्वारा प्रकाशित सूची दिखाकर घरवालों को गुमराह किया।

# मोहर्रम त्योहार को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

निज संवाददाता

**नरहट। (नवादा)।** मोहर्रम का त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। छोटा शेखपुरा, मीनापुर, कुशा, नरहट आदि जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से भयमुक्त होकर त्योहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने बताया कि फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को यह संदेश दिया गया है आप सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने त्योहार को मनाएं। आपके सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा मुस्तैद है। थानाध्यक्ष ने शांति एवं सौहार्द के माहौल में मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने तजियादारों से पुलिस प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि ड्रोन कैमरे से ताजिया जुलूस की निगरानी की जाएगी। ताजिया जुलूस में व्यवधान उत्पन्न करने वाले किसी कीमत में बख्शे नही जायेगें। ताजिया जुलूस निर्धारित समय और रुट से निकलेगा। असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जायेगी। सभी जगहों पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। इस मोके पर हिसुआ सर्किल इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ बैजु कुमार मिश्रा, सीओ मनीष कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं0-13 ऑफ 2024-25/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.-03-डीडीयू-व.मं.इंजी.-III-24-25,** (i) **कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल इंजीनियर/III/डी.डी.यू. के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूब्रिकेटर (हाइड्रोलिक / इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) – 19 की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। (ii) **कार्य की अनुमानित लागत : ₹** 13618440.00 (iii) **धरोहर राशि : ₹** 218100.00 (iv) **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 05.08.2024 को 12:00 बजे तक। (v) **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in** नोटः- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। **मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल**

**पीआर/0693/डीडीयू/इंजी./टी/24-25/32**

**Public Health Engineering Department**
**Public Health Engineering Division, Aurangabad**

Govt. of Bihar

**SHORT TERM Re-TENDER NIT No –05/2024-25 (SBF)**

**National Competitive Bidding**

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer P.H. Division, Aurangabad |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 12.07.2024 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 25.07.2024 to 31.07.2024 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 27.07.2024 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer, P. H. Division , Aurangabad |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 31.07.2024 up to 17:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Last date and time of submission of hard copy of EMD (in original). | 01.08.2024 up to 15:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P.H. Division.<br>A . Executive Engineer P.H. Division Aurangabad<br>B. Superintending Engineer P.H. Circle Sasaram<br>C. Zonal Chief Engineer, Patna Zone, Patna |
| 7 | Date and time of opening of technical bid | 01.08.2024 at 16:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 8 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |
| 9 | **Name of Work:** Design, Construction, Supply, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes for habitations left out under "Har Ghar nal Ka Jal" nischay yojna in a reas having ground water quality issues; with Electric Driven Pumps and **Fluoride** Removal Treatment Plant having Technology (Adsorption/ Ion exchange/ Membrane/ Nano Technology/ etc.) certified by CSIR or any other institute of national repute. In the District of **Aurangabad**, Bihar on turn -key basis with 6 months Trial Run Period and Comprehensive Operation and Maintenance of 60 months under Mukhyamantri Grameen Peyjal Nishchay Yojna (Quality Affected). | |

| Group No. | Block | Panchayat | Ward | Habitation | No. of Schemes in group | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Earnest Money (Rs in Lakh) | Cost of Tender Document (Non-Refundable) (in Rs) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs) | Completion Period (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Rafiganj (Q) | Balar | 8 | Nizampur | 7 | 329.20 | 6.59 | 10000 | 5900 | 6 month |
| | | | 9 | Mau | | | | | | |
| | | Dugul | 3 | Khaira | | | | | | |
| | | | 5 | Tetarchak | | | | | | |
| | | | | Thekahi | | | | | | |
| | | | 12 | Salupura | | | | | | |
| | | | | Pichuliya | | | | | | |
| 2 | Madanpur-1 (Q) | Pirthu | 4 | Mirganj Bigha | 6 | 224.19 | 4.49 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 5 | Kundla | | | | | | |
| | | | 12 | Raghu Bigha | | | | | | |
| | | | 6 | Maadan Bigha | | | | | | |
| | | | | Bundi Bigha | | | | | | |
| | | | | Chanki Bigha | | | | | | |
| 3 | Madanpur-2 (Q) | Salaiya | 3 | Chauthaiya Bigha | 6 | 232.05 | 4.65 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 6 | Bela Bigha | | | | | | |
| | | | 7 | Mahadalit Tola | | | | | | |
| | | | 4 | Bijuliya | | | | | | |
| | | | 13 | Mahulan Tola | | | | | | |
| | | | 9 | Jay Bigha | | | | | | |

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

**PR- 003933 ( P H E D ) 2024-25**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**Executive Engineer**
**P.H. Division, Aurangabad**

## संक्षिप्त समाचार

### उपस्थिति ई शिक्षाकोष पोर्टल पर समय से फिर भी वेतन नहीं

**आरा**। शिक्षा विभाग ने हर रोज शिक्षक कि उपस्थिति तो मोबाइल एप्लीकेशन से दर्ज करने का फरमान जारी कर दिया। यहां तक कि उपस्थिति दर्ज करने में कोताही बरतने वाले शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं करने का भी निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शिक्षक के वेतन भुगतान को लेकर शिक्षा विभाग बेखबर है। इस संबंध में जिला के गैर कोषागार शिक्षकों ने नाम नहीं छापे जाने के शर्त पर बताया कि जून माह का वेतन भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। साथ ही एरिया वर्षों से लंबित है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कई बार संगठन के नेता मिल कर ससमय वेतन और बकाया एरियर राशि का भुगतान करने कि मांग कि लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका।

### शराब के साथ धंधेबाज को किया गिरफ्तार

**कोईलवर**। गीधा पुलिस ने मोखलीशा के समीप मोखलीशा सड़क से ऑटो से लेकर जा रहे एक शराब धंधेबाज को 210 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धंधेबाज को जेल भेजा। इस बाबत गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शीला ने बताया कि ऑटो से शराब लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये 210 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक ऑटो भी जब्त किया गया है। पुलिस ने कारोबारी को खदेड़ कर हिरासत में लिया। तलाशी लिए जाने पर कुल 210 लीटर महुआ शराब व ऑटो जब्त किया गया तथा धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया।

### बीच सड़क पर गिरा पेड़, आवागमन हुआ बाधित

**गड़हनी**। गड़हनी पशु मेला के समीप आरा- सासाराम स्टेट हाईवे पर सड़क पर पेड़ गिरने से करीब 4 घंटा आवागमन बाधित रहा। बारिश के वजह से सोमवार के अहले सुबह सड़क पर अचानक पेड़ गिर गया। पेड़ पूरे सड़क को छाप लिया था ,जिसके वजह से आरा-पिरो जाने वाली गाड़ियों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही थी। सड़क पर पेड़ गिरने के क़रीब 4 घंटे बाद भी पुलिस को कोई आता पता नही था। देखते देखते यातायात एक तरफा हो गया और गाड़ियों की लंबी कतार सड़क पर लग गई। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष रणवीर कुमार से संपर्क किया गया तो उसने बताया कि सड़क पर पेड़ गिरने की सूचना नही मिला हैं,हालांकि सड़क से पेड़ को ग्रामीणों के द्वारा हटा दिया गया था तब जाकर यातायात पूर्णतः शुरू हो गया।

### मार्कशीट उपलब्ध नहीं होने से इंटर के नामांकन में परेशानी

**बक्सर**। मैट्रिक की परीक्षा परिणाम आए 3 माह से अधिक हो गए हैं। लेकिन बिहार बोर्ड ने विद्यालयों को मार्कशीट उपलब्ध नहीं कराया है। जबकि इंटर में नामांकन के लिए तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। मार्कशीट उपलब्ध नहीं होने से इंटरमीडिएट के नामांकन में परेशानी हो रही है। वहीं छात्र-छात्राओं को मार्कशीट के अभाव में विद्यालय के प्रधानाध्यपकों के द्वारा एसएलसी भी नहीं निर्गत किया जा रहा है। इससे इंटर में नामांकन करवाने में काफी कठिनाई हो रही है। इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यपकों ने बताया कि इंटर में नामांकन के लिए छात्र छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करना है, जिसमें विकल्प के रूप में शिक्षण संस्थानों का नाम दर्ज करना होता है। मेधा सूची के आधार पर छात्र-छात्राओं का नामांकन किया जाता है। ऐसे शिक्षण संस्थानों के प्रधानों ने बताया कि इंटर में नामांकन के लिए एसएलसी का होना जरूरी है, परन्तु वर्तमान परिस्थिति में मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से आवेदन लेकर इंटरमीडिएट में उनका नामांकन का कार्य किया जा रहा है। उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने बताया कि करीब 3 महीना पहले ही बोर्ड द्वारा मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। अबतक स्कूलों को उनके परीक्षार्थियों का अंकपत्र उपलब्ध नहीं हो सका है। इससे विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र निर्गत करने में कठिनाई हो रही है। दूसरी ओर अभिभावकों न बिना मार्कशीट उपलब्ध कराए ही इंटर में नामांकन की तिथि का निर्धारण किए जाने के कार्य को बिहार बोर्ड का तुगलकी फरमान बताया है।

### स्कूल से चोरों ने उड़ाये पंखे और बल्ब

**बक्सर**। शहर के बाइपास रोड स्थित आदर्श शिशु मध्य विद्यालय में चोरों ने खिड़की का ग्रिल काट हजारों का सामान उड़ा ले गए। स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने मामले को लेकर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह आदर्श मध्य विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिका जब स्कूल में पहुंचे तो उन्होंने खिड़की का ग्रिल टूटा हुआ देखा। शिक्षक अंदर गए तो चोरी की जानकारी हुई। स्कूल की प्रधानाध्यापिका वंदना कुमारी के मुताबिक चोरों ने स्कूल से आठ पंखे, तीन ट्यूबलाइट, दो एलईडी बल्ब और एक दीवार घड़ी चोरी कर ले गए। इसको लेकर टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच कर चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### एसिड पीने से विवाहिता की मौत, यूडी केस दर्ज

**बक्सर**। शहर के सोहनीपट्टी मोहल्ले में एसिड पीने से एक विवाहिता की मौत हो गई। इसको लेकर टाउन थाने में यूडी केस दर्ज कराया गया है। सोहनीपट्टी के चक्रवर्ती चौधरी की बहू किसी बात को लेकर पिछले दिनों घर में एसिड पी ली थी। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी तो विवाहिता का स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद उसे पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। पटना पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया था। मृतका के भाई रोहित सिंह ने पटना के पुलिस को बताया कि घटना में ससुराल वालों का कोई दोष नहीं है। मृतका प्रियंका सिंह पटेल उर्फ पिंकी की शादी वर्ष 2017 में चक्रवर्ती चौधरी के पुत्र प्रभाकर पटेल के साथ हुई थी। पटना पुलिस ने भाई के बयान को टाउन थाना पुलिस को भेज दिया। टाउन थाना पुलिस ने मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया है।

### दुकान के गोदाम से मिले 14 कोबरा के बच्चे, बक्सर में स्थानीय लोगों ने 9 सांप को मारा



**बक्सर**। बक्सर के चौगाई गांव में सोमवार को एक दुकान के गोदाम से एक साथ 14 कोबरा के बच्चे मिले। इसे देख कर हड़कंप मच गया। गोदाम के अंदर एक साथ इतने सांप के बच्चे मिलने से पूरे इलाके में डर का माहौल है। हालांकि, स्नेक कैचर ने सांप का रेस्क्यू कर एक प्लास्टिक के डिब्बे में बंद कर दिया है।दूसरी ओर स्थानीय लोगों ने 9 कोबरा के बच्चे को मार दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक यहां पर स्थित श्रृंगार और गिफ्ट कॉर्नर के दुकान के अंदर गोदाम बनाया गया है। दुकान के मालिक जीतू साह जब दुकान का गोदाम खोलने गए तो कोबरा को देख के डर गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से बाहर दिखाई दे रहे कुल नौ कोबरा के बच्चे को मार दिया गया। लेकिन, अंदर इनकी अधिक संख्या में होने की आशंका पर किसी ने गोदाम के अंदर जाने की हिम्मत नहीं की। इसके लिए रूप सागर गांव से एक सांप पकड़ने वाले को बुलाया गया। इन्होंने खोज बीन की और कुल पांच कोबरा के बच्चे को जिंदा पकड़ कर डिब्बे में डाल दिया। इसे जंगल में सुरक्षित छोड़ा जाएगा। प्रत्यक्षदर्शी हनुमान प्रसाद ने बताया कि सांप पकड़ने के लिए जो आए थे, उन्होंने केवल सांप के बच्चों को ही पकड़ा है। लेकिन, बड़ा सांप नहीं मिला है।

# दिनदहाड़े हथियार के बल पर डेढ़ लाख रुपए की लूट

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर के बिजौली गांव के पास से बैंक से रुपए लेकर घर जा रहे एक व्यक्ति से हथियार के बल पर डेढ़ लाख रुपए की लूट का अंजाम दिया गया है। दो बाइक पर पांच की संख्या में लुटेरे आए थे। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे राजपुर थाना की तरफ भगाने लगे, जिसकी सूचना पीड़ित ने तुरंत पुलिस को दी। इसको लेकर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर आ गई। इन्हें देख अपराधी बाइक छोड़कर भागने लगे, इनका पीछा कर चार बदमाशों को पकड़ लिया गया। वहीं, एक भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्तियों के पास से 50 हजार नगद के साथ एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ दो बाइक बरामद किया गया है। हालांकि, अभी पुलिस अनुसंधान का हवाला दे ज्यादा डिटेल बताने से परहेज कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार की शाम 4 बजे के आसपास की है।राजपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी राजकुमार गुप्ता अपने घरेलू आवश्यक कार्य के लिए सरेंजा स्टेट बैंक से रुपए की निकासी कर अपने गांव लौट रहे थे।

**पांच की संख्या में आए थे बदमाशः** इस दौरान जैसे ही वह अपने गांव के नजदीक सुनसान जगह पर पहुंचे। वैसे ही दो बाइक पर सवार पांच की संख्या में लोग इनको आगे से घेर लिया। कट्टे का भय दिखा कर रुपए से भरा बैग लेकर भागने लगे। बदमाश कुछ दूर जाकर रास्ता भटक कर राजपुर जाने वाली पक्की सड़क को पकड़ लिए। इसे देख कर पीड़ित व्यक्ति ने इसकी सूचना तत्काल फोन कर राजपुर थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष संतोष कुमार और अन्य पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड में होकर रोड पर आ गए। तेज गति से बाइक लेकर आ रहे अपराध कर्मियों को पुलिस ने रोककर पूछताछ करना चाहा। इसमें से दो अपराधी बाइक छोड़ भागने लगे। तब-तक पुलिस ने दबोच कर पकड़ लिया। दो अन्य लोग भागते हुए महा दलित बस्ती की तरफ पहुंचे, जहां ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने उनको पकड़ा। थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दिया। इसकी सूचना पर एसडीपीओ धीरज कुमार भी पहुंचे। जांच पड़ताल कर रहे हैं। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि लूट की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर चार लोगों को पकड़ लिया है। पांच लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। इसमें से एक व्यक्ति अभी फरार है। इनके पास से एक देसी कट्टा,छह जिंदा कारतूस ,50 हजार रुपए नगद और दो बाइक बरामद की गई है।अभी पूछताछ जारी है।

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से नौनीजोर में कटाव



निज संवाददाता। बक्सर

जिले में लगातार बढ़ रहे गंगा नदी के जलस्तर से जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। बता दें कि गंगा नदी के जलस्तर में पिछले कुछ दिनों में भारी वृद्धि हुई है। जलस्तर में लगातार वृद्धि से गंगा नदी का पानी सभी उपधाराओं सहित दियारा क्षेत्र में फैल रहा है। इससे दियारा क्षेत्र के निचले भाग में लगी सैकड़ों एकड़ फसल डूब गयी है। जबकि दियारा क्षेत्र आने-जाने वाली सड़कों पर आवागमन बाधित होने की समस्या है। गंगा नदी का जलस्तर पानी अचानक हुई वृद्धि से एक तरफ जहां दियारावासियों को संभावित बाढ़ की चिंता सताने लगी है। वहीं क्षेत्र के पशुपालकों की परेशानी बढ़ गयी है। सैकड़ों एकड़ खेत में लगा पशुचारा डूब गया है। लोग बाढ़ से पूर्व की तैयारी में जुट गए हैं। दियारावासी बाढ़ की आशंका को लेकर अपने सामान को सुरक्षित करने में जुट गए हैं। साथ ही दियारा क्षेत्र के चिमनी संचालकों ने पक्की ईंटों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। दियारावासियों की मानें तो इस बार बाढ़ आने संभावना प्रबल है बारिश से बढ़ रहा जलस्तर दूसरी ओर गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने का कारण पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश है। हरिद्वार समेत उसके ऊपर के पहाड़ों पर भी बारिश हो रही है। इसके अलावे अन्य सहायक नदियों में बढ़ रहा जलस्तर भी कारण है।

## भोजपुर में नदी में डूबने से महिला की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के पनपुरा गांव स्थित तरारी पुल के समीप मंगलवार को नहर में डूबने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी रही। जानकारी के अनुसार मृतका तरारी थाना क्षेत्र के पनपुरा गांव निवासी स्व.धर्मदेव साह की 75 वर्षीया पत्नी बतासी देवी हैं। इधर मृतका के भतीजे सुरेंद्र साह ने बताया कि उनकी लड़की की शादी हो रही और सभी रिश्तेदार घर पर जुटे है। वे लोग शादी के कामकाज में व्यस्त थे। उसी बीच मंगलवार की सुबह वह नहर किनारे शौच करने गई थी। उसके बाद वह वहां पर नहर के किनारे नहाने लगी। नहाने के दौरान वह असंतुलित होकर नहर में गिर पड़ी। जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण ने उनके शव को नहर में बहता देख तो उसने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** सूचना पाकर परिजन वहां पहुंची। तभी स्थानीय थाना मौके पर पहुंच गई। इसके बाद उनके शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतका को सिर्फ एक पुत्री पुष्पा देवी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भोजपुर में मलबे में दबने से मजदूर की मौत, पुराना मकान तोड़ने गया था, दीवार का बड़ा हिस्सा शरीर पर गिरा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ले में सोमवार की दोपहर दीवार गिरने और मलबे के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक सारण (छपरा) जिला के मुसेपुर थाना क्षेत्र के महुआनी बिंद टोली गांव निवासी मानक महतो का बेटा विश्वकर्मा महतो(33) है। वह पेशे से मजदूर था। वह 15 साल से टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली वार्ड 6 मोहल्ले में अपने ससुराल में ही रहता था। इधर, मृतक के साला सूरज ने बताया कि वह हर दिन की तरह सोमवार की सुबह मिल्की मोहल्ला में मजदूरी का काम करने गए थे। सोमवार की दोपहर जब वह वहां पर दीवार तोड़ रहे थे। उसी दौरान दीवार का बड़ा हिस्सा भड़बड़ा कर उनके ऊपर गिर पड़ा। वह मलबे के नीचे दब गए। सूचना पाकर टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। जेसीबी बुलवाकर मलबे को हटाकर मजदूर को निकल गया। इसके बाद सूचना पाकर परिजन भी वहां पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। मृतक की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि आज सुबह खाना खाने के बाद उन्होंने कहा कि दोपहर खाना आकर खाएंगे तुम खाना बनाकर रखे रखना। यही बात बोल कर वो मिल्की मोहल्ला में मकान तोड़ने के लिए चले गए। इसी दौरान यह हादसा हो गया। विश्वकर्मा के मौत के बाद 5 बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी मंजू देवी और 5 बेटी काजल, पूजा, चंदा, प्रति और अर्चना है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मंजू देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जमीन कब्जा करने मामले में पूर्व मंत्री का आया कबूलनामा

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के सैंथू गांव में 14 एकड़ जमीन को कब्जा करने पहुंचे पूर्व मंत्री छेदीलाल राम समेत पांच हथियारबंद लोगों को पुलिस ने रविवार की देर शाम खदेड़ कर पकड़ लिया। हालांकि इस संबंध में छेदी लाल राम का एक बयान वीडियो में सामने आया है। इसमें उन्होंने कहा कि बॉडी गार्ड नहीं मिलने के कारण अपना लाइसेंसी राइफल लेकर चलता हूं।

**पूर्व मंत्री ने कहा-पूर्व मुखिया के बुलाने पर गए थेः** वहीं आगे वीडियो में कहते है कि वह कोचस से अपने घर की तरफ जा रहा थे। उनको कोई आइडिया नहीं था कि पुलिस पीछा कर रही है। कोचस से लौटने के दौरान पूर्व मुखिया संजय राम के बुलाने पर विवादित स्थल पर गया था। वहां जब प्रशासन के पहुंचने की खबर मिली चो प्रशासन का इज्जत करते हुए अपनी गाड़ी में बैठकर आगे निकल गए।

**सुरक्षा के लिए रखते है दो राइफलः** उनको कोई आइडिया नहीं था कि प्रशासन उनका पीछा कर रही है। इस बीच उनको पकड़ लिया गया। उनके पास से दो राइफल थे। एक उनका और दूसरी उनके बेटे का क्योंकि उनका राइफल थोड़ा मिस करता है। वहीं लड़के का राइफल ठीक चलता है। सुरक्षा के लिए वह दोनों राइफल लेकर चलते है। इसी को लेकर प्रशासन ने उनको गिरफ्तार किया है।

**एसपी ने कहा-नामजद अभियुक्त होने पर हुई गिरफ्तारीः** बक्सर एसपी ने मामले को लेकर साफ कहा है कि इनके खिलाफ शिकायत दर्ज होने पर पुलिस ने इनको पकड़ा है। मामले में यह नामजद अभियुक्त है। फिलहाल आगे की करवाई जारी है। पुलिस को इनके पास से 315 बोर के दो राइफल और 57 जिंदा कारतूस मिला था। इसके अलावा एक खोखा और एक स्कॉर्पियो को जब्त किया गया है। जिसका नंबर BR 44P 2314 है।

## सड़क हादसे में घायल पुजारी की मौत, पूजा-पाठ कराने जा रहे थे

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर सड़क हादसे में जख्मी बुजुर्ग पुजारी की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने सोमवार को दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के कुर्मीचक निवासी हरी नंदन मिश्रा के 69 वर्षीय पुत्र अशोक मिश्रा है। वे पेशे से पुजारी थे और हर जगह जाकर पूजा-पाठ कराते थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर वह अपने गांव से स्कूटी से पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के बंडोल गांव पूजा करने जा रहे थे। इस दौरान सकड्डी-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर संदेश थाना क्षेत्र के बचरी गांव के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था।

**मौत के बाद रास्ते से लौटे परिजनः** रास्ते में मौत के बाद परिजन उन्हें वापस सदर अस्पताल ले आए। बताया जाता है कि मृतक अपने 5 भाई और एक बहन में चौथे स्थान पर थे।

## पुलिस ने शिव मंदिर में कराई प्रेमी-प्रेमिका की शादी, बक्सर में 4 साल से चल रहा था अफेयर, दोनों पक्ष कर रहे थे विरोध

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका की शादी शिव मंदिर में कराई गई। इस शादी में स्थानीय लोगों ने मांगलिक गीत गाए। पुलिस सुरक्षा में पहुंचे वर-वधू को देखने के लिए मंदिर में सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। इनमें सबसे अधिक संख्या महिलाओं की थी। इन महिलाओं ने शादी को खुशी-खुशी संपन्न कराने में सहयोग की। बताया जा रहा है कि प्रेमी-प्रेमिका एक ही गांव के अलग-अलग जाति के हैं। इससे दोनों का परिवार शादी के लिए राजी नहीं हो रहे थे।

**चार साल से था प्रेम-प्रसंगः** कोरान सराय थाना क्षेत्र के कोपावा गांव के निवासी भुखन पाल की बेटी छोटी कुमारी और स्व. सोने लाल के बेटे राहुल कुमार के बीच पिछले चार साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों दो जाति से होने के कारण शादी में परिजन रुकावट बन रहे थे। इस बीच लड़का पुणे में जॉब करने चला गया। 24 मई को लड़की भी घर से भाग कर लड़के के पास पहुंच गई। कुछ दिनों पहले दोनों गांव आए थे। इसके बाद लड़की अपने घर और लड़का अपने घर चला गया। रविवार को दोनों डुमरांव में एक-दूसरे से मिलने पहुंचे थे। इसकी दौरान लड़की के परिजनों ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़ा।

**पुलिस के समझाने पर भी नहीं माने परिजनः** पुलिस ने जब देखा कि दोनों बालिग है और शादी करना चाहते हैं तो दोनों के परिवारों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, दोनों परिवार पुलिस के सामने भी राजी नहीं हुए। तब पुलिस ने खुद पहल की और दोनों की शादी करवा दी।

इस दौरान पुलिस ने वर वधू के लिए नए कपड़े खरीद कर लाया। इसके साथ ही शादी के दौरान काम आने वाले अन्य सामानों को भी अपने स्तर से उपलब्ध कराया। जंगली नाथ शिव मंदिर में प्रेमी-प्रेमिका की शादी करा दी। इस शादी की चर्चा पूरे इलाके में होती रही। महिला हेल्प डेस्क प्रभारी रितिका के साथ ही पीएसआई आशीष कुमार, महिला सिपाही मनोरमा कुमारी, प्रिती कुमारी, साक्षी गुप्ता, दवेन्द्र कुमार व रौशन कुमार आदि पुलिसकर्मी शादी में मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में तीन दोस्त जख्मी, एक की स्थिति गंभीर

निज संवाददाता। आरा

आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के केसरी गांव के समीप सोमवार को सड़क हादसा हुआ था। जिसमें बाइक सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में एक को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया है।

**आरा और बक्सर स्टेशनों पर सियालदह–बनारस–सियालदह स्पेशल ट्रेन रुकेगी**

यात्रियों की सुविधा के लिए, 03113/03114 **सियालदह–बनारस–सियालदह स्पेशल** ट्रेन **आरा और बक्सर** स्टेशनों पर निम्नलिखित समयसूची के अनुसार अतिरिक्त ठहराव प्रदान करेगी:

| सियालदह–बनारस स्पेशल | | | (03113) (03114) | बनारस–सियालदह स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चलने का दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | चलने का दिन |
| रवि | 11.35 | 11.37 | आरा | 21.45 | 21.47 | रवि |
| | 12.31 | 12.33 | बक्सर | 20.43 | 20.45 | |

सभी अन्य निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

# लूटपाट करने पहुंचे बदमाशों का बदला मन, किया गैंगरेप

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर हवाई अड्डा में नाबालिग लड़की से गैंगरेप की घटना से पर्दा उठ गया है। दरिंदे लूट के इरादे से आए, लेकिन बाद में मन बदल गया और गैंगरेप किया। प्रेमी के साथ मारपीट कर उसे बंधक बनाया। फिर उसके नजर के सामने दरिंदगी की। गमछा से नाबालिग का मुंह बंद कर दिया था। ताकि वह शोर न करे। तिलकामांझी पुलिस ने मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी जो घटना में सहयोगी थे, उसे पुलिस तलाश रही है। आरोपियों के पास से गमछा व उसके कपड़े भी बरामद किए गए हैं। हालांकि पुलिस को लड़की के प्रेमी का वह मोबाइल नहीं मिला, जिसे दरिंदों ने छीन लिया था।

**दो फरार आरोपियों को अब भी तलाश रही पुलिस:** सोमवार को सिटी एसपी मिस्टर राज ने पीसी कर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई शाम को घटना के बारे में परिजनों ने जानकारी दी। एसएसपी ने सिटी डीएसपी अजय चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की। गिरफ्तार आरोपियों में सच्चिदानंद नगर का मितन कुमार उर्फ नीति, रितेशकुमार, भोला मंडल और राम कुमार शामिल है। दो फरार आरोपियों की तलाश में टीम छापेमारी कर रही है। मामले को स्पीडी ट्रायल चला कर आरोपियों को सजा दिलाई जाएगी। अनुसंधान में नाबालिग के प्रेमी की भूमिका के बारे में कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। फिलहाल अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

**सीआईटी व शेरनी दल करेंगे नियमित गश्ती:** घटना के बाद से पुलिस सतर्क हो गई है। मैदान में रन-वे के पास नियमित रूप से पुलिस की एक टीम रहती है, लेकिन बाकी का इलाका सुनसान रहता है। देर शाम तक हवाई अड्डा मैदान में प्रेमी जोड़े के अलावा काफी संख्या में लोग आते हैं। इसको देखते हुए घटना के बाद से ही सीआईटी की टीम के अलावा डायल-112 और शेरनी दल को नियमित गश्ती करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस हवाई अड्डा में लोगों की गतिविधियों पर नजर रखेगी।

**11 जुलाई का है मामला:** दरअसल 11 जुलाई की देर शाम हवाई अड्डा स्थित एक धार्मिक स्थल के पास नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ। परिजनों ने 13 जुलाई को तिलकामांझी पुलिस को जानकारी दी थी। आरोपियों ने प्रेमी को बंधक बना कर प्रेमिका से छिनतई कर गैंगरेप किया था।

**नाबालिग अपने प्रेमी के साथ हवाई अड्डा मैदान में घूमने गई थी:** नाबालिग लड़की अपने प्रेमी के साथ हवाई अड्डा मैदान घूमने गई। चहल-पहल और शोरगूल से दूर दोनों मैदान के एक कोने में बैठे थे। शाम ढली और अंधेरा होने लगा... और फिर अपराधियों की दस्तक हुई। पहले दो अपराधी मोबाइल और बाइक छीनने पहुंचे।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया दीघा हाल्ट-सोनपुर-मुजफ्फरपुर-बेतिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मंगलवार को दीघा हाल्ट-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बेतिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए मानसून के दौरान संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा मुजफ्फरपुर जंक्शन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की आरएलडीए के अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने 3डी मॉडल का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने का निर्देश दिया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस होगा। इस अवसर पर सोनपुर मंडल के रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा बेतिया-नरकटियागंज रेलखंड पर प्रजापति हाल्ट के निकट समपार सं. 2बी/3ई पर निर्माणाधीन आरओबी के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के अंतिम चरण में महाप्रबंधक बापूधाम मोतीहारी पहुंचे जहां उन्होंने बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के पुनर्विकास हेतु चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कार्य को समय पर पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## धमौल थाना क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि बढ़ी, ड्रोन उड़ाकर की गई निगरानी



**पकरीबरावां** । मुहर्रम को लेकर धमौल थाना क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि बढ़ गई है। जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान के संयुक्त निर्देश पर क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। मंगलवार को एक बाद फिर एसडीएम अखिलेश कुमार, साइबर डीएसपी ज्योति प्रिया एवं पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी की मौजूदगी में पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। धमौल बाजार, इमामबाड़ा, पड़रिया स्थित करबला सहित कई जगहों पर पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ पुलिस के जवानों ने मार्च किया। इस बीच ड्रोन उड़ाकर क्षेत्र की निगरानी भी की गई। ड्रोन कई घरों के ऊपर से उड़कर वीडियो फुटेज एवं फोटोग्राफ भेजे। पुलिस ने ग्रामीणों की संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि जमुई जिले के आढ़ा एवं कैथा में भी फ्लैग मार्च किया गया। लोगों से शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने की अपील की गई। मौके पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार, सीओ राजेश कुमार सहित कई पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे। बता दें कि बुधवार को मुहर्रम की दसवीं तारीख को धमौल थाना क्षेत्र में ताजिया का पहलाम किया जाएगा। धमौल थाना क्षेत्र के धमौल, तुर्कबन, धरहरा, जसत, जम्हड़िया, रेवार, पड़रिया के साथ ही जमुई जिले के आढ़ा एवं कैथा के ताजिये का पहलाम पड़रिया स्थित करबला पर किया जाता है। इससे पहले सबका जुटान धमौल इमामबाड़ा पर होता है। मुहर्रम शमरूपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस ऐसे लोगों से सख्ती से पेश आएगी। शांति समिति की बैठक में पुलिस कप्तान ने भी स्पष्ट कर दिया था कि इस बार चूक हुई तो बख्शें नहीं जाएंगे। इधर, पकरीबरावां पुलिस भी मुहर्रम को लेकर अलर्ट है। थानाध्यक्ष अजय कुमार के द्वारा हर स्तर पर तैयारी की गई है। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के ताजिए का पहलाम गुरुवार को हसनगंज स्थित करबला पर किया जाएगा।

## पीरपैंती में गड्ढे में मिला बुज़ुर्ग का शव, हत्या का आरोप लगाया

निज संवाददाता। भागलपुर

पीरपैंती के बाखरपुर थाना क्षेत्र में गड्ढे में एक बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक के पुत्र ने गांव के ही एक शख्स पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक राजकिशोर तांती(50) के पुत्र चंदन तांती ने बताया कि सोमवार को शाम के समय मैं गांव में भोज खाने गया था। घर पहुंचने में मुझे देर हो गई। इस बीच पिताजी मुझे खोजने के लिए निकल गए। मैं जब घर पहुंचा तो मेरी मां कलावती देवी ने बताया को वो तो तुम्हें ही ढूंढने गए हैं। फिर मैं पिता जी को खोजने चला गया। घर से थोड़े ही दूर पर गड्ढे में गिरे हुए दिखाई पड़े। पास जाने पर देखा तो उनकी मौत हो चुकी है। शोर मचाने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। गांव के ही विष्णु कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था। जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज कराया गया था। मुझे और मेरे पिता को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।

वहीं, कलावती देवी ने बताया कि मेरे पति को उनलोगों ने धमकी देते-देते मार डाला। अब मुझे डर है कि मेरे बेटे की भी हत्या हो सकती है। दो बेटा प्रदेश में रहकर काम करता है। छोटा बेटा एनसीसी की तैयारी कर रहा है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक............ दिनांक..................

प्रेस विज्ञप्ति

PR No.-329558

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–03/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ,दिनांक 12.07.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में अल्पकालीन ई निविदा के स्थान पर ई0 निविदा पढ़ा जाय एवं क्रमांक

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.08.2024 up to 5.00 PM के स्थान पर तिथि एवं समय : 12.08.2024 to 5.00PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे के स्थान पर तिथि एवं समय : 14.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे पढ़ा जाए ।

शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.329734 Rural Development(24-25):D

## WARDEN Girl's HOSTEL, MEDINIRAI MEDICAL COLLEGE,PALAMU
Pokhraha, Rajwadih pin-822118

शुद्धि पत्र

सुचना(NIT)निविदा संख्या 01/24-25

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण निविदा संख्या–01/24–25 जिसका PR.NO-329725 District(24-25):D है के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में क्रमांक संख्या–3,एवं 4 पर अंकित सूचना का शुद्ध रूप में Warden Girl's Hostel Medinirai Medical College'Palamu के नाम से पढ़ा एवं समक्षा जाय।(डी0डी0) Warden Girl's Hostel Medinirai Medical College'Palamu के नाम से स्वीकार किया जायगा।

शेष शर्ते यथावत रहेगा।

वार्डन
छात्रा–छात्रावास
मेदिनीराय मेडिकल कॉलंज,पलामू

PR 329843 District(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎ 06562-240100 (का0)

पत्रांक:–388/ मेदिनीनगर, दिनांक– 15/07/2024

ई०- निविदा रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-11/2024-25 जिला पलामू के मेदिनीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत बखारी सोलर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, जिसका PR. N0:-328253 (Minor Irrigation) (2024-25)#D,उक्त ई0–निविदा को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.329811 Minor Irrigation(24-25):D

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd.Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi -834002,JH
Phone: 0651-2400804/ Website: www.jusnl.in
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj,Email: gmtzdal@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 99/PR/JUSNL /2024-25 | Procurement of hardware materials for 132kV transmission line under TSD Daltonganj & TSD Japla | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 13000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **18.07.2024** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **08.08.2024** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **08.08.2024** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **09.08.2024** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 329778 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्या– 19/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 16.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/STPKG/18/2023-24 | तरवागड़ा से हटवरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–3.900 कि॰मी॰) | 1187.07 | ग्यारह करोड़ सतासी लाख सात हजार मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| 2 | | दन्तार से नकटी भवानी सिमाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–2.802 कि॰मी॰) | | | | |
| 3 | | जोतडीह मोड़ से कल्याणपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–2.350 कि॰मी॰) | | | | |
| 4 | | प्रतापपुर से कारूडीह होते हुए मंझगावा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–5.500 कि॰मी॰) | | | | |
| 5 | | बिलासपुर से गजवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–4.250 कि॰मी॰) | | | | |
| 6 | | विलासपुर से भुसिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–4.550 कि॰मी॰) | | | | |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– **22.07.2024**
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **07.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **10.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 329786 (Rural Work Department) 24-25 (D)

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना

PR.no.-320541

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा पत्रांक 452/जि0प0, दिनांक 22.06.2024 के माध्यम से निर्गत आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पत्रांक 367/जि0अ0, दिनांक 26.02.2024 एवं 457/जि0अ0, दिनांक 02.07.2024 के माध्यम से निर्गत निविदा ई संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu- 10/2023-24 अन्तर्गत निम्नांकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है:–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 | Tender ID | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मेदिनीनगर | कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 2493500.00 | 01/2023-24 DE/ZP/PALAMU | 2024_ZPPAL_84826_1 | निविदा रद्द |

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 329796 District(24-25).D

## समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)

सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आमसभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ीकेन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र मेंबाहुल्य | रिक्त पद | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | धुरकी | धुरकी | गनियारी खूर्द | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 2 | धुरकी | धुरकी | परासपानी खूर्द | ST | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 3 | धुरकी | धुरकी | शुरू | ST | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 4 | गढ़वा | गढ़वा | बाना–1 | BC 1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 5 | गढ़वा | गढ़वा | योगियामराड़ी | BC1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 6 | रंका | रमकण्डा | गोबरदाहा | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 7 | रंका | रमकण्डा | दाहो | SC | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 8 | रंका | रमकण्डा | पटसर | ST | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 9 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | SC | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 10 | रंका | रमकण्डा | बेलवादामर | SC | सहायिका | बुधवार 07.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 11 | रंका | चिनियॉ | रणपुरा | SC | सहायिका | बुधवार 07.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 12 | रंका | चिनियॉ | रमकण्डा–3 | BC 1 | सेविका | गुरूवार 08.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 13 | रंका | रंका | मझिगॉवा 1 | BC 1 | सेविका | गुरूवार 08.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 14 | रंका | रंका | खपरो–1 | BC1 | सेविका | शनिवार 10.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 15 | रंका | रंका | सोनपुरवा | BC 1 | सेविका | शनिवार 10.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 16 | रंका | रंका | मानपुर–1 | BC 1 | सहायिका | सोमवार 12.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 17 | रंका | रंका | गासेदाग–1 | SC | सहायिका | सोमवार 12.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 18 | रंका | रंका | रंका खुर्द | SC | सहायिका | मंगलवार 13.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 19 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | गिद्धि सिद्धि | BC 1 | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 20 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | मध्य विद्यालय चेचरिया | BC 2 | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 21 | नगरउँटारी | नगरउँटारी | हारादाग | BC 1 | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 22 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | झुमरीलहराहा | SC | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 23 | भवनाथपुर | खरौंधी | माहोगड़ई | BC1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 24 | भण्डरिया | भण्डरिया | पर्रो | ST | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 25 | मेराल | मेराल | रजबंधा | BC 1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 26 | मेराल | मेराल | लोरा | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 27 | मझिऑव | मझिऑव | गढ़ौता | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 28 | मझिऑव | मझिऑव | गढ़ौता | ST | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 29 | मझिऑव | मझिऑव | बालुगंज | SC | सेविका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 30 | मझिऑव | मझिऑव | बालुगंज | SC | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 329765 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### डॉल्फिन को लोगों ने किया कोसी नदी के हवाले

**सहरसा, एजेंसी।** महिषी एक संवाददाता । पूर्वी कोसी तटबन्ध के 98 किलोमीटर पर स्थित स्पर के निकट लोगों को एक डॉल्फिन मिला, जिसे देखने के लिए लोगों की अपार भीड़ जमा हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को दिन के करीब 12 बजे लोगों की नजर कोसी नदी की मुख्य धारा से पूरब एक झाड़ी में फंसे मछलीनुमा जानवर पर पड़ी। लोगों ने उसे बाहर निकाला। लोगों के अनुसार मछलीनुमा यह जानवर डॉल्फिन था, जो शायद कोसी की मुख्य धारा में बहते हुए कम पानी में चली आई और काश व झाड़ी में फंस जाने के कारण लहूलुहान हो गयी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह तकरीबन 5 फीट लम्बा था और इसकी चोंच करीब डेढ़ से दो फीट तक लम्बा था। इसे देखने के लिए काफी देर तक इस स्थल पर लोगों का आना जाना लगा रहा। बाद में ग्रामीणों ने उसे फिर से कोसी की मुख्य धारा में बहा दिया।

### अब तक नहीं हटवाया गया ग्रामीण हटिया रोड से अतिक्रमण

**सहरसा/कहरा, एजेंसी।** बनगांव नगर पंचायत के बरियाही बाजार स्थित ग्रामीण हटिया जानेवाली मुख्य मार्ग से अभी तक अतिक्रमण नहीं हटवाया गया है। जबकि स्थानीय कई बाजार वासियों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन अंचलाधिकारी एवं प्रतिलिपि नप पदाधिकारी, सदर एसडीओ को देकर अतिशीघ्र इस मार्ग से अतिक्रमण हटवाने की मांग किया था। लेकिन एक सप्ताह बाद भी अभी तक प्रशासन द्वारा अभी तक अतिक्रमण नहीं हटवाया गया है। यह बतादें कि अतिक्रमण किए जाने के कारण यह मार्ग काफी संकीर्ण सा हो गया है।इस कारण इस मार्ग में हमेशा जाम सा हालत रहने से लोगों को वाहन तो क्या, पैदल चलने में भी काफी परेशानी हो रहा है। यह भी बतादें कि बनगांव नप के बरियाही बाजार में आजादी पूर्व से प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवार को ग्रामीण हटिया आयोजित की जाती है। आज भी अन्य प्रखण्ड के भी लोग खरीददारी करने इस ग्रामीण हटिया में आते है। नप क्षेत्र वासी सहित क्षेत्रीय ग्रामीणों ने एनएच 327 ई से एन एच 107 बायपास सड़क तक ग्रामीण हटिया जानेवाली सड़क को अतिशीघ्र अतिशीघ्र अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग अंचलाधिकारी एवं नगर पंचायत पदाधिकारी से की है।

### कोसी का दबाब रहने से कोठिया के लोगों में दहशत

**सहरसा, एजेंसी।** प्रखण्ड क्षेत्र के महिषी दक्षिणी पंचायत का वार्ड नम्बर एक व दो कोठिया गांव के समीप कोसी नदी के पानी के कारण लगे कटनिया से लोगों में गांव कटने की आशंका होने लगी है। लोगों का कहना है कि नदी और गांव के बीच की दूरी काफी कम बच गयी है। ज्ञात हो कि कोसी नदी के जलस्तर में कमी आने पर कटाव लगता है। विगत दो दिन से कोठिया में कटनिया लग गया है, जिससे कुछ एकड़ जमीन कोसी नदी में कटकर विलीन हो गयी। ग्रामीणों ने कटाव से बचाव की मांग विभागीय अधिकारियों से किया है। बता दें कि विगत वर्ष भी इस जगह कटाव लगा था, जिसे तत्काल बम्बू रोल ट्री स्पर देकर रोकथाम किया गया था। इस बार फिर से कटाव लग जाने से लोगों में जमीन के साथ गांव पर भी खतरा बढ़ने का डर है। स्थानीय ग्रामीण जवाहर बिंद, मोहन बिंद, हरेराम बिंद, पवन बिंद, सिकेन बिंद, मालिक शर्मा, प्रकाश चौधरी, अरुण चौधरी, शंकर चौधरी, राजो चौधरी सहित अन्य ने शीघ्र बचाव कार्य करने की मांग की है।

### सांसद ने छपरा मंडल कारा को सुंदर व मॉडल बनाने का मांगा प्रस्ताव

**छपरा, एजेंसी।** सांसद राजीव प्रताप रूडी ने छपरा मंडल कारा को सुंदर व मॉडल बनाने के लिए जेल प्रशासन से प्रस्ताव मांगा है। सांसद ने जेल अधीक्षक राधेश्याम सुमन से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को मुलाकात की। इस क्रम में उन्होंने बंदियों को मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं के बारे में जेल अधीक्षक से जानकारी ली। साफ सफाई और पौधरोपण पर भी सांसद ने जोर दिया। इससे पूर्व सांसद ने लोकसभा चुनाव में हत्या के आरोप में बंद बीजेपी नेता रामाकांत सिंह सोलंकी से मुलाकात की। उसी वार्ड में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह व पूर्व मंत्री रवीन्द्र मिश्र भी उनसे रूबरू हुए। उनके अलावा कई अन्य बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्या जानी। ।सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सांसद ने जेल कैंपस के जर्जर भवनों को देखा व जेल अधीक्षक से इस पर अविलंब प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि वे अपने सांसद निधि कोष से जेल के कई भवनों को मॉडल और सुंदर बना सकते हैं।

# मुकेश सहनी के पिता की हत्याः दरभंगा की ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा लीड करेंगी एसआईटी जांच

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के इस बड़े कांड में दरभंगा के एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने एसआईटी का गठन किया है। ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा के नेतृत्व में गठित एसआईटी मामले की जांच करेगी। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम में बिरौल एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी और बिरौल एसएचओ व तकनीकी कोषांग, दरभंगा को शामिल किया गया है।

एसआईटी जल्द से जल्द अपना रपोर्ट पेश करेगी जिसके आधार पुलिस आगे की कार्रवाई की गयी है। इस हत्या कांड से बिहार के सियासी गलियारे में भूचाल आ गया है। नीतीश कुमार के सुसाशन के दावों पर इस हत्याकांड से गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं।

सोमवार की रात दरभंगा जिले के विरौल थाना अंतर्गत सुपौल स्थित आवास में मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की धारदार हथियार के काट काटकर हत्या कर दी गयी। बदमाशों ने





70 साल के बुजुर्ग जीतन सहनी पर धारदार हथियार से बार बार प्रहार किया। इतना ही नहीं हत्यारों ने उन्हें कई स्थानों पर काटने के बाद चाकू गोद कर पेट फाड़ दिया जिससे पूरा आंत और लीवर बाहर निकल गया। जीतन सहनी अपने घर में सोमवार की रात अकेले थे। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक करीब दस साल पहले उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। मुकेश सहनी कभी कभार अपने घर पर आते थे। पिता की देखभाल के लिए नौकर बहाल कर रखा था जो रात में घर पर नहीं रहता था।

मुकेश सहनी फिलहाल मुंबई में हैं। वे विशेष विमान से गांव पहुंचने वाले हैं। इस बीच उनके गांव में लोगों की भारी भीड़ जुट गई है। पटना और अन्य जिलों से नेताओं का पहुंचना शुरू हो गया है। जदयू, बीजेपी, आरजेडी समेत सभी दलों के नेताओं ने इस घटना की निंदा की है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि इस कांड के सभी अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि बिहार में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जदयू एमएलसी संजय सिंह ने कहा कि मामले में एसआईटी का गठन हो गया है। पुलिस एक एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुसाशन की सरकार काम कर रही है।

### क्यों और किसने मारा, पुलिस के सामने बड़ी चुनौती

घटना की जांच के लिए एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने एसआईटी का गठन किया है। एसपी ग्रामीण काम्या मिश्रा के नेतृत्व में गठित एसआईटी में बिरौल एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी और बिरौल एसएचओ व तकनीकी कोषांग, दरभंगा को शामिल किया गया है। इतनी निर्ममता से जीतन सहनी की हत्या क्यों और किसने की यह पता लगाना बिहार पुलिस की इस वक्त की सबसे बड़ी चुनौती है। जिस वक्त पिता की हत्या की सूचना मिली मुकेश सहनी मुंबई में थे। वह बिहार के लिए रवाना हो चुके हैं। दोपहर या शाम तक उनके यहां पहुंचने की संभावना है। जीतन सहनी की हत्या किन कारणों से हुई है यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस चोरों द्वारा इस सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिए जाने की आशंका जता रही है। घर का सामान बिखरा मिला है इस आधार पर यह बात कही जा रही है। लेकिन लोगों का कहना है कि जिस निर्ममता से हत्या की गई है उसे देखते हुए यह कहना जल्दबाजी होगी कि चोरी के मकसद से हत्या को अंजाम दिया गया है। इसके पीछे कोई गहरी साजिश और बड़ी वजह हो सकती है।

# मां-बेटे पर की फायरिंग, बाइक की टंकी में लगी बुलेट, रास्ते में 6 बदमाशों ने घेर लिया



### दोनों खरीदारी के लिए जा रहे थे बाजार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** जिले के वैनी थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में सोमवार देर शाम मां-बेटे पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हालांकि इस घटना में वह बाल बाल बच गए, लेकिन फायरिंग से उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक की टंकी में बुलेट लग गई। गोलीबारी की घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश चंदौली की ओर फरार हो गए। बदमाश 6 की संख्या में थे। जो दो बाइक पर सवार होकर आए थे। पीड़ित उपेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई।

**आगे से घेर कर फायरिंग शुरू कर दी :** उपेंद्र सिंह अपनी मां फुल परी देवी के साथ बाइक से चंदौली घर से मुजौना बाजार खरीदारी के लिए जा रहे थे।जब वह अपनी बोरिंग के पास पहुंचे तो दो बाइक पर सवार 6 बदमाशों ने पीछा शुरू किया। उनकी बाइक के नजदीक आकर लात मार कर गिरने का प्रयास किया। हालांकि जब वह इसमें सफल नहीं हुए तो बदमाशों ने उन्हें आगे से घेर लिया और उन पर फायरिंग कर दी। हालांकि दोनों बाल-बाल बच गए, लेकिन गोली बाइक की टंकी में लगी। पेट्रोल का रिसाव होने लगा। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश चंदौली की ओर ही वापस फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही वैनी पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाश के भागने की दिशा में छापेमारी शुरू कर दी है। पीड़ित उपेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाशों में से एक को वह पहचानते हैं, हालांकि उससे पूर्व से कोई विवाद या दुश्मनी की बात से इनकार किया है।

### पुलिस जांच कर रही है

पुलिस पदाधिकारी ने क्या कहा बाजार आ रहे हैं मां-बेटे पर फायरिंग की गई है। हालांकि दोनों सुरक्षित हैं लेकिन उनकी बाइक की टंकी में गोली लगी है। पीड़ित ने बदमाशों में से एक को पहचानने की बात बताई गई है। अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



### छात्र-छात्राओं का हुआ ऑनलाइन मॉक टेस्ट

**दरभंगा, एजेंसी।** आईसीटी लैब वाले विद्यालयों में नीट व जेईई की तैयारी में लगे छात्र-छात्राओं का मॉक टेस्ट सोमवार को लिया गया। परीक्षा तीन पालियों में होनी थी, लेकिन छात्र-छात्राओं के हिसाब से सभी जगह तीन पालियों में नहीं हो सकी। पहली पाली नौ से 11, दूसरी पाली 11ः30 से 1ः30 तथा तीसरी पाली दो से चार बजे तक हुई। मॉक टेस्ट में 120 मिनट की परीक्षा अवधि में एक सौ प्रश्न दिए गए थे, जिन्हें ऑनलाइन हल करना था। प्रतिभागियों का चयन, टेस्ट का स्थल एवं पाली का निर्धारण संबंधित बीईओ व प्रखंड परियोजना प्रबंधकों ने किया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आईसीटी लैब वाले विद्यालयों में उपलब्ध कंप्यूटर सेट में बीएसएनएल की ओर से अब तक 126 विद्यालयों में इंटरनेट की सुविधा बहाल कर दी गई है। जिन विद्यालयों में मॉक टेस्ट का आयोजन हुआ जहां इंटरनेट की सुविधा नहीं थी। संबंधित एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी।



# पटना में दो नाबालिगों की लाश मामले का खुला राज -बच्चों के हाथ-पैर बांध आंखें फोड़ी, हत्या कर तालाब में फेंक दिया

**पटना, एजेंसी।** बिहार राजधानी पटना में दो मासूमों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। पहले उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इसके बाद कातिलों ने हाथ-पैर बांधकर पांचवी कक्षा के छात्र प्रत्यूष कुमार (11)और चौथी के छात्र विवेक कुमार (10) को रस्सी से बांध दिया। फिर उनकी आंखें फोड़ डाली। दोनों की सांस बंद होने के बाद बेऊर थानांतर्गत 70 फीट के समीप स्नेह होम्स ग्रीन सिटी के कैंपस में स्थित एक तालाब में शवों को फेंक दिया गया। दोनों बच्चे गर्दनीबाग सरिस्ताबाद देवी स्थान के समीप रहते हैं। वे रविवार की सुबह दो बजे से ही लापता थे। सोमवार को उनकी लाश तालाब से बरामद की गई थी। दूसरी ओर सोमवार की सुबह सात बजे लापता बच्चों की लाश मिलने की खबर सुनकर स्थानीय लोगों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साये लोगों ने न्यू बाइपास पर अनीसाबाद-जीरो माइल को जाम कर आगजनी की। कंस्ट्रक्शन कंपनी के गार्ड को भी पकड़कर उसकी पिटाई की गई। बाद में पुलिस गार्ड को पूछताछ के लिये अपने साथ ले गई। इधर, घटना की खबर मिलते ही मौके पर सिटी एसपी पूर्वी और पश्चिमी के अलावा कई थानों की पुलिस की तैनाती कर दी गई। अफसरों के लाख समझाने के बाद भी लोग सड़क से हटने को तैयार नहीं थे। उन्होंने जल्द से जल्द आरोपितों को पकड़ने व कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट को सील करने की मांग की। दोपहर एक बजे तक लोग सड़क पर बवाल काटते रहे। बाद में पुलिस अधिकारियों के समझाने-बुझाने व आश्वासन देने के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया। बच्चों के लापता होने और हत्या को लेकर गर्दनीबाग थाने में केस दर्ज किया गया है बताते चलें कि पटना से गर्दनीबाग के बच्चों की बेऊर इलाके में लाश मिलने केबाद भारी हंगामा हुआ था। लोगों ने आगजनी कर सड़क जाम कर दिया और जमकर बवाल काटा। सोमवार को पटना पुलिस की ओर से कहा गया कि यह हत्या नहीं बल्कि डूबक मरने का मामला है। लेकिन परिजन शुरू से ही दोनों बच्चों की हत्या का आरोप लगा रहे थे। हालांकि हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

# डॉक्टर की लापरवाही से गई मरीज जान, परिजनों ने लगाया आरोप

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के बड़े सरकारी अस्पताल मुजफ्फरपुर स्थित एसके मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में इलाज में डॉक्टर की लापरवाही की हैरान कर देने वाली और घिनौनी सच्चाई सामने आई है। एक मरीज अस्पताल के वार्ड में तड़प कर मर गया लेकिन डॉक्टर साहब एसी चलाकर सोते रह गए। हद तो तब हो गई जब परिजनों ने सवाल उठाया तो डॉक्टर साहब जूता उठाकर मारने दौड़े। घटना को लेकर एसकेएमसीएच में जोरदार बवाल हुआ। अस्पताल अधीक्षक ने जांच कर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।




दरअसल एसकेएमसीएच की आईसीयू में भर्ती एक मरीज की मौत पर सोमवार को परिजन और डॉक्टर आपस में भिड़ गये। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। कटरा के बड़ाडीह निवासी सुधीर कुमार को बीते 13 जुलाई को पेट में दर्द की शिकायत के बाद भर्ती किया गया था। इसके बाद डॉक्टर ने मरीज की जांच की। कहा कि पेट में मवाद हो गया है। रविवार को ऑपरेशन के बाद उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। देर शाम मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि जब मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी तो नर्सिंग स्टाफ ने स्लाइन चढ़ा दी। इसके बाद मरीज की बेचैनी बढ़ने लगी। नर्स ने पर्चे पर डॉक्टर कॉल लिख दिया। जब डॉक्टर को बुलाने गये तो नहीं आए। रात 11 बजे मरीज की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी। हमलोग तीन बार डॉक्टर को बुलाने गये, लेकिन वह नहीं आये। मृतक के चचेरे भाई संतोष कुमार ने बताया कि डॉक्टर सो रहे थे। बुलाने गए तो धक्का देकर बाहर कर दिया और कहा कि जूता से मारकर ठीक कर देंगे।

### रंगदारी के लिए बाजार समिति में मछली व्यवसायी पर हमला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित बाजार समिति में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में मछली व्यवसायी आदित्य राज ने एक लाख रुपए रंगदारी मांगने व गल्ला से 1.65 लाख रुपए नगद लूट लेने का आरोप लगाते हुए 25 हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें शेखपुर ढाब निवासी चुल्हाई सहनी और उसके परिवार के पांच लोगों को नामजद किया है। पुलिस को बताया है कि 12 जुलाई को अचानक नामजद आरोपितों के साथ आए 20 अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। बाजार समिति में उसके मछली के गद्दी पर आए हमलावरों ने पिस्टल के बट से उसके सिर पर मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# 40 से कम उम्र के शिक्षकों की दूर होगी पोस्टिंग, 5 कैटेगरी में बांटे जाएंगे स्कूल



**पटना, एजेंसी।** बिहार में शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर शिक्षा विभाग ने कमेटी बनाई है। कमेटी इसको लेकर प्रस्ताव तैयार कर रही है। जानकारी के मुताबिक 40 साल से कम उम्र के शिक्षकों को पोस्टिंग सुदूर इलाकों में की जाएगी। भौगोलिक आधार पर स्कूलों का पांच कैटेगरी में बांटे जाएंगे। इसी आधार पर ट्रांसफर पोस्टिंग होगी। असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षक और शिक्षक दंपती को राहत दी जाएगी। इसके साथ ही दिव्यांग और महिला शिक्षक को भी राहत मिलेगी। बिहार के करीब 5 लाख शिक्षकों की नजर ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर सरकार की तरफ से बनाई जा रही नई नीति पर है। कमेटी शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर नीति बना रही है। वैसे इस पर फाइनल फैसला सरकार का होगा। सरकारी स्कूलों की छुट्टी को लेकर भी कमेटी नीति बना रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारियों से भी सुझाव लिए गए हैं। साथ ही उन्हें कई निर्देश भी सचिव की ओर से दिए गए। गठित कमेटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ को सौंपेगी। इसके बाद शिक्षा मंत्री के सहमति के बाद इस रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। विभाग के पदाधिकारी बताते हैं कि कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर बनी नई नीति में बदलाव भी किए जा सकते हैं।

**ट्रांसफर-पोस्टिंग की नई नीति पर 5 लाख शिक्षकों की नजर :** आईएएस डॉ. सिद्धार्थ द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी पर 5 लाख से अधिक शिक्षकों की नजर है। बिहार के सरकारी स्कूलों में 1 टू 8 क्लास तक 4 लाख शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। 9वीं से 12 वीं तक शिक्षकों की कुल संख्या लगभग 1 लाख के पास है।

**बिहार में चार कैडर के शिक्षक :** बिहार सरकार के स्कूलों में फिलहाल चार कैडर के शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सबसे पहला कैडर ग्रेड पे वाले। वैसे शिक्षक आते हैं जिन्होंने ग्रेड पे पर जॉइन किया है। इनकी संख्या अब काफी कम बची है। ट्रांसफर पॉलिसी सरकार के पास है। ग्रेड पे वाले शिक्षक बिहार के किसी भी स्कूलों में तबादला किया जा सकता है। जिले के अंदर जिला शिक्षा पदाधिकारी तबादला करते रहें हैं।

**दूसरा कैडर नियोजित शिक्षक :** बिहार सरकार ने नियोजन के सहारे शिक्षकों को बहाली की नियोजित शिक्षक को लेकर सरकार के पास ट्रांसफर पॉलिसी नहीं है।

**तीसरा कैडर बीपीएससी :** बिहार सरकार में 2023 और 2024 में बीपीएससी द्वारा शिक्षकों को नियुक्ति कराई है। ञत्रश्च 1 और ञत्रश्च 2 से बीपीएससी शिक्षक चुनकर आए हैं। इनके तबादले का अधिकार सरकार के पास है। नियुक्ति नियमावली में कहा गया है कि बिहार के किसी भी स्कूलों में इनका ट्रांसफर किया जा सकता है।

**विशिष्ट शिक्षक कैडर :** बिहार सरकार ने विशिष्ट शिक्षक का कैडर बनाया है। इस कैडर में वैसे शिक्षक शामिल होंगे जो सक्षमता परीक्षा पास करेंगे। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा विशिष्ट शिक्षक बनने पर ही मिलेगा।

### मानसून रूठा, 21 जुलाई तक उमस भरी गर्मी

**पूर्णिया, एजेंसी।** फिलहाल उत्तरी बिहार से मानसून रूठ गया है और 21 जुलाई तक वर्षा होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग का पूर्वानुमान इंडेक्स बता रहा है कि हिमालय की तराई के क्षेत्र में वर्षा होगी और पूर्णिया एवं कोसी प्रमंडल में सिर्फ बूंदाबांदी के आसार है। इस प्रकार सीमांचल के धान के किसानों की परेशानी बढ़ गई है। धान की रोपनी के लिए किसान सिंचाई का अतिरिक्त प्रबंध कर रहे हैं जो काफी खर्चीला साबित हो रहा है। जिस प्रकार मानसून का पूर्वानुमान पहले से जारी किया गया था उस हिसाब से किसानों में खुशी थी लेकिन उनकी खुशी अब काफूर होती नजर आ रही है। जिन-जिन किसानों ने पूर्व में ही सिंचाई कर खेत में धान की रोपनी किया था उन लोगों के खेतों में भी सूखाड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।



# मिल गया दुनिया का सबसे पुराना पिरामिड, जमीन के अंदर है ढांचा, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग जितनी है गहराई!

**आर्कियोलॉजिस्ट्स ने 'दुनिया का सबसे पुराना' पिरामिड खोजा है, जो इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा द्वीप पर लावा की पहाड़ी के भीतर 98 फीट गहरा बना हुआ है. पता चला है कि जिसकी गहराई अंडरग्राउंड मल्टी स्टोरी बिल्डिंग जितनी है. इसका नाम गुनुंग पदांग पिरामिड है. इसकी कार्बन-डेटिंग से पता चलता है कि यह 16,000 साल से अधिक पुराना है.**

## कब खोजा गया था ये पिरामिड

रिपोर्ट के अनुसार, गुनुंग पदांग पिरामिड को पहली बार 1890 में डच खोजकर्ताओं ने खोजा था. इस प्राचीन जगह की हालिया रेडियोकार्बन डेटिंग जांच से चौंकाने वाले जानकारी निकल कर सामने आई है. पता चला है कि यह कम से कम अपने आकार का सबसे पुराना ज्ञात मानव निर्मित निर्माण भी हो सकती है.

## कितना पुराना है ये पिरामिड?

परीक्षणों में पिरामिड के शुरुआती निर्माण का भी पता चला है, जिसमें सीढ़ियां एंडेसाइट लावा से तराशी गई थीं, जो 16 हजार साल से भी पहले आखिरी हिमयुग के दौरान बनाई गई थीं. इसका मतलब यह है कि गुनुंग पदांग पिरामिड न केवल मिस्र में गीजा के सभी महान स्मारकों और पिरामिडों से, बल्कि इंग्लैंड के स्टोनहेंज से भी 10,000 साल पुराना है.

## किससे बना है ये पिरामिड?

रिसर्चर्स ने पाया कि इंडोनेशियाई पिरामिड की पहली और सबसे गहरी परत साइट के ठंडे लावा प्रवाह से बनाई गई थी. गुनुंग पडांग पिरामिड तुर्की में खोजे गए गोबेकली टेपे 'मेगालिथ' से भी हजारों साल पुराना साबित हो सकता है, जो 'दुनिया के सबसे पुराने' आर्कियोलॉजिकल साइट की दौड़ में आखिर स्थान पर है.

## कैसी है इस पिरामिड की सरंचना?

इस प्राचीन पिरामिड की सरंचना के रहस्य की तह तक जाने में साइंटिस्ट्स जुटे हुए हैं. इसके लिए उन्होंने सब-सरफेस इमेजेज, कोर ड्रिलिंग और 'ट्रेंच' उत्खनन जैसी आधुनिक टेक्निक्स का सहारा लिया है. जिससे रिसर्चर्स गुनुंग पदांग पिरामिड की सरंचना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है. उनको पिरामिड की परतों के बारे में पता चला है, जो इसकी सतह से 9 मंजिल नीचे (98 फीट या 30 मीटर) तक फैली हुई थीं.



# एक सींग वाले एशियाई गैंडे के लिए प्रसिद्ध है गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान

**80 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला हुआ गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध पार्क पर्णपाती जंगलों से भरा हुआ है जो वनस्पतियों और जीवों की विस्तृत श्रंखला का दावा करता है। यह राष्ट्रीय उद्यान विशेष रूप से अपने एशियाई एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है, इसके अलावा राजसी एशियाई हाथी, शाही बंगाल टाइगर और ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल भारतीय जंगली कुत्ते, विशालकाय गिलहरी, जंगली सूअर, हिरण, कोबरा, अजगर, कठफोड़वा और कई अन्य प्रजातियों को भी यहाँ आसानी से देखा जा सकता है।**

गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में मूर्ति और रैदक नदियों के तट पर स्थित पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान है। 80 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला हुआ यह प्रसिद्ध पार्क पर्णपाती जंगलों से भरा हुआ है जो वनस्पतियों और जीवों की विस्तृत श्रंखला का दावा करता है। यह राष्ट्रीय उद्यान विशेष रूप से अपने एशियाई एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है, इसके अलावा राजसी एशियाई हाथी, शाही बंगाल टाइगर और ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल भारतीय जंगली कुत्ते, विशालकाय गिलहरी, जंगली सूअर, हिरण, कोबरा, अजगर, कठफोड़वा और कई अन्य प्रजातियों को भी यहाँ आसानी से देखा जा सकता है। अपनी शानदार सुंदरता और वनस्पतियों और जीवों की समृद्धि के कारण, गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान पिछले एक दशक में एक उभरते हुए लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है जो हर साल कई हजारों भारतीय और विदेशी पर्यटकों की मेजबानी करता है।

1895 से एक आरक्षित वन होने के कारण गोरुमारा को 1949 में एक वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था जिसे भारतीय गैंडों की प्रजनन आबादी के कारण 31 जनवरी 1994 को एक भारतीय राष्ट्रीय उद्यान के रूप में आधिकारिक दर्जा दिया गया था। मूल रूप से यह पार्क 7 वर्ग किलोमीटर छोटा था जिसे पड़ोसी भूमि को लगभग 80 वर्ग किलोमीटर शामिल करके विकसित गया है। जिस क्षेत्र में गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान स्थित है, उसे डूअर्स के नाम से जाना जाता है। हिमालय की तलहटी में स्थित यह स्थान प्राकृतिक और प्राचीन सौंदर्य से भरपूर है। पार्क अपनी पर्वत श्रृंखलाओं और झरनों के साथ बिल्कुल आश्चर्यजनक लगता है। अधिकांश जंगल नम पर्णपाती है। हालांकि गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान का मुख्य वनस्पति साल है; सागौन, सिल्क कॉटन (सिमुल), रेन ट्री (शिरीष) और खैर भी यहाँ पाए जा सकते हैं साथ ही यहां कई तरह के ऑर्किड और फर्न भी देखे जा सकते हैं।

गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान स्तनधारियों, पक्षियों, सरीसृपों और कीड़ों की कई प्रजातियों का घर है जो सबसे जाड्या एक सींग वाले भारतीय गैंडों के लिए सबसे प्रसिद्ध है। यहां आमतौर पर पाए जाने वाले अन्य जानवरों में तेंदुए, हाथी, भारतीय बाइसन, रॉक पायथन, हिरण और मलायन विशालकाय गिलहरी शामिल हैं। कुल मिलाकर, पार्क में मांसाहारी और शाकाहारी जीवों की लगभग 48 प्रजातियां हैं। पार्क पक्षियों की 193 प्रजातियों, सरीसृपों की 22 प्रजातियों, कछुओं की 7 प्रजातियों और मछलियों की 27 प्रजातियों का निवास स्थान भी है। मिनिवेट्स, तीतर, हॉर्नबिल, कठफोड़वा, कोयल, कबूतर और मैना कुछ ऐसे पक्षी हैं जिन्हें आप यहाँ देख सकते हैं। सर्दियों के मौसम में यहां चैती, सारस और आइबिस जैसे प्रवासी पक्षी भी देखे जा सकते हैं।

## गोरुमारा नेशनल पार्क सफारी

सफारी राइड गोरुमारा नेशनल पार्क में सबसे प्रसिद्ध और मज़ेदार गतिविधि वन्यजीव सफारी है जिसकी बिना पार्क की यात्रा कभी पूरी नही होती है। इन सफारी के दौरान आप दूर से ही कई जानवरों, पक्षियों और पार्क की सुंदरता और भव्यता को देख सकते हैं। आप जब भी यहाँ आयेंगें तो दो प्रकार की सफ़ारी चुन सकते हैं– हाथी सफारी और जीप सफारी, जो वन्यजीवों को देखने की गारंटी देती है। आप वन विभाग से अपनी वन सफारी बुक कर सकते हैं और गोरुमारा नेशनल पार्क की ट्रिप को एन्जॉय कर सकते है।

## गोरुमारा नेशनल पार्क में घूमने की जगहें

यदि आप गोरुमारा नेशनल पार्क की यात्रा को प्लान कर रहे हैं तो हम आपको बता दे गोरुमारा नेशनल पार्क में विभिन्न वन्यजीवों के अलावा आप अन्य कई प्रसिद्ध जगहें भी हैं जिन्हें देखने के लिए जा सकते है।

## जात्राप्रसाद

जात्राप्रसाद वॉच टॉवर गोरुमारा नेशनल पार्क का सबसे प्रसिद्ध लुकआउट है, और इसका नाम एक मादा हाथी के नाम पर रखा गया है जो अपनी देखभाल करने वाले स्वभाव के लिए प्रसिद्ध थी। इस प्रहरीदुर्ग का प्रवेश बिंदु राष्ट्रीय उद्यान के उत्तरी भाग में राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से है। वॉचटावर के ठीक नीचे नमक की झीलें इसे वन्यजीवों को देखने के लिए एक आकर्षक जगह बनाती हैं, खासकर सुबह या देर दोपहर की सफारी के दौरान।



## मेथला वॉचटावर

यह वॉचटावर राष्ट्रीय उद्यान के पूर्वी किनारे की ओर कालीपुर इको गांव में स्थित है। यहां अद्वितीय बैलगाड़ी चालित सफारी उपलब्ध हैं जो पर्यटकों को काफी आकर्षित और मनोरंजित करती है।

## चंद्रचूर वॉचटावर

यह वॉचटावर विशाल और खुले घास के मैदान के बीच में स्थित है। यहां एक छोटा तालाब और नमक की झील भी है।

## गोरुमारा नेशनल पार्क की टाइमिंग

बता दे गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान प्रत्येक गुरुवार और 16 जून से 15 सितंबर को छोड़कर प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक खुला रहता है।





## गोरुमारा नेशनल पार्क की यात्रा के लिए टिप्स


यदि आप गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा पर जाने वाले है, तो किसी भी दुर्घटना और परेशानी से बचने के लिए नीचे दिए इन टिप्स को अपनी यात्रा के दौरान अवश्य फोलो करें –

- गोरुमारा नेशनल पार्क की यात्रा पर जाने से पहले रूम और सफारी की बुकिंग अवश्य कर ले, क्योंकि पीक सीजन में कभी कभी सफारी और होटल्स की तुरंत बुकिंग करना थोड़ा मुश्किल होता है, जो आपकी यात्रा को प्रभावित कर सकते है।
- अपनी ट्रिप में चमकीले रंगों के कपड़े न पहनें क्योंकि यह खतरनाक जानवरों को आकर्षित कर सकता है।
- पार्क के किसी प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने की कोशिश ना करें
- सफारी राइड में अपने गाइड की परमिशन के बिना जीप से बाहर ना निकलें।
- गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा में कैमरा, दूरबीन,सनग्लासेस और अन्य आवश्यक चीजें जरूर साथ रखें।
- पार्क में किसी भी जानवर को खिलाने या उनके पास जाने की कोशिश ना करें।

बता दे गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा में स्मोकिंग बिलकुल ना करें, क्योंकि इससे आग लगने का खतरा बना रहता है।

## गोरुमारा नेशनल पार्क घूमने जाने का बेस्ट टाइम

गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों के घूमने के लिए 15 जून से 15 सितंबर तक बंद रहता है। इसीलिए आप 15 सितंबर से 15 जून कभी भी गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान घूमने जा सकते है। लेकिन यदि हम गोरुमारा नेशनल पार्क घूमने जाने के लिए सबसे अच्छा समय की बात करे, तो अक्टूबर से अप्रैल गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान घूमने जाने के लिए बेस्ट टाइम होता है। क्योंकि सर्दियों का समय ऐसा समय होता है, जब गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान में आप बंगाल टाइगर, हिरण सहित बिभिन्न वन्य जीवो को धूप सेकते हुए देख सकते है।



शेषनाग झील जम्मू कश्मीर में पहलगाम के पास स्थित है। 3590 मीटर की ऊंचाई वाली यह झील पहलगाम से कुल 23 किलोमीटर दूरी पर स्थित अमरनाथ गुफा तक जाती है। इसलिए जो यात्री अमरनाथ की यात्रा पर जाते हैं, वे शेषनाग झील भी जाते हैं। झील की लंबाई 1.1 किमी और चौड़ाई 1.7 किमी है। झील का नाम शेषनाग के नाम पर रखा गया है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार इसका अर्थ होता है दिव्य नाग या नागों का राजा। ऐसा कहा जाता है कि खुद नाग ने ही इस झील को खोदा था और यहीं अपना निवास स्थान बना लिया।

# सापों के राजा शेषनाग के नाम पर रखा गया है इस झील का नाम

शेषनाग को कई बार 5 सिर के साथ देखा गया है तो कई बार छह, सात और सौ सिरों के साथ। पर हिन्दू धर्म में शेषनाग के सात सिर ही माने जाते हैं। शेषनाग झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है, ऐसा इसलिए क्योंकि यह अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित है। इस झील के प्राकृतिक परिवेश में हरेभरे चरागह और बर्फ से ढके पहाड़ पर्यटकों को मोहित कर देते हैं। चंदनवारी से ऊपर की ओर जाने वाली ट्रेक या टट्टू की सवारी द्वारा इस झील तक पहुंचा जा सकता है। खास बात यह है कि सर्दियों में यह झील जम जाती है और गर्मियों के दौरान झील का पानी आमतौर पर ठंडा रहता है। यह झील देश के सबसे प्राचीन तीर्थ स्थलों में से एक है, जहां हर साल सैकड़ों भक्त आते हैं। 250 फीट गहरी इस झील की कोई तारीख उल्लेखित नहीं है, लेकिन शेषनाग कई हजार सालों से अस्तित्व में है।

## कौन हैं शेषनाग

शेषनाग का अर्थ सापों के राजा से है। इसके अलावा शेषनाग भगवान विष्णु का सिंहासन भी है। शेषनाग एक बड़ा सिर वाला नाग है, जिसे हिंदू पौराणिक कथाओं में नागों के राजा के रूप में जाना जाता है। मिथक के अनुसार ब्रह्मांड के सभी ग्रह नाग के सिर पर होते हैं और हर बार जब वह पृथ्वी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करता है तो भूकंप आता है। अमरनाथ जाने वाले सभी भक्त शेषनाग झील जरूर जाते हैं। साइंस के अनुसार यह झील बहुत अल्पपोशी है। अल्पपोशी का अर्थ है कम पोशक तत्वों का होना, जिससे ऑक्सीजन की मात्रा में इजाफा होता है। इसी वजह से इस झील का पानी काफी साफ और उपयोग करने वाला है। पर्यटक झील के पानी में ट्राउट मछलियों को देख सकते हैं, ये ऐसी मछलियां होती हैं, जिन्हें ऑक्सीजन की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

## शेषनाग झील की पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव देवी पार्वती को अमरकथा सुनाने के लिए अमरनाथ ले जा रहे थे। वे चाहते थे कि इस कथा को कोई न सुने। क्योंकि जो इस कथा को सुनेगा वो हमेशा के लिए अमर हो जाएगा। इसलिए उन्होंने अपने अनंत सांपों –नागों को अनंतनाग में बैल नंदी को पहलगाम में और चंद्रमा को चंदनवाडी में ही छोड़ गए थे। लेकिन शेषनाग उनके साथ गया था, जिसे उन्होंने इस झील में छोड़ दिया था। ताकि कोई इस झील को पार कर आगे न जा पाए। यही वजह है कि झील का नाम शेषनाग पड़ गया। दूसरी कथा यह है कि शेषनाग ने खुद इस जगह को खोदा और यहां रहने लगे। यहां के निवासियों का तो यह भी कहना है कि शेषनाग आज भी यहां रहते हैं और आज भी इस झील को कोई पार नहीं कर सकता।

## शेषनाग झील का रहस्य

शेषनाग झील से जुड़ा एक ऐसा रहस्य है, जिससे सुनने के बाद हर कोई अचंभित हो जाता है। इस झील में घटने वाली एक घटना सदियों से हो रही है। यहां के स्थानीय लोगों में इस झील के प्रति गहरी आस्था और विश्वास है। झील के बारे में बताया जाता है कि इस झील में शेषनाग निवास करते हैं। 24 घंटों में एक बार खुशनसीबियों को ही शेषनाग के अद्भुत दर्शन होते हैं। सबसे हैरानी वाली बात तो ये है कि इस झील में शेषनाग की आकृति साफ झलकती है। ये आकृति पानी पर उभरकर आती है, जिसे देखने के लिए भक्तों की भीड़ यहां जमा हो जाती है। हर साल हजारों लोग शेषनाग की आकृति को देखने के मकसद से यहां पहुंचते हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# गुजारा भत्ता- पुराने कानून, नए तेवर

मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते से जुड़े एक मामले में बुधवार को आया सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला न सिर्फ इस जटिल मुद्दे पर प्रगतिशीलता की रोशनी डालता है बल्कि समाज में बराबरी की हैसियत के लिए जूझतीं महिलाओं को ताकत देता है। शीर्ष अदालत ने इस फैसले के जरिए बताया है कि सही ढंग से व्याख्या करके पुराने कानूनों को भी नया तेवर दिया जा सकता है। मामला मूलत- मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के सवाल से जुड़ा था जो देश में मजहब, कानून और राजनीति से जुड़ा एक जटिल मसला रहा है। अस्सी के दशक में चर्चित हुआ शाहबानो मामला आज भी इन तीनों हलकों की चर्चा में उठता रहता है। उस मामले में सुप्रीम कोर्ट के प्रगतिशील कदम को संसद से नया कानून बनवाकर पलटने की कोशिश तत्कालीन सरकार ने की थी। लेकिन उस समय से अब तक न सिर्फ राजनीति बल्कि समाज का स्वरूप भी काफी बदल चुका है। अब न तो राजनीति उस तरह के आग्रहों से संचालित होती दिखती है और न समाज। खासकर समाज की महिलाएं उन्हें बर्दाशत करने की स्थिति में हैं, जिनके दबाव में राजीव गांधी सरकार ने शाहबानो केस के फैसले को पलटने का निर्णय किया था। इसकी तसदीक इस बात से भी होती है कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले को भी जहां राजनीति की एक धारा राजीव सरकार के उस फैसले से जोड़कर देख रही है, वहीं दूसरी धारा इससे असहज महसूस कर रही है। यह बात भी दुरुस्त है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को मुस्लिम महिलाओं तक सीमित मानना इसकी संभावनाओं को कम करके देखना होगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट व्यवस्था यह दी है कि चाहे महिला किसी भी धर्म-संप्रदाय की हो, उसकी शादी और तलाक की विधि चाहे जो भी रही है, वह सीआरपीसी की धारा 125 के प्रावधानों के तहत गुजारा भत्ता देने की मांग कर सकती है। देश का कोई भी अन्य कानून उसे इससे नहीं रोकता। स्पष्ट रूप से यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए महिलाओं को अहसास कराया है कि चाहे शादी में रहते हुए खुद को सशक्त महसूस करने की बात हो या परिवार के दायरे से निकलने के बाद अपना हक सुनिश्चित करने की, देश के कानून की शक्ति उनके साथ है। ऐसा मानने का आधार यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए न्याय व्यवस्था को यह संदेश भी दिया है कि कानून को लागू करते हुए और इसकी व्याख्या करते हुए स्त्री-पुरुष समानता और कमजोर तबकों के हितों की सुरक्षा जैसे मूल्यों को ध्यान में रखने की जरूरत है।

## हादसों की बनी सड़क

तमाम सरकारी दावों के बावजूद देश में सड़क दुर्घटनाएं कम नहीं हो पा रही हैं। आए दिन बड़े सड़क हादसों की खबरें आ जाती हैं। खासकर आधुनिक तकनीक से बने एक्सप्रेस-वे पर भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार बस के टैंकर से टकराने और उसमें अठारह लोगों के मारे जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। पहले भी इस मार्ग पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं। सवाल है कि एक्सप्रेस-वे पर आखिर इतने बड़े हादसे क्यों हो रहे हैं? पिछले वर्ष नवंबर में केंद्र सरकार की तरफ से जारी एक रपट के मुताबिक, 2022 में देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 32.9 फीसद एक्सप्रेस-वे पर हुईं और इनकी वजह तेज रफ्तार थी। दरअसल, एक्सप्रेस-वे पर दिन-प्रतिदिन वाहनों का दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में तेज गति से गाड़ी चलाने पर दुर्घटना की संभावना हर वक्त बनी रहती है।वैसे तो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। मगर, ये कानून तभी कारगर साबित होंगे, जब प्रशासनिक तंत्र इन पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करेगा। अक्सर देखा गया है कि दुर्घटना संभावित चिह्नित स्थलों पर भी वाहनों की निगरानी के लिए माकूल व्यवस्था नदारद होती है। हालांकि, एक्सप्रेस-वे पर सीसीटीवी की व्यवस्था है, लेकिन उनकी भी नियमित निगरानी किए जाने की जरूरत है, ताकि दुर्घटना के संभावित खतरों को समय रहते टाला जा सके।बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर एक्सप्रेस-वे पर यातायात पुलिस की गश्त बढ़ाने, आपात सेवा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करने तथा कार्रवाई में देरी करने पर जिम्मेदारी तय करने का मुद्दा भी उठाया जाता रहा है। मगर, इस दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आती है।

# 40 साल बाद 'पलटा' गया एक महत्वपूर्ण फैसला

**(संजय सक्सेना)**

*चालीस सालों में हालात काफी बदल चुके हैं। तब कांग्रेस पावरफुल हुआ करती थी उसकी जगह बीजेपी ने ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी पंथनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं गुजारा भत्ता के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं।*

चालीस साल बाद अब एक बार फिर उसी सुप्रीम कोर्ट ने इतिहास को दोहराते हुए एक अहम फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारे भत्ता लेने के हक की बात कही है। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। जब हुकूमत बदलती है तो संवैधानिक संस्थाओं का कामकाज का तरीका और नजरिया भी बदल जाता है। याद कीजिए मोदी सरकार के आने से पूर्व तक कैसे अयोध्या में रामलला के जन्म स्थान, वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर-मस्जिद और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लटकाया जाता रहा था। कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने पर खूब-खराबे की बात कही जाती थी। एक बार में तीन तलाक को शरिया की आड़ में सही ठहरा के लाखों मुस्लिम महिलाओं को एक झटके में घर से बेखर कर दिया जाता था और सरकारें तुष्टिकरण की सियासत और मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में उफ तक नहीं करती थीं। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शरिया की चादर ओढ़कर सरकार पर दबाव बनाने का काम करता था। हलाला के नाम पर महिलाओं का शारीरिक शोषण और मानसिक शोषण को एक परम्परा बना दिया गया था। मुस्लिम महिलाओं को पारिवारिक सम्पति में उनके हुकूक से महरूम रखा जाता था। बहु विवाह महिलाओं के लिये एक अभिशाप बन हुआ है। धर्म की आड़ में वक्फ बोर्ड जैसी संस्थाएं किसी की भी जमीन मकान पर अपना मालिकाना हक जता देते थे। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने जब एक तलाकशुदा बुजुर्ग मुस्लिम महिला शाहबानो को उसके शौहर से चंद रुपये का मुआवजा देने का आदेश सुनाया तो राजीव गांधी सरकार ने इस फैसले को पलटने में देरी नहीं लगाई थी। खैर, चालीस साल बाद अब एक बार फिर उसी सुप्रीम कोर्ट ने इतिहास को दोहराते हुए एक अहम फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारे भत्ता लेने के हक की बात कही है। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। दोनों जजों ने फैसला तो अलग-अलग सुनाया, लेकिन दोनों की राय एक ही थी। दोनों ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला भी गुजारा भत्ता पाने के लिए पति के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 125 के तहत केस कर सकती हैं।सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला ठीक वैसा ही है, जैसा कि 23 अप्रैल 1985 में शाहबानो मामले में दिया गया था। दरअसल, 1985 में इंदौर की एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो ने गुजारा भत्ता हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके पति मोहम्मद अहमद खान को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया।कट्टरपंथी मुस्लिमों ने इस फैसले को शरिया में दखलंदाजी करार देते हुए विरोध शुरू कर दिया। उस समय की मौजूदा राजीव गांधी सरकार जो मुस्लिम वोटों की बड़ी दावेदार थी, उसे जब लगा कि उसका मुस्लिम वोट बैंक इस फैसले से खिसक सकता है तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के विरोध के आगे झुक गये और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी बनाने के लिए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 लाकर मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कोर्ट के फैसले को पलट दिया। राजीव गांधी सरकार द्वारा लाए गए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 की संवैधानिक वैधता को 2001 में डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी। डेनियल लतीफी वकील थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में शाहबानो का प्रतिनिधित्व किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 1986 के कानून की व्याख्या इस तरह से की जिससे की अधिनियम में लागू की गई रोक एक तरह से अप्रभावी हो गई। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि महिलाओं के अधिकार इद्दत की अवधि के आगे भी रहते हैं। कोर्ट के इस फैसले ने सुनिश्चित किया कि मुस्लिम महिलाओं को गरिमा के साथ अपना जीवन जीने के लिए उचित मदद मिले। राजीव गांधी सरकार ने भले ही शाहबानों केस में मुआवजे के सुप्रीम कोर्ट के आदेश वाले फैसले को कानून बनाकर पलट दिया था,लेकिन मुस्लिम महिलाओं के हक की लड़ाई कभी थमी नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने 2009 में जोर देकर कहा था कि धर्म का पालन करने के अधिकार में दूसरों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का अधिकार शामिल नहीं है। यह बात खास कर लैंगिक समानता के परिप्रेक्ष्य में कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस बात की पुष्टि की गई थी कि पर्सनल ला संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप होने चाहिए। इसी प्रकार 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने शमीम बानो नाम असरफ खान मामले में कहा था कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी अपने पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है और मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष इसके लिए आवेदन कर सकती है। फैसले में इस बात पर जोर दिया गया था कि मुस्लिम पति की जिम्मेदारी हैं कि वह तलाकशुदा पत्नी के भविष्य के लिए गुजारा भत्ता सहित उचित व्यवस्था करें और यह बात इद्दत की अवधि से आगे के लिए भी लागू होती है। इस कड़ी में 2017 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को भी नहीं भुलाया जा सकता है।जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को असंवैधानिक और अवैध करार दे दिया था। कोर्ट ने कहा कि तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। कुल मिलाकर 10 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट का अपने अहम फैसले में मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने का आदेश व्यापक प्रभाव वाला है। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी पति से भरण-पोषण यानी गुजारा भत्ता पाने की हकदार हों इसमें कोई बुराई भी नहीं हैं। ऐसे फैसलों पर धर्म के नाम पर कतई विवाद नहीं होना चाहिए।लम्बे समय से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं हक से महरूम थीं।संभवता अब उन्हें न्याय मिल पाये। क्योंकि इस फैसले के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी सरकार की ओर से उठाए गए एक गलत कदम का प्रतिकार करने के साथ ही मुस्लिम महिलाओं को न्याय देने का काम किया है। एक तरह से इस निर्णय के जरिये सुप्रीम कोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि 1985 उसकी पूर्ववर्ती बेंच के द्वारा शाहबानो मामले में दिया गया फैसला सर्वथा उचित एवं संविधान सम्मत था भले ही राजीव गांधी सरकार ने उसे पलट दिया था। 1986 में कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के दबाव में आकर उनके मन मुताबिक और शरिया के अनुकूल मुस्लिम महिला अधिनियम बनाया था।

# अमेरिकी राजनीति में बूढ़ों की भरमार क्यों है? क्यों वहां युवा नेता आगे नहीं बढ़ पाते?

**(नीरज कुमार दुबे )**

दुनिया भर में इस समय जो बहस चल रही है वह यह है कि दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र में क्या कोई युवा राष्ट्रपति पद के योग्य नहीं है? हम आपको बता दें कि बात सिर्फ बाइडन की ही नहीं है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप भी उम्रदराज हैं। इस साल अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन का मुकाबला उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से होगा। लेकिन जिस तरह बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर तमाम तरह की खबरें आ रही हैं उससे उनका चुनाव लड़ना संदिग्ध लग रहा है। हालांकि बाइडन अड़े हैं कि वह राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगे और एक बार फिर ट्रंप को हरा कर दिखाएंगे लेकिन अब उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी भी इस पक्ष में दिख रही है कि बाइडन राष्ट्रपति की रेस से बाहर हो जायें। हाल में आयोजित बहस के दौरान ट्रंप से मुकाबला करते हुए बाइडन पिछड़ गये थे उसको देखते हुए अमेरिका में यह भावना आ रही है कि किसी और को आगे किया जाये। देखना होगा कि बाइडन की पार्टी का अंतिम निर्णय क्या होता है। लेकिन दुनिया भर में इस समय जो बहस चल रही है वह यह है कि दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र में क्या कोई युवा राष्ट्रपति पद के योग्य नहीं है? हम आपको बता दें कि बात सिर्फ बाइडन की ही नहीं है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप भी उम्रदराज हैं। इसलिए सवाल उठ रहा है कि क्यों किसी युवा को आगे नहीं किया जाता? वैसे हम आपको बता दें कि ऐसा नहीं है कि अमेरिका में सिर्फ राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ही बूढ़े हैं। अगर आप अमेरिकी संसद यानि कांग्रेस पर नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसके लगभग 20त्न सदस्य 70 या उससे अधिक उम्र के हैं, जबकि लगभग 6त्न सदस्य 40 से कम उम्र के हैं। कई हाई-प्रोफाइल अमेरिकी राजनेताओं की उम्र 80 के करीब या उससे अधिक है, जिसमें दोनों पार्टियों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भी शामिल हैं। सवाल उठता है कि अमेरिकी राजनीति में उम्रदराज लोगों का ही बोलबाला क्यों है? सवाल यह भी उठता है कि अमेरिकी कांग्रेस में युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व इतना कम क्यों है? देखा जाये तो ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकी राजनीतिक प्रणाली युवाओं के लिए बनाई ही नहीं गयी है। अगर कोई युवा अमेरिकी कांग्रेस का चुनाव लड़ना चाहता है तो उसके पास सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वह भारी भरकम खर्च का जुगाड़ कैसे करेगा? जबकि उम्रदराज और पहले से राजनीति कर रहे नेताओं के पास अपना अच्छा नेटवर्क होता है जिसके चलते वह अपने लिए चुनाव अभियान आसानी से चला सकते हैं और चुनाव में खर्च के लिए अच्छा खासा फंड भी एकत्रित कर लेते हैं। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राजनीति में शानदार चुनाव अभियान बहुत मायने रखते हैं। दूसरी ओर युवाओं के लिए राजनीति में आने का मतलब है कामकाज से कम से कम एक साल की छुट्टी। यदि कोई पहले से ही अमीर है, तो चुनाव लड़ना उसके लिए कोई बड़ी बात नहीं होती, यदि उसके पास अच्छी खासी बचत है तब भी वह अपना काम चलाते हुए अपने चुनाव अभियान को आगे बढ़ा लेता है लेकिन अगर किसी के पास धन नहीं है तो उसे कोई नहीं पूछता। इसीलिए युवा अमेरिकी कांग्रेस तक पहुंचने की दौड़ में शामिल नहीं हो पाते। इसके अलावा, संभावित युवा उम्मीदवारों को पैसे के अलावा समय की भी कमी का सामना करना पड़ता है। युवाओं के लिए स्थिर कॅरियर, परिवार शुरू करना और आर्थिक सुरक्षा प्राथमिकता होते हैं। जबकि उम्रदराज लोगों के पास समय भी होता है और आर्थिक सुरक्षा भी होती है तथा अनुभव भी होता है इसलिए वह युवाओं पर भारी पड़ते हैं। साथ ही कांग्रेस तक पहुंचने में रुचि रखने वाले बुजुर्ग अमेरिकियों को कुछ प्रमुख चुनावी लाभ भी मिलते हैं। जैसे अमेरिकी जनता का अक्सर यह मानना रहा है कि पुरानी पीढ़ी के लोग युवाओं की अपेक्षा ज्यादा गुणवत्ता वाला काम करते हैं। अमेरिकी मतदाता यह भी मानते हैं कि चूंकि उनका देश ही एक तरह से विश्व भर के मामलों में निर्णायक भूमिका निभाता है इसलिए सर्वोच्च पद पर किसी अनुभवी व्यक्ति का बैठना जरूरी है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5433

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5432

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन संतोष और शांति का है और आपको प्रयासों में सफलता मिलेगी। आपको शासन और सत्ता के मामले में गठजोड़ करने से लाभ मिल सकता है। आपको नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

### वृष
आज दिन शुभ है और आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में आपका वक्त परिवार और अतिथियों के साथ बीतेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### मिथुन
आज दिन शुभ है और आपके लिए आमदनी के नए स्त्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकता है। विरोधियों का अंत होगा और कार्य में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों का अंत होगा।

### तुला
आज लाभ और सम्मान का दिन है और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या फिर चोरी होने की आशंका है। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। रात में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और कारोबार में जारी प्रयास में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च व कीर्ति की वृद्धि होगी और आपके धन में वृद्धि होगी व सम्मान की प्राप्ति होगी। भाग्य आपका साथ देगा।

### धनु
आज लाभ होगा और आपको करियर में उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। शाम को परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार मिलेगा।

### कर्क
आज भाग्य में वृद्धि होगी और रुके कार्य संपन्न होंगे। विवाद और अकारण शत्रुपत्ति का अंत होगा। आप अपने दिमाग से जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपको कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े से बचें।

### सिंह
आज लाभ और काफी समय से रुका कोई कार्य संपन्न होगा। परिवार में किसी से लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आपकी वस्तुएं चोरी होने से आपका नुकसान हो सकता है। सतर्क रहें। सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा और आपको प्रशंसा मिलने से पूरा दिन पूरा दिन प्रसन्नता में बीतेगा। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं और आपके लिए भाग्य में वृद्धि का दिन है।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और कार्य पूर्ण होंगे। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है। प्रणय संबंधों के मामले में समय अच्छा बीतेगा।

### कुंभ
आज दिन मिलाजुला रहेगर। आपको काफी दौड़भाग भी करनी पड़ सकती है। आपके घर में किसी के बीमार होने से आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको सम्मान का लाभ मिलेगा। दिन परिवार के साथ आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

### मीन
आज करियर में लाभ होगा और आपने जो काम आज के लिए सोचकर रखे थे, वे पूरे होंगे। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। संतान पक्ष से आशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम का वक्त रुके कार्य पूर्ण करने में बीतेगा और आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा। रात वक्त परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

## वर्ग पहेली 5433

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| 10 | | ■ | 11 | | | | ■ |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ | |
| ■ | 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | ■ | | ■ |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 31 अगस्त 1919 को इस महान कवियत्री, उपन्यासकार और निंबधकार ने जन्म लिया था (6)
6. अयोध्या के सूर्यवंशीय राजा का नाम जिनकी दूसरीरानी सुमति के गर्भ से 60 हजार पुत्र हुए थे (3)
8. दयालु, कृपालु, मेहरबान (4)
10. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
11. कामयाबी, सफल होने का भाव (4)
12. तत्पर, तेयार, उद्यत (3)
14. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
16. परसों के पहले या आने वाले दिन में (3)
18. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (3)
20. धोखा देकर माल, असबाब लूटना (3)
22. मुस्मिल धर्म के मानने वालों का पवित्र ग्रंथ (3)
23. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)
24. घोर ध्वनि करना, बजाना (3)
25. वर के साथ कन्या पक्ष के यहां जाने वालों का समूह (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. गेर बराबरी, विषमता (5)
2. शिकार हेतु गमन, आखेट (3)
3. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तंतु या डोर (2)
4. पक्षपाती, हिमायती (5)
5. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी (3)
6. एक प्रश्ववाचक सर्वनाम (2)
9. मातृ, जन्म देने वाली स्त्री (2)
11. बराबरी, तुल्यता, समान होने का भाव (4)
13. 1918 में गणराज्य बने ऑट्रिया देश की यह राजधानी है (3)
15. भेंट,उपहार, सौगात (4)
17. सूखे अदरक, को यह भी कहते है (2)
19. जो रिश्तें में पति की बहन हो (3)
21. फूलों की घनी गुंथी छोटी माला जिसे प्रायः स्त्रियां बालों में संवारने के लिए लगाती है (3)

### वर्ग पहेली 5432 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ली | म | ■ | रा | म | बो | ला |
| ह | मा | म | ■ | ज | म | ना | ■ |
| ना | ■ | ता | दा | द | | | सो |
| य | दि | ■ | मा | ■ | सं | को | च |
| क | वा | य | द | ■ | त | ह | ■ |
| ■ | लि | ■ | ■ | स | ■ | रा | न |
| आ | या | सा | व | न | झू | म | के |
| स्था | ■ | थी | ■ | म | ठ | ■ | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से होगी कर्बला की निगरानी

**धनबाद, एजेंसी।** कर्बला वेलफेयर कमेटी की ओर से मुहर्रम की पूरी तैयारी की गई है। 17 जुलाई को मुहर्रम के दसवें आशुरा के दिन विभिन्न क्षेत्रों से अखाड़ा यहां पहुंचता है, जिनके स्वागत की जिम्मेदारी धनबाद कर्बला वेलफेयर कमेटी की होती है। रविवार को कमेटी की ओर से प्रेस वार्ता कर जानकारी दी गई कि यहां ताजिया लाने वाले लोगों की सहूलियत का पूरा ख्याल रखा जाएगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद की गई है। बताया कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत के दिन पूरे अकीदत के साथ लोग बैंक मोड़ कर्बला में फतिहा और दुआ करने के लिए आते हैं। हजारों की संख्या में महिला और पुरुष बच्चे बुजुर्गों की भीड़ यहां लगती है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे कैंपस में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। उस दिन ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी और पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर किया जाएगा। रविवार को ही इस मौके पर शहादत इमाम हुसैन का एक रुक रोजा जलसा का आयोजन किया गया।

### राशन नहीं मिलने की बीडीओ से की शिकायत

**चाईबासा, एजेंसी।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सरायकेला खरसावां जिले के सह प्रभारी सुरेश सावैयां ने सोमवार को खरसावां विधानसभा क्षेत्र के दौरा किया। दौरे के क्रम में खुंटपानी के युवा नेता रेंगों पूर्ती ने बताया कि खुंटपानी प्रखंड के कुचुहातु, बागुसरेंग और गाड़ाहातु के ग्रामीणों को विगत पांच माह से राशन नहीं मिल रहा है। जिसके उपरांत प्रदेश सचिव ने ग्रामीणों संग बीडीओ सुमित मिश्रा से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या को रखा। बीडीओ ने बताया कि डीलर किशोर होनहागा को उनकी कार्यनीति से असंतुष्ट होकर एक माह पूर्व ही निलंबित कर दिया गया है, उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सप्ताह भर के भीतर ही नए डीलर की नियुक्ति कर इस माह के राशन के साथ पूर्व का बकाया राशन भी वितरण करा दिया जाएगा।

### काम से बैठाए गए ठेका मजदूरों व यूनियन ने किया बैठक

**चाईबासा/गुवा, एजेंसी।** झारखंड मजदूर यूनियन, बराईबुरु की बैठक सोमवार को तितलीघाट गांव स्थित सामुदायिक भवन प्रांगण में अध्यक्ष दीनबंधु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि टाटा स्टील की विजय-टू खदान में वेंडर मेक्मो के अधीन कार्यरत लगभग 50 मजदूरों को पिछले डेढ़ माह से काम से बैठा दिया गया है। यह सारे मजदूर सारंडा के तितलीघाट, बाईहातु, बराईबुरु, दिरीबुरु, बड़ाजामदा, ससंगदा, बहदा आदि गांव क्षेत्र के हैं। इनके सामने भुखमरी व बेरोजगारी की गंभीर संकट उत्पन्न हो गई है। मजदूरों ने कहा कि पहले वह डायनेमिक के अधीन कार्यरत थे। बाद में मेक्मो के अधीन हो गये थे। वेंडर बदलने के बाद भी सेल की खदानों की तरह मजदूरों को काम से नहीं हटाया जाना चाहिये। तितलीघाट के मुंडा सह मनचुड़िया सिधु ने बताया कि एक वेंडर द्वारा कैंटीन भत्ता 50 रुपये के बजाय 40 रुपये ही दिया जा रहा है। मजदूरों की हाजिरी भी काटी जा रही है। मजदूरों का पीएफ ग्रॉस वेतन पर नहीं काटकर 15 हजार रुपये वेतन फिक्स कर 1800 रुपये काट रहा है।

### ईचागढ़ भाजपा की पारंपरिक सीट है: अरविंद सिंह

**जमशेदपुर, एजेंसी।** ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने कहा कि ईचागढ़ विस क्षेत्र भाजपा की परंपरागत सीट है। इस सीट से भाजपा ने पहली बार 2000 विस चुनाव में जीत दर्ज की थी। इसके बाद भाजपा यहां से लगातार चुनाव लड़ती आ रही है। भाजपा ईचागढ़ विस सीट से दो बार जीती है। इसलिए ईचागढ़ विस क्षेत्र पर पहला दावा भाजपा का है। आजसू का दावा को नकारते हुए पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि आजसू यहां से भाजपा के साथ तालमेल नहीं होने पर पिछली बार चुनाव लड़ा है। लेकिन आजसू की जीत नहीं हो सकी। ऐसे में भाजपा जो यहां से जीत रही है और झामुमो को इस विस क्षेत्र से भाजपा ही हराने में सक्षम है। उन्होने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के रविवार के उस बयान की निंदा की है कि ईचागढ़ विस क्षेत्र से गठबंधन के तहत आजसू लड़ेगा। जबकि भाजपा यहां से अपना दावा नहीं छोड़ेगी। डन्होने कहा कि आजसू के बयान से भाजपा कार्यकर्ताओ में आक्रोश है। भाजपा संगठन यहां मजबूत है। पिछले रांची लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की बढ़त मिलना इसका संकेत है। उन्होने कहा कि भाजपा यहां से हर हाल में अपना दावा करेगी।

# अतिक्रमण : तोड़े जा सकते हैं 206 घर, एनजीटी के नोटिस के चलते कार्रवाई



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर में स्वर्णरेखा नदी तट को अतिक्रमित कर घर बनाने वाले 156 सहित कुल 206 लोगों को राहत मिलने की संभावना नहीं है। इन सभी के खिलाफ झारखंड लोक भूमि अतिक्रमण एक्ट (जेपीएलई) के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। संभव है इनके घर भी तोड़े जाएं। सोमवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव एल ख्यांगते के साथ हुई जिला प्रशासन की बैठक में कार्रवाई जारी रखने का निर्णय हुआ है।

जेपीएलई वाद मामले में जो प्रावधान है उसके मुताबिक अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस का जवाब देना है। अगर वे जवाब नहीं देते हैं तो दो और नोटिस जारी होगा। इसके बाद आदेश पारित कर घर तोड़ने की कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई जो 156 मामले हैं उनके मामले में होगी।

जहां तक रैयती जमीन पर बने घरों का मामला है, इसमें जमशेदपुर अक्षेस और मानगो नगर निगम बिल्डिंग बॉयलॉज के तहत कार्रवाई करेगा। इसके अलावा दलमा इको सेंसेटिव जोन में जो फैक्ट्री या अन्य निर्माण हैं, उनके मामले में वन विभाग नोटिस जारी करेगा। कार्रवाई सभी मामलों में की जानी है। जो जमीन के कागजात पेश करेगा, उसके मामले में आगे सुनवाई होगी।

सरकारी भूमि पर जो 156 नोटिस हुए हैं इनमें से 140 घर जमशेदपुर अंचल क्षेत्र के भुइयांडीह क्षेत्र में हैं। मानगो अंचल में 16 घर ही हैं। इनमें से मानगो नगर निगम के पुराने वार्ड आठ में तीन और वार्ड 10 में 13 निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा दलमा के इको सेंसेटिव जोन में हुए निर्माण भी कार्रवाई के दायरे में हैं।

**एनजीटी के नोटिस के कारण हो रही कार्रवाई :** जिला प्रशासन के नाक के नीचे तमाम अवैध निर्माण होते रहे, पर कभी कार्रवाई नहीं हुई। परंतु यह कार्रवाई एनजीटी के कोलकाता बेंच के संज्ञान लेने की वजह से करनी पड़ रही है। जिला प्रशासन इसमें पक्ष है और उसे जवाब देना है। एनजीटी की गाइडलाइन के अनुरूप दलमा वन्य आश्रयणी क्षेत्र और नदी किनारे हुए अतिक्रमण की जांच में 206 निर्माण ऐसे पाए गए हैं, जिनमें 62 भवनों का निर्माण नदी तट के 10 मीटर, जबकि 134 का निर्माण नदी तट के 10-15 मीटर के बीच है। यह निर्माण गाइडलाइन का उल्लंघन है।

### छिनतई के आरोप में युवक गिरफ्तार

**देवघर, एजेंसी।** नगर पुलिस की पुलिस ने थाना क्षेत्र के रिफ्यूजी कॉलोनी में छापेमारी कर टोटो चालक को मारपीट कर रुपए छिनतई करने के आरोप में नामजद आरोपी अजुर्न महथा, पिता मिठू महथा को गिरफ्तार किया है। मामले में यातायात डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि आरोपी पर नगर थाना कांड संख्या- 402 दिनांक 6 जुलाई 2024 बीएनएस की धारा 109 (1) 126 (2) 303 (2) के तहत केस दर्ज है। जिसमें जटाही मोहल्ला निवासी अजय कांत महथा ने आरोपी पर चाकू मारकर घायल करते हुए 650 रुपए छीन लेने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं आरोपी को न्यायिक हिरासत में केंद्रीय कारा भेज दिया है।

## जामताड़ा में दिनदहाड़े एक यात्री से छिनतई, अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया तो चलाई गोली, दो की स्थिति गंभीर



**जामताड़ा, एजेंसी।** जामताड़ा में मंगलवार सुबह को दिन-दहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने एक यात्री से छिनतई की घटना को अंजाम दिया. जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सकलपुर गांव की है. घायलों की पहचान देवघर जिले के करों थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोकियारी गांव के हराधन मुर्मू व मदनकट्टा गांव के महेंद्र साव के रूप में हुई है. आनन फानन में दोनों को अस्पताल लाया गया जहां दोनों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. इधर पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिए कार्रवाई तेज कर दी है.

जानकारी के मुताबिक हावड़ा-मोकामा ट्रेन से एक यात्री जामताड़ा के मदनकट्टा स्टेशन पर उतरा. उसी वक्त बाइक सवार अपराधियों ने उनके सामान को छीनकर भागने लगे. जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को शोर मचाकर मदद की गुहार लगायी. उनकी आवाज सुनकर ग्रामीणों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया. लेकिन ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान दो लोगों को गोली लग गयी.

जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये. आनन फानन में दोनों को जामताड़ा सदर अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया है. जहां दोनों की स्थिति अब भी चिंताजनक बतायी जा रही है. इधर, पुलिस को जब इस मामले की जानकारी मिली तो वे घटनास्थल पर लोगों से इसकी जानकारी ली. इसके बाद शिकायत दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि आपराधियों की धर-पकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया गया है. जल्द ही वे हमारी गिरफ्त में होंगे.

### श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, सुल्तानगंज और देवघर तक कर सकेंगे सफर

**देवघर, एजेंसी।** श्रावणी मेला की शुरुआत 22 जुलाई से होने जा रही है। रेलवे ने बिहार के श्रद्धालुओं को भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अजगैवीनाथ धाम और झारखंड के देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम तक ले जाने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा है। बिहार के विभिन्न स्टेशनों से भागलपुर, सुल्तानगंज, जसीडीह और देवघर तक श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके अलावा इस रूट से गुजरने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों का सुल्तानगंज में भी ठहराव दिया जाएगा। बता दें कि श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में कांवरिये सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बाबा धाम तक जाते हैं।

जानकारी के मुताबिक रक्सौल से सुल्तानगंज वाया मुजफ्फरपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इसके अलावा पटना, दानापुर, गोरखपुर से मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर होते हुए देवघर तक भी विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। हालांकि, अभी तक इनकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रेलवे 20 जुलाई तक श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों की लिस्ट जारी कर सकता है।

पूर्व मध्य रेलवे के वरीय अधिकारी ने बताया कि रक्सौल से भागलपुर के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन रक्सौल से सुबह 5:15 बजे खुलेगी और भागलपुर 2:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन सुल्तानगंज, मुंगेर, साहिबपुर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर समेत कई स्टेशन पर रुकेगी। वापसी में ट्रेन शाम 4:30 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 3:15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। गोरखपुर-देवघर स्पेशल का भी मुजफ्फरपुर के रास्ते परिचालन होगा।

अधिकारियों ने बताया कि सुल्तानगंज के अलावा पहले जाघाट के समीप और प्रमुख चौराहों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। इस पर ट्रेनों के आने-जाने की जानकारी दी जाएगी। स्टेशनों पर यात्रियों को पानी मिलेगा।

# झारखंड के प्राथमिक स्कूलों में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा के 12000 शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के युवाओं के लिए अच्छी खबर है. खासकर उन युवाओं के लिए, जिन्होंने जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई की है. ऐसे युवाओं को जल्द ही सरकारी नौकरी मिलेगी.

जी हां, झारखंड के प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा में घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति होगी. इसके लिए जिलों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी गयी थी. जिला स्तर पर विद्यालय में शिक्षकों की आवश्यकता को लेकर सर्वे रिपोर्ट स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेज दी गयी है. जिलों द्वारा भेजी गयी रिपोर्ट के आधार पर जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा में 12 हजार शिक्षकों की नियुक्ति होगी. रिपोर्ट मिलने के बाद अब झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नियुक्ति को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. शिक्षकों के मानदेय भुगतान की राशि व अन्य आवश्यक प्रक्रिया को लेकर प्रस्ताव



कैबिनेट में भेजा जायेगा. शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालय में उन भाषाओं में की जायेगी, जहां कक्षा एक से पांच में प्रति कक्षा न्यूनतम 10 विद्यार्थी उक्त भाषा को बोलने वाले है.किसी विद्यालय में अगर प्रति कक्षा एक से अधिक भाषा बोलने वाले 10 या उससे अधिक विद्यार्थी नामांकित हैं, तो एक से अधिक भाषा में शिक्षक की नियुक्त की जायेगी. जुलाई में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी. शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित होगी. शिक्षक नियुक्ति के लिए मेरिट लिस्ट तैयार करने का मानक तैयार कर लिया गया है.मैट्रिक, इंटर, इंटर में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा का प्राप्तांक, स्नातक, स्नातकोत्तर व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के प्राप्तांक के आधार पर अंक दिया जायेगा. मैट्रिक, स्नातक के लिए 20-20 अंक निर्धारित किये गये हैं. इंटर के लिए 30 अंक व इंटर में जनजातीय, क्षेत्रीय भाषा, स्नातकोत्तर व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा के अंक के लिए 10-10 अंक निर्धारित किया गया है.

राज्य के 15 जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा में शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी. विद्यालयों में संथाली, हो, खड़िया, कुड़ुख, मुंडारी, माल्तो, बिरहोरी, भूमिज, असुर, बांगला, उड़िया, पंचपरगनिया, खोरठा, कुरमाली व नागपुरी भाषा में शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी.

आवेदन जमा करने के लिए अभ्यर्थी का इंटर 45 फीसदी अंक होना अनिवार्य है. इसके अलावा अभ्यर्थी जिस विषय में नियुक्ति के लिए आवेदन जमा करेंगे, उस विषय में इंटर में पास होना अनिवार्य है. अभ्यर्थियों के लिए उम्र सीमा 21 से 45 वर्ष निर्धारित की गयी है.

## मुहर्रम को लेकर सात जोन में बंटा धनबाद, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**धनबाद, एजेंसी।** मंगलवार अपराह्न दो बजे से 18 जुलाई की सुबह छह बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष, सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से धनबाद जिला को सात जोन में बांटा है. सात जोनल दंडाधिकारी व वरीय पुलिस अधिकारियों की तैनाती जोनल प्रभारी के रूप में किया गया है. सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने मुहर्रम को लेकर संयुक्त आदेश जारी किया है.

मुहर्रम को लेकर जिला को धनबाद, कतरास, चिरकुंडा, झरिया, गोविंदपुर, टुंडी एवं तोपचांची जोन में बांटा गया है. सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे. 16 जुलाई को अपराह्न दो बजे से 18 जुलाई की सुबह छह बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा. अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में रहेंगे. जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 2311217, 2311807 व 100 है. एसएनएमएमसीएच व सेंट्रल हॉस्पिटल में रोटेशन पर रहेंगे डॉक्टर किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना के फलस्वरुप त्वरित इलाज के लिए बीसीसीएल के सेंट्रल हॉस्पिटल जगजीवन नगर तथा एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक को आकस्मिक वार्ड में समुचित व्यवस्था के साथ-साथ चिकित्सकों की टीम पालीवार प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया गया है.

साथ ही, सिविल सर्जन को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे पालीवार चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम व कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं एंबुलेंस रखने का आदेश दिया गया है. संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप आदि पर लगातार नजर रखने का निर्देश गया है. इसके अलावा साफ-सफाई एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है.

## समाहरणालय में शिफ्ट होगा धनबाद का रजिस्ट्री कार्यालय

**रांची, एजेंसी।** आइजी रजिस्ट्रेशन ने रजिस्ट्री विभाग को भेजा पत्र समाहरणालय में धनबाद का रजिस्ट्री कार्यालय शिफ्ट होगा. आइजी रजिस्ट्रेशन रांची ने रजिस्ट्री विभाग को यथाशीघ्र समाहरणालय में शिफ्ट करने का निर्देश दिया है. आइजी रजिस्ट्रेशन का यह दूसरा पत्र आया है. आइजी रजिस्ट्रेशन के पत्र को लेकर विभाग में ऊहापोह की स्थिति बन गयी है. हालांकि उपायुक्त सह रजिस्ट्रार की ओर से शिफ्टिंग के संबंध में किसी तरह का कोई निर्देश नहीं आया है. जानकारी के मुताबक नये समाहरणालय में क्रमबद्ध विभागों को शिफ्ट कराया जा रहा है. रजिस्ट्री कार्यालय धनबाद के लिए भी समाहरणालय में हॉल व रूम बनकर तैयार है. अवर निबंधक कार्यालय धनबाद में 1800 ईसवी से लेकर 2024 तक के रिकॉर्ड है. दो साल पहले रिकॉर्ड रूम का एक्सटेंशन कर और बड़ा बनाया गया है. डीड राइटरों की मानें तो यहां से रजिस्ट्री कार्यालय को समाहरणालय में शिफ्ट करने से समस्या बढ़ेगी. सरकारी जमीन पर रजिस्ट्री कार्यालय है. समाहरणालय में रिकॉर्ड रूम के लिए कोई व्यवस्था नहीं है. ऐसे में अगर अवर निबंधक समाहरणालय में बैठेंगे तो रिकॉर्ड के लिए उन्हें आना पड़ेगा. उनकी निगरानी में ही रिकॉर्ड रूम खुलता है. शिफ्टिंग में यह सबसे बड़ी समस्या है. इसके अलावा पार्किंग व अन्य कई समस्याओं से भी जूझना पड़ेगा.

## झारटेफ की बलियापुर इकाई का गठन



**रांची, एजेंसी।** दीपक कुमार अध्यक्ष व राकेश सचिव चुने गये झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड इंप्लाइज फेडरेशन (झारटेफ) बलियापुर प्रखंड इकाई का चुनाव सह कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को प्लस टू उवि बलियापुर के सभागार में किया गया. अध्यक्षता झारोटेफ/एनएमओपीएस के जिला कमेटी के वरीय सदस्य सुरेंद्र पांडेय ने की. इस दौरान बलियापुर प्रखंड इकाई का गठन किया गया. अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष कुलदीप, उपाध्यक्ष टिंकू आचार्य व संजीत घोष, संयुक्त सचिव निकिता कुमारी एवं मसीह सांगा के अलावा राज्य प्रतिनिधि में पवन ठाकुर व वीरेंद्र कुमार बनाये गये,. वहीं सभी 23 पंचायतों से एक-एक पंचायत प्रतिनिधि का मनोनयन किया गया. चुनाव में पर्यवेक्षक जोनल सचेतक मो इकबाल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संध्या रानी, सचिव जगजीत कौर, निर्वाचन पदाधिकारी में जिला संरक्षक बृजभूषण पांडेय थे. संचालन कुलदीप ने किया. उप महासचिव ब्रजेश भट्ट ने चुनाव की रुपरेखा की विस्तृत जानकारी दी. बाद में चयनित सभी पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया गया. जिला सचिव राकेश कुमार ने नवनियुक्त सदस्यों/पदाधिकारियों को शपथ दिलायी. मुख्य अतिथि बीइइओ रीना कुमारी ने उपस्थित सदस्यों के बीच जीपीएफ प्रमाण पत्र का वितरण किया. उन्होंने संगठन के कार्यों की प्रशंसा की. झारोटेफ के प्रांतीय महासचिव उज्ज्वल तिवारी ने कहा कि वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार संगठन की मांग पर सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन, चाइल्ड केयर लीव तथा स्वास्थ्य बीमा लागू की है. उम्मीद है कि शिक्षकों एमएसपी तथा राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 साल की मांग पर भी सरकार ध्यान देगी. इस कार्यक्रम में बृजभूषण, प्रदीप कुमार, अविनाश, विजय, शफी आलम, सुभाष, मनोज, सुरेंद्र, बिनोद, निकिता, सीमा, विनिता, डोला, सोमनाथ आदि थे. कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन एक को रांची में कार्यक्रम में चार्टर्ड ऑफ डिमांड पर चर्चा हुई. एक सितंबर 2024 को रांची में आहूत कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन की तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया. जिला सचिव ने सदस्यता अभियान पर जोर दिया.

# दामोदरपुर के युवक की हत्या मामले में पत्नी व उसके प्रेमी को उम्रकैद

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के सोम नगर दामोदरपुर निवासी मुकेश कुमार पंडित की हत्या कर उसके शव को छिपाने के मामले में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने सजा पर फैसला सुनाया. अदालत ने नामजद आरोपी दामोदरपुर निवासी जेल में बंद उज्ज्वल शर्मा को उम्रकैद व 15 हजार रुपए जुर्माना तथा मृतक मुकेश की पत्नी नीलम देवी को उम्र कैद व दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनायी. अदालत ने 12 जुलाई को दोनों को दोषी करार दिया था. अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया. पिता ने दर्ज करायी थी प्राथमिकी-मामले में मृतक के पिता इतवारी पंडित की शिकायत पर धनबाद थाने में 26 मार्च 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. इसके मुताबिक 25 मार्च 2022 की रात मुकेश अपने घर में यह कह कर निकला कि वह रात में हरि कीर्तन सुनने करमाटांड़ जाएगा. आने में उसे देर होगी. मृतक मुकेश हटिया में पान दुकान चलाता था. परंतु रात को जब वह वापस नहीं आया तो घरवाले उसे ढूंढने लगे. दूसरे दिन सुबह उसकी बाइक दामोदरपुर के डहार कुल्ही स्थित फूटबॉल मैदान में गिरी मिली. वहीं उससे थोड़ी दूर स्थित बांसवाड़ी में उसका शव भी मिला. मुकेश की हत्या गोली मारकर की गई थी. उसके शरीर पर दो गोलियों के निशान थे. अनुसंधान के दौरान पुलिस ने उज्ज्वल को पकड़ा, जिसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व मोबाइल फोन बरामद किया गया. मोबाइल फोन की कॉल डिटेल से पता चला कि हत्या के पहले और हत्या के बाद भी उज्ज्वल का संपर्क मृतक की पत्नी नीलम देवी के साथ था. पुलिस ने 28 जून 2022 को दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. अभियोजन की ओर से 16 गवाहों का परीक्षण कराया गया था. महेंद्र हत्याकांड में सीबीआइ को गवाह पेश करने का आदेश धनबाद. बगोदर के माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड की सुनवाई सोमवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई. इस मामले में आरोपी रमेश मंडल उर्फ साकिन दा ट्रायल फेस कर रहा है. अदालत ने सीबीआइ को गवाह पेश करने का आदेश देते हुए साक्ष्य के लिए अगली तारीख तय कर दी. ज्ञात हो कि 16 जनवरी 2005 को माले विधायक महेंद्र सिंह की हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के पास बाइक सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चलाकर कर दी थी. मटकुरिया गोलीकांड में अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश धनबाद. मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई सोमवार को एमपी एमएलए के लिए गठित विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. केस अभिलेख साक्ष्य पर निर्धारित था. अभियोजन की ओर से सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने गवाह पेश करने के लिए समय मांगा. इस अदालत ने अगली तारीख निर्धारित कर दी. ज्ञात हो कि 27 अप्रैल 2011 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी. घटना में तत्कालीन एसपी आरके धान जख्मी हो गए थे. इस घटना में विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी. मारपीट व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में अधिवक्ता रिहा धनबाद. सरकारी काम में बाधा पहुंचाने व मारपीट के मामले में सोमवार को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय की अदालत ने भगत मोहल्ला कतरास निवासी अधिवक्ता राजीव सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया. ज्ञात हो कि वर्ष 2015 में पुलिस ने राजीव सिंह पर मारपीट और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया था.

## 8.30 लाख डाका मामले में अब तक नहीं मिला कोई सुराग

**देवघर, एजेंसी।** मधुपुर कुंडू बंगला रोड अवस्थित फ्लिपकार्ट कंपनी का सामान आपूर्ति करने वाले इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में आधा दर्जन से अधिक अपराधियों ने धावा बोलकर 8.30 लाख नगद, सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर और कर्मियों के मोबाइल लूट लिये। मामले में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार रात पांच की संख्या में अपराधी कार्यालय के बाहर पहुंचे और मुंह में गमछा लपेटने के बाद अंदर प्रवेश कर गए। अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाते हुए कार्यालय में काम कर रहे तीन कर्मियों को कब्जे में लेते हुए सभी का मुंह और हाथ बांध दिया। अपराधियों ने दो दिन की बिक्री का रखा नगद करीब 8.30 लाख रुपए और तीनों कर्मचारियों के मोबाइल लूट लिया। कर्मचारियों से अपराधियों ने मारपीट भी की। कार्यालय में रखे सामान को तोड़फोड़ करते हुए सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर उखाड़ कर अपने साथ ले गए। घटना के दौरान बारिश हो रही थी और बिजली भी नहीं थी। आसपास सन्नाटा था। घटना की सूचना पर एसडीपीओ सुमित सौरव लकड़ा, इंस्पेक्टर इंचार्ज सतीश गोराई पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। मामले की छानबीन करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। घटना के दौरान एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार खड़ी थी जो लगातार चालू थी।

# पैनिक बटन, सीसीटीवी; दिल्ली में मोहल्ला बसों का ट्रायल रन शुरू; फ्री में सफर करेंगी महिलाएं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में संकरी सड़कों पर भी यात्रियों को बसों की सुविधा मिलेगी। लंबे इंतजार के बाद दिल्ली सरकार ने सोमवार को मोहल्ला बसों का ट्रायल शुरू कर दिया। दो बसों के साथ दो रूटों पर एक सप्ताह यह प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान यात्रियों के सुझावों के आधार पर सेवा को बढ़ाया जाएगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि हम अगस्त में सेवा का विस्तार करेंगे। सरकार ने 2025 तक कुल 2180 मोहल्ला बसों को चलाने का लक्ष्य रखा है। ट्रायल शुरू करने के साथ परिवहन मंत्री ने कहा कि मोहल्ला बस सेवाओं की शुरुआत दिल्ली में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन बसों को सड़क की सीमित चौड़ाई और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में परिचालन के हिसाब से डिजाइन किया गया है। अब तक 2080 मोहल्ला बसों की खरीद के लिए आदेश जारी किया जा चुका है।

गहलोत ने कहा कि मोहल्ला बस उन सड़कों पर चलेंगी, जहां 12 मीटर की बसें नहीं जा सकती हैं। यदि जाती भी हैं तो वहां जाम जैसी स्थिति पैदा होती है। चूंकि, मोहल्ला बस सामान्य बस 12 मीटर की तुलना में तीन मीटर छोटी यानी 9 मीटर की होती है। इसे आसानी से संकरी सड़कों व भीडभाड़ वाले इलाकों में भी चलाया जा सकता है। वर्तमान में दिल्ली सरकार लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए डीएमआरसी से अधिग्रहित मेट्रो फीडर बसों का परिचालन कर रही है।

**एआई की मदद ली जाएगी :** परिवहन मंत्री ने बताया कि बस परिचालन के रूटों का हम बड़े स्तर पर आकलन कर रहे हैं। हम इसके लिए विशेषज्ञों के साथ आईआईटी दिल्ली की भी मदद ले रहे हैं, जो सड़कों पर लोगों की भीड़, सार्वजनिक परिवहन के आंकड़ों का आकलन करके रूट तय कर रहे हैं। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की भी मदद ली जा रही है। मेट्रो ने भी हमें 152 प्रस्तावित रूट दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो 2080 बसें आ रही हैं उसमें 1040 बसों का परिचालन डीटीसी और 1040 का डिम्ट्स करेगा।

**महिलाएं मुफ्त सफर कर सकेंगी:** मोहल्ला बस इलेक्ट्रिक होंगी। इनमें सुरक्षा के लिए पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरा और जीपीएस लगा होगा। बसें पूरी तरह से वातानुकूलित होंगी। बस में 23 सीट बैठने के लिए होंगी और 13 यात्री खड़े होकर भी यात्रा कर सकेंगे। बस में कुल 196 किलोवाट की बैट्री होगी। एक बार फुल चार्ज होने के बाद 120 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। मोहल्ला बसें हरे रंग की होंगी, जिनमें 25 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। मोहल्ला बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा मिलती रहेगी।

### ये हैं ट्रायल रूट

**अक्षरधाम से मयूर विहार फेज-3 :** अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन, दिल्ली पुलिस अपार्टमेंट, नोएडा मोड़, मयूर विहार फेज-1 मेट्रो स्टेशन, मयूर विहार फेज-1 एसटीए अथॉरिटी मेट्रो स्टेशन, पॉकेट-ए गुरुद्वारा, त्रिलोकपुरी-36 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी-26 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी-13 ब्लॉक, चांद सिनेमा, सुपर बाजार, कल्याण पुरी चौराहा, कोंडली मोड़, राजबीर कॉलोनी पुल नंबर-1, बड़ी मस्जिद पुल नंबर-2, गाजीपुर थाना, घरोली एक्सटेंशन, सपेरा बस्ती, मयूर विहार फेज-3 पेपर मार्केट।
**मजलिस पार्क से प्रधान एन्क्लेव :** प्रधान एन्क्लेव पुस्ता (लिटिल स्टार स्कूल), प्रधान एन्क्लेव ए-ब्लॉक, बाबा कॉलोनी पुस्ता, एपेक्स स्कूल, जगतपुर मोड़, मिलन विहार चौक, झोरडा पुलिस चौकी (कायाकल्प अस्पताल), संगम विहार गली नंबर-4, झरोदा मेट्रो स्टेशन, हरदेव नगर, बुराड़ी मेट्रो स्टेशन, बुराड़ी क्रॉसिंग, मुकुंदपुर चौराहा मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर ऐड, विदेश में नौकरी; नोएडा की कंपनी ने 400 युवाओं से ठगे करोड़ों रुपए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर दो में एक कंपनी खोलकर देशभर के युवकों को नामी आईटी कंपनियों में मोटे पैकेज पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 400 से अधिक युवकों से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया। इसके बाद उनको सात महीने का कोर्स और इनर्टर्नशिप करके पांच लाख से 40 लाख तक के पैकेज पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि इस दौरान ठगों ने एक बैंक से पीड़ित छात्रों के नाम तीन- तीन लाख रुपये का लोन कराने के बाद कंपनी बंद कर फरार हो गए। इसको लेकर पीड़ित युवक पुलिस के पास शिकायत लेकर गए। जब उनकी वहां पर सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की है। आईजीआरएस पोर्टल के जरिए दी गई शिकायत में आकाश गोल्धर, अनुप श्रीवास्तव, दीपक यादव सहित 50 अन्य युवक और युवतियों ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष तकनीकी और कंप्यूटर साइंस में अपना ग्रेजुएशन पूरा किया था। इसके बाद उनका कॉलेज से प्लेसमेंट नहीं हो पाया। इस दौरान सोशल मीडिया के जरिए सेक्टर दो स्थित एक कंपनी के संपर्क में आए। कंपनी ने युवकों को पे-आफ्टर प्लेसमेंट फुल स्टैक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम का कोर्स कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब वह लोग कोर्स को पूरा कर लेंगे तो उनका अमेरिका, जर्मनी, युके के साथ देश की नामी आईटी कंपनियों में अच्छा रिफ्रेंस हैं। इसके जरिए वह उनको पांच लाख से 40 लाख सालाना पैकेज पर नौकरी दिला देंगे। पीड़ित युवकों के मुताबिक इस दौरान ठगों ने झांसे में लेने के लिए कुछ फर्जी छात्रों का पैकेज दिखाया और उनसे ऑनलाइन क्लास भी कराया।

### विंटेज कार को बनाया बार ऑन व्हील्स, खुले में परोस रहे थे शराब; नोएडा पुलिस ने 4 को किया गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने चार लोगों को अवैध तरीके से बार ऑन व्हील्स चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों में बैंक्वेट हॉल के मैनेजमेंट स्टाफ का सदस्य भी शामिल है। आरोपी विंटेज कार में शराब परोसा करते थे। सेक्टर-73 स्थित शौर्य बैंक्वेट हॉल के पास सर्विस रोड ब्लॉक कर विंटेज कार से शराब परोसने के मामले में सेक्टर-113 थाना पुलिस ने एक्शन लिया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैंक्वेट हॉल के मैनेजमेंट और बार संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विंटेज कार भी जब्त कर ली गई है।

**चार गिरफ्तार:** एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि शौर्य बैंक्वेट हाल के बाहर आयोजकों द्वारा विंटेज कार से खुले में शराब का सेवन कराया जा रहा था। कार्रवाई करते हुए बैंक्वेट हाल के मैनेजमेंट व बार संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मेरठ के हैदर, कासगंज नई बस्ती के अर्जुन, जिला संभल के गांव शदीनरपुर के अजीत और विंटेज कार के मालिक नई दिल्ली के प्रतीक तनेजा हैं। विंटेज कार को सीज किया गया है।

**विंटेज कार को बनाया मोबाइल बार:** शातिरों ने विंटेज कार को बड़ी ही चालाकी से मोबाइल बार में बदला हुआ था। पुलिस ने बताया कि संदिग्धों ने रविवार को सेक्टर 73 स्थित शौर्य बैंक्वेट हॉल में एक शादी समारोह के दौरान मोबाइल बार सेटअप किया था। सेक्टर 113 थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया, यह कार्रवाई तब की गई ।

## आप से गठबंधन नहीं, बिजली के बढ़े दाम वापस नहीं लिए तो करेंगे प्रदर्शन; बोली कांग्रेस






**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में 'बढ़ोतरी' के खिलाफ सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिजली वितरण कंपनियों के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया और पीपीएसी में की गई 'वृद्धि' को वापस लेने की मांग की। अब कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी को चेताया है कि अगर बिजली के बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए गए तो पार्टी सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेगी।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, ये वो सरकार है जो कहती थी कि हम बिजली का बिल आधा करेंगे लेकिन आज बहुत दुख की बात है कि बिजली के बिल डबल हो गए। सरकार के कानों पर जू नहीं रेंग रही। अगर सरकार बढ़े हुए बिजली के दामों को वापस नहीं लेती है तो हें सड़कों पर उतरना होगा।

तिहाड़ में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत पर भी कांग्रेस नेता ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। देवेंद्र यादव ने कहा कि जेल प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री जेल में हैं तो ऐसे में उनकी सेहत का ख्याल रखना उनकी ड्यूटी है। यह जेल सीधे दिल्ली सरकार के अंदर ही आता है। इसपर राजनीति नहीं होनी चाहिए लेकिन उनके खाने-पीने और दवाइयों का ख्याल रखा जाना चाहिए।

**आप से गठबंधन नहीं - कांग्रेसः** देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी तैयारी कर रही है और इस चुनाव में आप से कोई गठबंधन नहीं है। देवेंद्र यादव ने कहा, हम शुरू से कहते आए हैं कि हमारा गठबंधन केंद्रीय स्तर पर लोकसभा चुनाव के लिए था। जब से चुनाव खत्म हुए हैं हम पूरी मजबूती के साथ दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर अपने संगठन को मजबूत कर रहे हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि दिल्ली के चुनाव में हमारा किसी से किसी तरह का कोई गठबंधन नहीं है।

## 18 शिकायतें दी, 1000 बाल मजदूर नहीं हुए आजाद

### एनजीओ की याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार से उस याचिका पर जवाब तलब किया जिसमें अधिकारियों से छापेमारी कर देशभर के विभिन्न हिस्सों से लाए गए करीब एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया है जिनसे कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने दिल्ली सरकार, राजस्व विभाग, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता रोहतास ने जनहित याचिका में दावा किया कि उसने अधिकारियों से दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी कर 245 बच्चों और 772 किशोरों को मुक्त कराने के लिए 18 शिकायतें दी जिनसे अति असुरक्षित और गंदे माहौल में रोजाना 12 से 13 घंटे काम कराया जा रहा है। रोहतास के मुताबिक वह गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सहयोग केयर फॉर यू' के काम का समर्थन करते हैं। याचिका में कहा गया है कि अधिकांश बच्चे तस्करी करके लाए गए हैं और वे जिन नियोक्ता के लिए काम करते हैं उनके साथ ही रहते हैं एवं उन्हें अत्यंत खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो उनके स्वास्थ्य और शारीरिक विकास के लिए हानिकारक है।

दिल्ली सरकार के स्थायी अधिवक्ता (दीवानी) संतोष कुमार त्रिपाठी ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता ने उन संपत्तियों का कोई उचित पता नहीं दिया है जहां बाल मजदूरों के काम करने का संदेह है। उन्होंने कहा कि पतों की पहचान किए बिना प्राधिकारियों द्वारा कार्रवाई मुश्किल हो सकती है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आज तक उन्हें केवल तीन उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) के साथ बैठक के लिए पत्र प्राप्त हुआ है। त्रिपाठी ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि याचिकाकर्ता सोमवार को ही एसडीएम (मुख्यालय) से मिलें। इस पर पीठ ने कहा, अदालत को इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा और इस मुद्दे पर अदालत के पूर्व के निर्णयों को ध्यान में रखेगा।

### डूब रहा था बेटा, पिता लोगों से मदद की लगाता रहा गुहार; देवदूत बनकर आए पूर्व कमांडो ने बचाई जान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंदिरापुरम में गौर ग्रीन के सामने नहर में डूब रहे युवक की वहां से गुजर रहे नेवी के पूर्व मरीन कमांडो धनवीर सिंह नेगी ने जान बचाई है। इस दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर नहर में छलांग लगा दी और युवक को बचा लिया। उन्होंने सीपीआर देकर व पेट में भरा पानी निकालने के बाद युवक को उसके पिता को सौंप दिया। बाद में परिजन उसे अस्पताल ले गए। नहर में डूब रहे युवक के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, मिलन विहार अभयखंड में रहने वाले पूर्व नेवी मरीन कमांडो धनवीर सिंह नेगी ने बताया कि वह सोमवार शाम लगभग सवा चार बजे स्कूटी पर नोएडा स्थित कार्यालय से घर लौट रहे थे। इस दौरान जब वह गौर ग्रीन के पास नहर पटरी पर पहुंचे तो लोगों की भीड़ देखकर रूक गए। उन्होंने देखा कि एक युवक नहर में डूब रहा था और उसके पिता लोगों से उसे बचाने की गुहार लगा रहे थे। मामला समझते ही वह बगैर देर किये नहर में कूद गए और डूब रहे युवक को बाहर निकाल लाए। उन्होंने बताया कि युवक के पेट में भरा पानी निकालने और सीपीआर देने के बाद युवक को उसके पिता को सौंप दिया जो उसे ई-रिक्शा में लेकर चले गए। इस दौरान युवक के पिता ने उनका हाथ जोड़कर शुक्रिया अदा किया। नहर में डूबने वाला युवक कौन था और वह नहर में गिर पड़ा या फिर खुद कूदा, इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि कूदने के दौरान उनकी हथेली और कोहनी चोटिल हो गए।

## नूंह में फिर माहौल बिगाड़ने की साजिश, बृजमंडल यात्रा पर भड़काऊ बातें करने वाले ताहिर पर एफआईआर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नूंह जिले में 22 जुलाई से शुरू हो रही बृजमंडल यात्रा (जलाभिषेक) को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने ताहिर नामक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट किया था, जिससे क्षेत्र में माहौल बिगड़ने की आशंका थी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 जुलाई को नूंह में प्रस्तावित जलाभिषेक यात्रा को पुलिस की सोशल मीडिया सेल की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है। सेल में तैनात पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नजर रख रहे हैं। इस बाबत सोशल मीडिया सेल नूंह में तैनात सिपाही मनोज कुमार ने 14 जुलाई को थाना साइबर क्राइम नूंह में एक शिकायत दी।

इसमें उसने बताया कि ताहिर नामक युवक ने यात्रा से पहले एक भड़काऊ पोस्ट फेसबुक अकाउंट पर अपलोड किया था। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने सोशल मीडिया पर लोगों से किसी प्रकार की अप्रिय बातें पोस्ट नहीं करने की अपील की है। हाल ही में गौरक्षक और विवादित हिंदूवादी नेता बिट्टू बजरंगी ने दावा किया था कि उसे बृजमंडल यात्रा में शामिल होने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पिछले साल इसी यात्रा के दौरान नूंह में हिंसा भड़की गई थी जिसकी चपेट में गुरुग्राम से फरीदाबाद तक आ गए थे। हिंसा के दौरान कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी तो करोड़ों की संपत्ति भी जलाकर राख कर दी गई। ऐसे में पुलिस इस बार सतर्क है और सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। पिछली बार हिंदू और मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए ही एक दूसरे को भड़काया था।



## कांवड़ यात्रा के लिए दिल्ली से हरिद्वार को 5 स्पेशल ट्रेन चलेंगी, 4 गाड़ियों को मिला विस्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आगामी 22 जुलाई से शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसमें चार गाड़ियों को हरिद्वार तक विस्तार दिया गया है। वहीं, पांच मेला स्पेशल ट्रेनों को भी चलाने का निर्णय लिया गया है। 14 रेलगाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव के साथ कुछ गाड़ियों में अतिरिक्त डिब्बे भी लगाए जाएंगे।

उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता दीपक कुमार के अनुसार, हरिद्वार में आयोजित होने वाले कांवड़ मेले को ध्यान में रखते हुए 22 जुलाई से 19 अगस्त के बीच अतिरिक्त रेल गाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। इसके लिए तीन खाली रैक तैयार रखे गए हैं।

**इन गाड़ियों के रूट बढ़ाए गए:** उन्होंने बताया कि दिल्ली जंक्शन से शामली के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 04465/66 को हरिद्वार तक चलाया जाएगा। यह गाड़ी 21 जुलाई से 3 अगस्त तक दिल्ली जंक्शन से हरिद्वार जाएगी, जबकि 22 जुलाई से 4 अगस्त तक हरिद्वार से वापस दिल्ली आएगी।

गाड़ी संख्या 04403/04 सहारनपुर दिल्ली जंक्शन स्पेशल ट्रेन को हरिद्वार तक विस्तार दिया गया है। यह गाड़ी 22 जुलाई से 3 अगस्त तक दिल्ली जंक्शन से हरिद्वार जाएगी, जबकि 23 जुलाई से 4 अगस्त तक हरिद्वार से दिल्ली जंक्शन आएगी। मेला विशेष रेलगाड़ी के रूप में गाड़ी संख्या 04324 हरिद्वार से दिल्ली जंक्शन तक 29 जुलाई से 2 अगस्त के बीच चलेगी।

वहीं, गाड़ी संख्या 04323 दिल्ली जंक्शन से हरिद्वार इस अवधि के दौरान जाएगी। गाड़ी संख्या 04330 ऋषिकेश से दिल्ली जंक्शन के बीच 29 जुलाई से 2 अगस्त तक चलेगी। इस अवधि के दौरान ही गाड़ी संख्या 04329 दिल्ली जंक्शन से ऋषिकेश के बीच चलेगी।

# बदमाश वसीम पर हमले के कारण मारे गए अब तक 3 बेगुनाह

## जीटीबी अस्पताल फायरिंग मामले में चौंकाने वाला खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के एक बदमाश वसीम के लिए छिड़ी गैंगवार में अब तक 3 बेगुनाहों की जानें जा चुकी हैं। रविवार को पूर्वी दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती मरीज रियाजुद्दीन की हत्या कर दी गई थी। सोमवार को बड़ा खुलासा हुआ कि 12 जून को भी वसीम पर वेलकम इलाके में हमला हुआ था, जिसमें वसीम समेत 70 वर्षीय दो बुजुर्ग गोलीबारी में घायल हो गए थे। उसके बाद से ही वसीम इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती है, जबकि दोनों बुजुर्गों की मौत हो गई।



पुलिस के अनुसार, घटना के समय दोनों बुजुर्ग शरीफ व सुल्तान फुटपाथ पर सो रहे थे और गैंगवार की चपेट में आ गए। इस दौरान वसीम का एक साथी आसिफ भी घायल हो गया था। गोलीबारी करने वाले 3 बदमाशों फैजान, मोहसिन व जुनैद को उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तब वसीम बच गया था और उसका जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इसी के चलते उस पर दोबारा हमला किया गया।

**ऐसे धोखा खा गए हमलावर :** जीटीबी अस्पताल के वार्ड संख्या 24 में रियाजुद्दीन के अलावा वसीम का भी इलाज चल रहा था। वसीम के पेट में गोली लगी थी और रियाजुद्दीन को पेट में इन्फेक्शन के चलते सर्जरी की गई थी। दोनों के पेट पर पट्टी बंधी हुई थी। इसके साथ ही वार्ड संख्या 24 के दोनों तरफ एक-एक बाथरूम है। आरोपियों ने अस्पताल में किसी से वसीम के बारे में पूछा तो उसने बाथरूम के बराबर का बेड बताया, लेकिन जब आरोपी वार्ड में पहुंचे तो वहां उन्होंने पहले बाथरूम को छोड़कर दूसरे बाथरूम की बराबर में लगे बिस्तर पर भर्ती मरीज पर हमला कर दिया। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ की एक कर्मचारी रियाजुद्दीन की मरहम-पट्टी कर रही थी। आरोपियों ने उन्हें धक्का देने के बाद रियाजुद्दीन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। अस्पताल पहुंचे आरोपी फैजान, मोइन और 18 वर्षीय एक लड़का शामिल होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि उसी लड़के ने रियाजुद्दीन पर गोलियां चलाईं। हालांकि, पुलिस अभी इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। एक टीम जांच में जुटी हुई है।

**नाबालिग हो सकता है गोली चलाने वाला आरोपी :** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वह लड़का नाबालिग भी हो सकता है, इसलिए उसके नाम का खुलासा नहीं किया गया है। गौरतलब है कि वसीम और उसके साथी आसिफ पर गत 12 जून को हाशिम बाबा गैंग से दुश्मनी के चलते ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हमला किया गया था। इसमें दोनों बुजुर्गों की जान चली गई थी, जबकि चार गोलियां लगने के बाद भी वसीम की जान बच गई। सूत्रों के अनुसार, यह वारदात भी समीर बाबा के इशारे पर की गई थी। पुलिस इस दिशा में भी जांच आगे बढ़ा रही है। इसी

**अस्पताल में भर्ती वसीम की सुरक्षा बढ़ाई :** जीटीबी अस्पताल में रविवार हुई वारदात के बाद पुलिस अधिकारियों ने वसीम को ज्यादा सुरक्षित वार्ड में शिफ्ट कर दिया है। यहां 24 घंटे के लिए दो पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

### यमुना सिटी में बसावट बढ़ाने को यीडा ने बनाया सबसे अधिक आवासीय योजना वाला यह खास प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना प्राधिकरण (यीडा) वर्ष 2024-25 में सबसे बड़ा दाव आवासीय परियोजना पर लगाएगा। इसे लेकर प्राधिकरण ने खाका भी तैयार कर लिया है। यमुना सिटी में बसावट बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने आवासीय और बीएचएस परियोजनाओं से 2596 करोड़, ग्रुप हाउसिंग से 1642 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। वहीं कई योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी भी चल रही है। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि इस साल के अंत तक जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान शुरू हो जाएगी। वहीं, दिसंबर तक शहर में 250 से अधिक औद्योगिक इकइयां शुरू करने का भी लक्ष्य रखा गया है। शहर के औद्योगिक सेक्टर 28, 29, 32, 33 में तेजी से कंपनियों का निर्माण कार्य चल रहा है। वीवो समेत कई बंडी कंपनियों का संचालन शुरू हो चुका है। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

पेरिस ओलंपिकः

# सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिला आसान ड्रॉ

## वरीयता के साथ पदक पर दांव लगाने उतरेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के लिए बैडमिंटन के ड्रॉ कुछ दिन पहले निकले थे, लेकिन उसमें पुरुष डबल्स के ड्रॉ की घोषणा नहीं हुई थी। अब 26 जुलाई से शुरू हो रहे इन खेलों के लिए डबल्स वर्ग के ड्रॉ की घोषणा भी हो गई है और सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी को अनुकूल ड्रॉ मिला है। थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सात्विक और चिराग की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है।

### सुनवाई के कारण पुरुष डबल्स के ड्रॉ हुए थे स्थगित

ड्रॉ में जोड़ियों की संख्या को लेकर खेल पंचाट (कैस) की सुनवाई के कारण शुक्रवार को पुरुष डबल्स ड्रॉ स्थगित कर दिया गया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था को ड्रॉ स्थगित करना पड़ा क्योंकि कैस ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) को आदेश दिया कि कोर्वी और लेबर की जोड़ी को ओलंपिक खेलों में शामिल करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सिफारिश की जाए। फ्रांस की जोड़ी के शामिल होने से पुरुष ड्रॉ में शुरुआती 16 की जगह अब 17 जोड़ियां होंगी।




### सात्विक-चिराग की जोड़ी ग्रुप-सी में

स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी।

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जर्मनी की 31वें नंबर की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की फ्रांस की दुनिया की 43वें नंबर की जोड़ी से भी भिड़ना है। ओलंपिक में बैडमिंटन स्पर्धाएं 27 जुलाई से शुरू होंगी।

### सिंधू-प्रणय को मिला था आसान ग्रुप

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय को आसान ग्रुप में जगह मिली थी। रियो खेलों में रजत पदक और उसके बाद टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को 10वीं वरीयता दी गई थी। वहीं, विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनिषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को महिला डबल्स में मुश्किल ग्रुप सी में जगह मिली थी।

# सीपीएल 2024 के लिए सभी टीमों ने किया अपने स्क्वाड का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए सभी छह टीमों ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 अगस्त से हो रही है। जहां कुल 34 मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान ये छह टीमें सीपीएल के खिताब के लिए आपस में भिड़ेंगी। कैरेबियाई टूर्नामेंट की सभी छह टीमों ने रिटेंशन और प्री-सीजन साइनिंग के माध्यम से अपना ज्यादातर काम करने के बाद आगामी सीजन के लिए अपनी टीमों की पुष्टि की। जहां कई खिलाड़ियों को ड्राफ्ट के माध्यम से चुना गया है।

### अमेरिका के स्टार खिलाड़ी को मिला मौका

Republic Bank CPL CARIBBEAN PREMIER LEAGUE

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में यूएसए के स्टार आरोन जोन्स के दमदार प्रदर्शन के कारण उन्हें कैरेबियन प्रीमियर लीग का कॉन्ट्रैक्ट मिला है, क्योंकि बल्लेबाज को सीपीएल 2024 ड्राफ्ट में सेंट लूसिया किंग्स ने साइन किया है। जोन्स ने बारबाडोस पासपोर्ट के साथ स्थानीय खिलाड़ी के रूप में 2021 के उपविजेता के लिए खेलेंगे। इस बार सभी टीमें काफी संतुलित नजर आ रही हैं। जिसके कारण काटें की टक्कर होने की पूरी उम्मीद की जा सकती है। ऐसे में आइए सभी छह टीमों के पूरे स्क्वाड पर एक नजर डालें।

### सीपीएल 2024 ड्राफ्ट के बाद सभी टीमों की पूरी लिस्ट

#### बारबाडोस रॉयल्स

रोवमैन पॉवेल, जेसन होल्डर , डेविड मिलर, क्विंटन डी कॉक , महेश थीक्षाना, एलिक अथानाज़े, नवीन-उल-हक, ओबेद मैकॉय, केविन विकम, केशव महाराज , कदीम एलेने, रहकीम कॉर्नवाल, इसाई थोर्न, नाथन सीली, नईम यंग, रिवाल्डो क्लार्क, रेमन सिमंड्स

#### गुयाना अमेजन वारियर्स

इमरान ताहिर , शिमरोन हेटमायर , सैम अयूब, शाई होप , रोमारियो शेफर्ड, आज़म खान , गुडाकेश मोटी, रहमानुल्लाह गुरबाज़, कीमो पॉल, ड्वेन प्रीटोरियस, केविन सिंक्लेयर, रेमन रीफ़र, रोनाल्डो अलीमोहम्मद, शमर जोसेफ, केवलन एंडरसन, मैथ्यू नंदू, जूनियर सिंक्लेयर

#### एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स

इमाद वसीम, ब्रैंडन किंग, फैबियन एलन, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद आमिर , क्रिस ग्रीन, फखर जमान , रोशन प्राइमस, जस्टिन ग्रीव्स, हेडन वॉल्श, जाहमार हैमिल्टन, टेडी बिशप, कोफी जेम्स, शमर स्प्रिंगर, केल्विन पिटमैन, ज्वेल एंड्रयू, जोशुआ जेम्स

#### सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स

काइल मेयर्स, वनिन्दु हसरंगा, रिली रोसोउ, एविन लुईस , शेरफेन रदरफोर्ड, सिकंदर रजा, नुवान तुषारा, आंद्रे फ्लेचर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोमिनिक ड्रेक्स, मिकाइल लुइस, ओडियन स्मिथ, जोशुआ दा सिल्वा, वीरासैमी परमाउल, रयान जॉन, एशमीड नेड, जोहान लेने

#### सेंट लूसिया किंग्स

हेनरिक क्लासेन , फाफ डु प्लेसिस , अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेस, नूर अहमद, डेविड विसे, भानुका राजपक्षे, मैथ्यू फोर्ड, आरोन जोन्स, खारी पियरे, खारी कैंपबेल, जोहान जेरेमिया, शैड्रैक डेसकार्टे, मिकेल गोविया, मैकेनी क्लार्क, अकीम ऑगस्टे

#### ट्रिनबागो नाइट राइडर्स

कीरोन पोलार्ड, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन , निकोलस पूरन, टिम डेविड, अकील होसेन, जेसन रॉय , ड्वेन ब्रावो , जोश लिटिल, वकार सलामखेल, जेडन सील्स, अली खान, मार्क डेयाल, कीसी कार्टी, टेरेंस हिंड्स, नाथन एडवर्ड, शकेरे पैरिस

# चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की वॉर्नर की पेशकश खारिज

- ऑस्ट्रेलिया बोर्ड ने कहा- उन्हें पूरी तरह रिटायर्ड मान लिया गया है



**मेलबर्न, एजेंसी।** डेविड वॉर्नर ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। पाकिस्तान में 2025 में होने वाली वनडे चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में डेविड वॉर्नर के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। वॉर्नर ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा था कि वह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अगर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चाहेगा तो वह पाकिस्तान में वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में खेल सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के नेशनल सेलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा कि हमारा समझना यह है कि डेविड रिटायर हो चुके हैं और जिस तरह से उनका तीनों फॉर्मेट में करियर रहा है उसकी सराहना की जानी चाहिए। हमारी रणनीति यह है कि वह पाकिस्तान में नहीं होंगे।

**वॉर्नर ने टी-20 वर्ल्ड कप के बाद संन्यास ले लिया था:** वॉर्नर ने टी-20 वर्ल्ड कप के बाद अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। वहीं उन्होंने जनवरी में कहा था कि पिछला साल वनडे विश्व कप जीतने के साथ ही उनका इस फॉर्मेट में करियर समाप्त हो गया है। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास का ऐलान पहले ही कर चुके थे।

**वॉर्नर का योगदान काफी महत्वपूर्ण:** जॉर्ज बेली ने वॉर्नर की वापसी के संबंध में कहा कि आप कभी नहीं बता सकते कि वे कब मजाक कर रहे हैं। उनका करियर शानदार रहा है, जिसका जश्न मनाना मुश्किल है। मेरे ख्याल से जैसे-जैसे समय बीतेगा, वैसे-वैसे हम ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में उनके योगदान पर विचार करते रहेंगे। वो एक महान खिलाड़ी हैं और उनकी विरासत यूं ही आगे बढ़ती रहेगी। जहां तक इस टीम की बात है, यहां कुछ नए और उभरते हुए खिलाड़ी सामने आएंगे। तीनों फॉर्मेट में यह बदलाव का सफर रोमांचक रहने वाला है।

**वॉर्नर 3 बार वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा:** वॉर्नर 3 बार वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे हैं, इसमें 2015 और 2023 का वनडे वर्ल्ड कप और 2021 का टी-20 वर्ल्ड कप शामिल है। वॉर्नर 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे।

स्विट्ज़रलैंड के

# स्टार जेरदान ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विट्ज़रलैंड के स्टार खिलाड़ी जेरदान शकीरी ने सोमवार को यूरो 2024 की समाप्ति के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। अपने 14 साल के लंबे सफर को खत्म करने की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी। 32 वर्षीय खिलाड़ी को हाल ही में जर्मनी में संपन्न हुए यूरो 2024 के लिए स्विस टीम में चुना गया था। रोसोक्रोसियाटी ने टूर्नामेंट में औसत प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल राउंड में अपनी यात्रा समाप्त की।

### यूरो 2024 में जेरदान का प्रदर्शन

क्लब फुटबॉल में उन्होंने बेसल, बायर्न म्यूनिख, इंटर मिलान, स्टोक सिटी, लिवरपूल और ल्योन के लिए खेला है। वर्तमान में वह शिकागो फायर एफसी के साथ मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में खेल रहे हैं। स्विटजरलैंड ने यूरो 2024 के राउंड ऑफ 16 में इटली को 2-0 से हराया। हालांकि, वे पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से दुखद हार के बाद क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड से हार गए। यूरो 2024 में शकीरी ने स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ एक गोल किया, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की करने में मदद मिली।

### सोशल मीडिया के जरिए की संन्यास की घोषणा

शकीरी ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। उन्होंने कहा कि 14 साल की यात्रा के बाद राष्ट्रीय टीम को अलविदा कहने का उनका समय आ गया है। शकीरी ने लिखा, सात टूर्नामेंट, कई गोल, स्विस राष्ट्रीय टीम के साथ 14 साल और अविस्मरणीय क्षण। राष्ट्रीय टीम को अलविदा कहने का समय आ गया है। शानदार यादें बनी हुई हैं और मैं आप सभी से कहता हूं। धन्यवाद।

Sri Lanka Cricket

# श्रीलंका में जुलाई में होगा आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका 19 से 22 जुलाई तक कोलंबो में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह पहली बार होगा जब आईसीसी का वार्षिक आयोजन एशियाई क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट ने अपने बयान में कहा कि दुनिया भर के 108 आईसीसी सदस्य देशों के 220 से अधिक प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि यह सम्मेलन क्रिकेट प्रशासकों और दुनिया भर के हितधारकों का एक शिखर सम्मेलन है। आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन खेल की रणनीतिक दिशा, प्रशासन और दुनिया भर में क्रिकेट के विकास पर चर्चा के लिए मंच प्रदान करता है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी सम्मेलन की थीम ओिलंपिक अवसर को भुनाना होगा, जहां विविधता और समावेश, पर्यावरणीय स्थिरता और खेल और लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट की वापसी जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# लीजेंड क्रिकेट चैंपियन जीतने के बाद फंस गए युवराज, रैना और भज्जी... पुलिस कर रही है जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के 3 पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ दिल्ली के अमर कॉलोनी थाने में शिकायत दर्ज किया गया है। दर्ज शिकायत में एक एनजीओ की ओर से पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह, युवराज सिंह और सुरेश रैना पर दिव्यांगों का मजाक उड़ाने और अपमान करने का आरोप लगाया गया है।

### लीजेंड क्रिकेट चैंपियन में दर्ज की थी जीत

हाल ही में इंग्लैंड में समाप्त हुई लीजेंड क्रिकेट चैंपियन में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है। इसके बाद हरभजन ने इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वह तीनों दिव्यांग की तरह चल रहे हैं। इस पर दिल्ली में दिव्यांग के लिए काम करने वाले एक एनजीओ ने तीनों क्रिकेटरों के खिलाफ अमर कॉलोनी थाना पुलिस को शिकायत दी है। एनजीओ ने शिकायत में आरोप लगाया कि वीडियो में तीनों खिलाड़ी दिव्यांग लोगों का अपमान करते नजर आ रहे हैं, इसलिए तीनों के खिलाफ केस दर्ज होना चाहिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।





पेरिस ओलिंपिक

# ओलिंपिक के लिए ये कैसी तैयारी !

## भारत के टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा सपोर्टिंग स्टाफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जर्मनी के सारब्रकेन में पेरिस ओलिंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है। ओलिंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ नेशनल कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं। इसके अलावा सरकार ने टीम के साथ जाने के लिए चार निजी कोचों को मंजूरी दी है चूंकि महिला टीम की तीनों सदस्य निजी कोच ले जाना चाहती हैं। नौ सदस्यीय सहयोगी स्टाफ में दो मालिशिये और एक फिजियो भी हैं जबकि छह खिलाड़ी (तीन महिला और तीन पुरूष) टीम में हैं। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ अपने निजी कोच लेकर जाएंगी। तीन सदस्यीय पुरूष टीम में भारत के ध्वजवाहक अचंता शरत कमल के साथ उनके कोच क्रिस पेइफेर होंगे। हरमीत देसाई ओर मानव ठक्कर भी टीम में हैं।

# शौहरत, कप्तानी मिलने से बहुत बदल गए विराट कोहली: अमित मिश्रा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा ने एक इंटरव्यू पर विराट कोहली पर हैरानीजनक खुलासे किंग हैं जोकि भारतीय स्टार के फैंस को अच्छे नहीं लगेंगे। मिश्रा का कहना है कि प्रसिद्धि, शक्ति और कप्तानी हासिल करने के बाद पूर्व भारतीय कप्तान के व्यवहार में काफी बदलाव आया।

2015 और 2017 के बीच कोहली के नेतृत्व में खेलने वाले मिश्रा ने कोहली और वर्तमान भारत के कप्तान रोहित शर्मा के बीच एक अंतर पर बात की थी। मिश्रा ने कहा कि विराट कोहली प्रसिद्धि, शक्ति और कप्तानी पाने के बाद बहुत बदल गए। जब आप ताकतवर हो जाते हैं तो आप यह सोचने लगते हैं कि हर कोई स्वार्थ के लिए आपसे बात करना चाहता है। लेकिन मैं ऐसा नहीं हूं. विराट और रोहित का स्वभाव अलग-अलग है। अमित मिश्रा ने रोहित शर्मा के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते के बारे में विस्तार से बताया और इसे आनंदमय और मैत्रीपूर्ण बताया, जो क्रिकेट में




रोहित के शुरुआती दिनों की याद दिलाता है। मिश्रा ने कहा कि मैं आपको रोहित के बारे में सबसे अच्छी बात बताऊंगा।

जब मैं उससे पहले दिन मिला था और आज जब मैं उससे मिला, तो वह वही व्यक्ति है। तो, क्या आप उससे अधिक संबंध रखेंगे या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ जो स्थिति के अनुसार बदलता है? अनुभवी स्पिनर ने कहा कि नेतृत्व की भूमिका संभालने के बाद विराट कोहली के व्यवहार में आए बदलाव के कारण भारतीय टीम में उनके दोस्त कम रह गए थे। कोहली की यह धारणा कि दूसरे लोग उनके साथ स्वार्थी उद्देश्यों से बातचीत करते हैं, ने एक बाधा पैदा कर दी है, जिससे वह अपने कई साथियों से दूर हो गए हैं।

इससे पहले, भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी उल्लेख किया था कि उनका विराट कोहली के साथ वैसा रिश्ता नहीं है जैसा कि कोहली के सुपरस्टार बनने से पहले था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### मुख्य कैनाल के तटबंध में छेद होने से परेशानी

**अंबा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** उत्तर कोयल नहर मुख्य कैनाल के तटबंध में नवीनगर प्रखंड के देवी कांडी गांव के पास छेद हो गया है। विभागीय अधिकारी छेद का पता लगाने और इसे बंद करने की जुगत में है। इसको लेकर नहर का पानी कम किया गया है। यदि बुधवार की रात इस पर नियंत्रण स्थापित नहीं किया जा सका तो छेद का आकार बड़ा हो जाएगा, जो विभाग के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। जल संसाधन विभाग की टीम मजदूरों के साथ यहां आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। टीम में चीफ इंजीनियर जमील अख्तर, एसई अर्जुन प्रसाद सिंह, कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार, जेई नरेंद्र कुमार आदि हैं।

### अवकाश प्राप्त कार्यपालक अभियंता के घर चोरी

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** हसपुरा थाना के मनपुरा गांव के अवकाश प्राप्त पीएचईडी कार्यपालक अभियंता तपेश्वर चौधरी के घर रविवार की रात चोरी की घटना घटी। चोर घर में घुसकर मोटर पंप, रंगीन टीवी और गैस सिलेंडर ले गए। घटना की जानकारी हसपुरा थाने को दी गई। पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। रिटायर्ड अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ रांची में रहते हैं। समय-समय पर घर आते-जाते रहते है। तत्काल गांव के कृष्णा चौधरी घर की देखरेख कर रहे थे। चोरी की रात कृष्णा चौधरी घर में नही सोए थे। सुने घर में चोर पीछे से छत पर चढ़ गए और आंगन में उतर गए। आंगन में लगे चापाकल व मोटर पंप खोल लिए। बरामदे में लगा टीवी और गैस सिलेंडर भी ले गए। मंगलवार की सुबह जब कृष्णा चौधरी आए तो देखे कि घर से समान गायब है। उन्होंने इसकी सूचना मकान मालिक को दी। इस संबंध में उन्होंने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### संविदाकर्मियों के साथ सरकार कर रही है सौतेला व्यवहार

**गोह (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संविदाकर्मियों का आंदोलन जारी है। मंगलवार को जिला पार्षद शोभा देवी के प्रतिनिधि श्यामसुंदर धरना स्थल पर पहुंचे और उन्हें अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि 10 से 15 हजार मामूली वेतन में काम करने वाले संविदाकर्मियों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है, जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। उन्हें मामूली वेतन के साथ विभाग के द्वारा परेशान किया जा रहा है। मोबाइल पर तीन समय हाजिरी बनाना सम्भव नहीं है। उन्होंने कर्मियों को मांग पर अडिग रहने और उनका साथ देने का आश्वासन दिया। धरना में शामिल कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर रिंकू कुमारी, मो.महताब आलम, अनुपम कुमारी, रेखा कुमारी, पूनम कुमारी, बेबी कुमारी, रेखा कुमारी, सोनकली कुमारी, वीणा कुमारी, मृदुला कुमारी, मुक्ता कुमारी, निधि कुमारी, मधुमाला कुमारी आदि थे।

# अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा के सफल एवं कदाचार मुक्त संचालन के लिए समीक्षा बैठक

- 17 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें एक दिव्यांग के लिए विशेष केंद्र होगा।
- 19, 20 एवं 21 जुलाई को एकल पाली में आयोजित होगी, दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मंगलवार को समाहरणालय के योजना भवन में पुलिस अधीक्षक, स्वप्ना गौतम मेश्राम एवं अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन की अध्यक्षता में अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा टायर–3 के सफल एवं कदाचार मुक्त संचालन के मद्देनजर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि औरंगाबाद जिले में 19, 20 एवं 21 जुलाई को एकल पाली में यथा– 12:00 बजे मध्याहन से 02 :30 बजे अपराहन तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला मुख्यालय में 17 परीक्षा केंद्र में एक दिव्यांग के लिए भी केंद्र बनाये गये हैं। अपर समाहर्ता के द्वारा बताया गया कि परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के समय मध्याह्न 12:00 बजे से एक घंटा पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 11:00 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में किसी भी परिस्थिति में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दिया जाएगा। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि सभी केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्रों पर लाइट, पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, स्मार्ट वॉच एवं किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स आदि का प्रयोग वर्जित रहेगा। साथ ही सभी केंद्राधीक्षक यह आश्वस्त हो लेंगे कि सघन फ्रिस्किंग के उपरांत ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाय। अभ्यर्थियों को मुख्य गेट पर ही सघन जांच की जायेगी। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र व को परीक्षा के लिए जारी निर्देशों के अलावा अन्य कागज व इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाना वर्जित होगा। महिला अभ्यर्थियों के लिए फ्रिस्किंग के लिए केंद्राधीक्षक अधीक्षक के द्वारा एक अलग कक्ष अथवा घेरायुक्त स्थल की व्यवस्था की जाएगी। अपर समाहर्ता के द्वारा स्पष्ट बताया गया कि परीक्षा संचालन में संलग्न वीक्षकों तथा केंद्राधीक्षक को भी किसी भी परिस्थिति में परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उनके द्वारा बताया गया कि अध्यापक नियुक्ति परीक्षा के कदाचार मुक्त संचालन हेतु स्टैटिक, जोनल एवं उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है। साथ ही पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की भी पर्याप्त मात्रा में प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया है। प्रश्न पत्र का सील अभ्यर्थियों के समक्ष खोलने का निर्देश दिया है। सभी केंद्रों पर परीक्षा के मॉनीटरिंग को लेकर जिला अपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई है। इस समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह,सदर एसडीपीओ, सदर एसडीपीजीआरओ धर्मेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता आलोक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, सभी केंद्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईवा से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत

निजसंवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। घटना रफीगंज गोह पथ के तिनेरी मोड़ से करीब 200 मीटर आगे की है। जहां बीच सड़क पर चालक ने हाईवा रोक दिया, जिस कारण पीछे से आ रही बाइक उससे टकरा गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने रफीगंज पुलिस को फोन किया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर, एसआई वर्षा कुमारी, एसआई परमजीत कुमार मंडल सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान बंदेया थाना क्षेत्र के अवधेश यादव के 25 वर्षीय पुत्र सर्वोदय कुमार उर्फ माधव कुमार और दूसरे मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव निवासी सिद्धनाथ भगत के 35 वर्षीय पुत्र प्रभुनाथ उर्फ मनु कुमार के रूप में की गई है।घटना के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को रखकर करीब 3 घंटे तक सड़क जाम कर दिया। सड़क जामकर मृतक के परिजन मुआवजे की मांग एवं हवाई चालक के गिरफ्तारी का मांग करने लगे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक और हाईवे को जब्त कर थाना लाया।

मृतक सर्वोदय के पिता अवधेश यादव ने रफीगंज थाना में आवेदन देते हुए उल्लेख किया है कि मेरा लड़का रफीगंज से अपने मित्र डिहुरी गांव निवासी प्रभु नाथ के साथ अपनी बाइक बीआर02एक्यू8903 से घर आ रहा था। मेरे बेटे की गाड़ी के आगे हाईवा चल रहा था। चालक ने तिनेरी मोड़ से करीब 200 मीटर आगे बीच सड़क पर गाड़ी रोक दी। जिससे मेरे बेटे की बाइक हाईवा से टकरा गई। अवधेश यादव ने बताया कि घटना के बाद हाईवे चालक फरार हो गया। अगर उसी वक्त मेरे बेटे और उसके दोस्त को इलाज के लिए भर्ती करवा देता तो आज मेरा बेटा और उसका दोस्त जिंदा रहता। मृतक सर्वोदय उर्फ माधव बाइक रिपेयरिंग का कार्य करता था। मृतक प्रभुनाथ उर्फ मनु डिहुरी गांव के मोड पर फूल माला की दुकान चलाता था।

# औरंगाबाद में मुहर्रम की तैयारी में जुटे रहे युवा

**औरंगाबाद(का.सं.)।** मुहर्रम के मौके पर निकलने वाले जुलूस के पूर्व मंगलवार को भी इसकी तैयारी जारी रही। उर्दू की नवमी तारीख पर युवाओं ने सिपड़ जुलूस निकाला। पुरानी जीटी रोड पर भी काफी संख्या में युवा पहुंचे जिसके कारण यहां आवागमन भी प्रभावित हुआ। जुलूस में शामिल युवकों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया और कई तरह के करतब दिखाए। परंपरागत हथियारों के साथ युवा जुलूस में शामिल हुए। देर शाम तक यह कार्यक्रम चलता रहा। या हुसैन, या हुसैन की आवाज के साथ युवाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कुरैशी मुहल्ला, पठान टोली, टिकरी रोड, अली नगर, आजाद नगर, फारूकी मुहल्ला, इस्लाम टोली, नवाडीह, शाहगंज, दर्जी मुहल्ला, कलामी मुहल्ला, कबीर मुहल्ला, न्यू काजी मुहल्ला सहित विभिन्न मुहल्ले में मुहर्रम को लेकर युवाओं में उत्साह दिखा। ताजिया को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया गया कि बुधवार को मुहर्रम की दसवीं तारीख को ताजिया निकाला जाएगा। गुरुवार को कर्बला में इसका पहलाम होगा।

# सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में प्रवेश परीक्षा का आयोजन




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मंगलवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र पर जुलाई सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आपको बताते चले की बिहार सरकार, बिहार राज्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में संचालित होता है, जिसमें पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए बीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग इत्यादि की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन के लिए जांच परीक्षा का आयोजन किया गया, इसके सफल संचालन में प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक मोहम्मद मसउद आलम (विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग) प्रेम शंकर गोंड (सहायक प्राध्यापक राजनीतिक विज्ञान विभाग), रमेश सिंह (सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग), अर्सलान खान, चंदन कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

# राम लखन सिंह यादव कॉलेज में मना वन महोत्सव

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** मंगलवार को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट के द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद जिले के उप समाहर्ता (परिवीक्षा) मिस्टर रितेश यादव उपस्थित रहे। उप समाहर्ता (परिवीक्षा) साहब ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए वनो के महत्त्व बिहार सरकार के योजना तथा छात्र एवम छात्राओं को पर्यावरण संबंधी जानकारी भी दी। वे राम लखन सिंह महाविद्यालय औरंगाबाद के एनसीसी कैडेट्स को ये भी बताएं की हम भी एयर विंग के एनसीसी कैडेट्स रह चुके हैं उनकी बातों को सुनकर सभी कैडेट्स में उत्साह और भी बड़ गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय रजक के द्वारा वृक्षारोपण कर के पारंभ की गई साथ ही महाविद्यालय के वर्सर डॉ विजय कुमार श्रीवास्तव ने भी वृक्षारोपण किया। कॉलेज के शिक्षकसंघ के सचिव तथा एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट विवेक कुमार ने भी वृक्षारोपण किए। कार्यक्रम में उप समाहर्ता (परिवीक्षा) रितेश यादव ने कॉलेज के सभी शिक्षक एवम शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्र एवम छात्राओं के बीच पेड़ पौधे का वितरण किया तथा उन्हें वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में मौजूद रहे बड़े बाबू डॉ जनार्दन सिंह, लालमोहन सिंह, डॉ अरुण कुमार, अकाउंटेंट विवेक कुमार, जितेन्द्र कुमार, तथा एनसीसी के एसयूओ सुमन कुमार, यूओ अंशु कुमार सिंह, पवन कुमार, आशीष कुमार, एसजीटी मनीष, प्रेम प्रभात, कैडेट्स भरत, सनी, निशा, गरिमा, अराधना, निखिल, विक्रम, अक्षय इत्यादि मौजूद रहें।

# एनसीसी कैडेट्सों ने किया पौधरोपण



निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** अनुग्रह नारायण कॉलेज के एनसीसी के कैडेट्स ने नबीनगर के अंतर्गत ग्राम रामनगर में शीशम, आम, आंवला, गुलमोहर, कटहल आदि के सौ से अधिक पौधे लगाए। एन सी सी प्रभारी लेफ्टिनेंट अक्षय जैन ने बताया कि 13 बिहार बटालियन के कर्नल आर के सिंह के नेतृत्व में बड़े स्तर पर हर कैडेट से पौधे लगवाने और सुरक्षित करने का कार्यक्रम किया जा रहा है। साल भर बाद इनके सुरक्षित बने रहने का प्रमाण पत्र भी वन विभाग से प्राप्त करने की योजना है। प्राचार्य डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने कैडेट्स एवं बटालियन के इस कार्य की सराहना करते हुए स्थानीय ग्रामीण लोगों को इस में शामिल करने की बात कही। महाविद्यालय के बरसर डॉ. मदन रजक ने स्थानीय मिट्टी एवं जलवायु और पौधों की अनुकूलता के हिसाब से पेड़ लगाने पर जोर दिया। लेफ्टिनेंट अक्षय जैन ने बताया कि कैडेट गांव गांव जाकर पौधरोपड़ करेंगे और एक साल में हजार से अधिक पौधे लगाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में सीनियर कैडेट अमरेंद्र, सचिन, नंदनी, रवि, प्रफुल्ल, शशिरंजन, अफसर, रीमा, अंशु, दीक्षा, काजल सहित स्थानीय स्तर पर अरुण, विशाल सिंह, निखिल कुमार, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

# जिले के 635 प्रधान शिक्षकों के वेतन पर रोक

**औरंगाबाद (का.सं.)।** ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर छात्रों की एंट्री कम होने को लेकर जिले के 635 प्रधान शिक्षकों के वेतन पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी गई है। इस आशय का पत्र प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार कर्ण ने जारी किया है। उनके द्वारा इस संबंध में दो पत्र जारी किए गए हैं। एक पत्र में उन स्कूलों के प्रधान शिक्षकों के वेतन पर रोक लगाई गई है, जिनकी एंट्री 50 प्रतिशत से कम है। ऐसे प्रधान शिक्षकों की संख्या 31 है। दूसरे पत्र में उन प्रधान शिक्षकों के वेतन पर रोक लगाई गई है।

# समीक्षा बैठक : दाउदनगर में 38 आवास अब तक अधूरे

- नियमितताओं के कारण लाभार्थियों पर कार्रवाई की जाएगी जिन्होंने आवास निर्माण की राशि लेने के बावजूद निर्माण पूरा नहीं किया।

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर प्रखंड कार्यालय सभागार में आवास पर्यवेक्षक अनूप कुमार वालीसा ने बैठक करते हुए आवास सहायक के कार्यों की समीक्षा की। आवास योजना की राशि निर्गत होने के बावजूद दाउदनगर प्रखंड में आधे-अधूरे निर्माण करने वाले लाभार्थियों पर कार्रवाई होगी। आवास योजना के तहत बेघर लोगों को घर दिया जाता है लेकिन कई बार लोगों की इसे लेकर अलग-अलग शिकायतें रहती हैं। दाउदनगर में भी आवास योजना में अनियमितता को लेकर बातें सामने आई हैं। प्रखंड में आवास योजना के लाभार्थियों ने दो किस्त लेने के बाद भी अब तक आवास का निर्माण नहीं किया है। वैसे नियम के अनुरूप राशि स्वीकृति के 12 महीने के अंदर आवास का निर्माण करना होता है। पहली किस्त स्वीकृति के साथ दूसरी किस्त प्लिंथ निर्माण के बाद और तीसरी किस्त की राशि छत स्तर तक निर्माण पूर्ण होने के बाद मिलती है। राशि लेकर घर नहीं बनाने वालों चार लाभुकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। दाउदनगर प्रखंड में 38 ऐसे लाभुक हैं जिन्होंने पहली और दूसरी किस्त लेकर आवास निर्माण नहीं करवाया है। मौके पर राहुल प्रकाश, विमलेश कुमार, कुमारी एकता, विक्रांत कुमार, कुमारी आरती, ज्योति कुमारी, मृर्गेंद्र कुमार, नीलेश कुमार, बृजबिहारी गुप्ता उपस्थित थे।

# बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड की पूर्व प्रमुख गीता सिंह के नेतृत्व में मध्यवर्ती पंचायत योजना समिति एवं क्षेत्रीय कार्यकारी समूह के गठन हेतू विशेष बैठक की तिथि निर्धारण के लिए बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति को ज्ञापन सौंपा गया।

उन्होंने बताया कि इस धारा के तहत 15 दिनों के अंदर विशेष बैठक बुलाने का प्रावधान है। इस मामले में उप प्रमुख रजन्ती देवी, पंस ईश्वर चौधरी, मुकेश सिंह, अरविंद चौधरी, शांति देवी, रिंकी देवी, नूर फातिमा आदि का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया है। कहा कि ऐसा न होने पर प्रखंड के राजनीतिक पर गहरा असर होने वाला है।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल हेतु सुझाव



क्या करें
- बरसात के पहले पशुओं के पशुशाला की छत की मरम्मति कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके।
- पशुशाला की खिड़कियाँ खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से बचने के लिये पंखों का उपयोग करें।
- पशुशाला में पशुओं के मल–मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन करें। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाईल के घोल से अवश्य साफ करें, जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टिरिया कम हो सके।
- पशुशाला में शुद्ध ताजा पानी पीने की व्यवस्था करें एवं चारा एवं पानी की व्यवस्था पशुशाला के नजदीक ही रखें।
- मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था नदी, तालाब आदि से दूर रखें।
- नियमित अन्तराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें।
- कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएँ।
- बरसात आने से पहले पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें।




क्या न करें
- पशुघर में आवश्यकता से अधिक पशुओं को एकत्रित न करें।
- बारिश के दौरान पशुओं को बाहर न निकालें।
- पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें जिससे मच्छर का प्रकोप न हो एवं परजीवी संक्रमण को रोका जा सके।
- जलाशय एवं चारागाह के रास्ते में पशुओं को न दफनाएँ।
- तालाबों एवं जलाशयों में पशुओं को न ले जायें।
- पशुओं को बिजली के खम्भे से न बाँधें और विद्युत उपकरणों से दूर रखें।

PR No.- 003971 (Animal)D. 2024-25

पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय
पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

# मुहर्रम पर्व को लेकर फ्लैग मार्च



निज संवाददाता

**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित जम्होर थाना द्वारा मुस्लिम भाइयों के महान पर्व मुहर्रम के निमित जम्होर थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया।सुरक्षा के मद्देनजर फ्लैग मार्च करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी लोग आपस में मिलजुल कर धूमधाम से पर्व मनाएं। किसी तरह के अफवाह पर ध्यान ना दें कोई तरह के कोई अफवाह फैलाए तो इसकी सूचना तत्काल थाना को दें। यह भी कहा कि मोहर्रम का जुलूस बिना डीजे के निकाला जाए। शांतिपूर्ण माहौल में सभी लोग आपस में मिलजुल कर पर्व को खुशियों के साथ मनाएं। फ्लैग मार्च में तीन दर्जन से अधिक आरक्षी बलों ने अपनी सहभागिता निभाई। फ्लैग मार्च पर जम्होर के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए थानाध्यक्ष की सराहना की। यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में पुलिस की सराहनीय भूमिका होती है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मुहर्रम पर्व पर कड़ी सुरक्षा रहेगी साथ ही डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंगलवार को पुलिस -प्रशासन द्वारा पूरे शहर में फ़्लैग मार्च निकाला गया। ड्रोन से हवाई सर्वे किया गया। सीओ भारतेंदु कुमार, एसडीपीओ सदर 2 अमित कुमार, प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर, एएसआई गुफरान अली ने दल-बल के साथ थाना परिसर से फ़्लैग मार्च निकाला। बडी दुर्गा मंदिर, मुख्य बाजार, मुरली चौक, स्टेशन रोड, महराजगंज मोड़, बस स्टैंड, थाना गली, अब्दुलपुर रोड, काली स्थान होते हुए थाना परिसर आकर संपन्न हुआ। विधि व्यवस्था बनाए रखने व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न करने के लिए रफीगंज क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से हवाई सर्वे किया गया। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। जुलूस की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। किसी तरह की गड़बड़ी समझ में आये तो तुरंत 112 डायल कर जानकारी दें। फ़्लैग मार्च में एसआई कुशो कुमार, वर्षा कुमारी, परमजीत मंडल, जिला पुलिस बल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' द्वारा भव्य काव्यानुष्ठान का हुआ आयोजन

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद में व्यवहार न्यायालय के वरीय अधिवक्ता योगेश मिश्र के आवास पर उनके अनुज राकेश मिश्र के पुत्र के अन्नप्राशन के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' ने काव्यनुष्ठान का आयोजन किया। उक्त संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह तथा बिहार प्रांत के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ ने कार्यक्रम की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन अनुज बेचैन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,अवकाश प्राप्त प्रो डॉ. रामाधार सिंह, समाजसेवी गुप्तेश्वर पाठक, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, अवकाश प्राप्त बीईओ सुमन अग्रवाल की गरिमामई उपस्थिति रही। काव्य पाठ की शुरुआत करती हुई गूगल अग्रवाल ने सरस्वर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।